सुप्रभात रांची, बुधवार 19.03.2025 चैत्र, कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 252 * * नगर संस्करण। पेज : 12 khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एकसाथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ



## अंतरिक्ष से सुनीता विलियम्स की घर वापसी

बुधवार तड़के करीब 3:27 बजे अंतरिक्ष यात्रियों के साथ ड्रैगन यान का कैप्सूल फ्लोरिडा के खाड़ी तट पर पैराशूट के साथ गिरेगा। जमीन पर आते ही वहां पहले से तैनात एक खरू कैप्सूल को रिकवर करेगा और अंतरिक्ष यात्रियों को जहाज से बाहर निकले में मदद करेगा। इसके तुरंत बाद सुनीता समेत चारों यात्रियों को जानसन स्पेश सेंटर ले जाया जायेगा। यह सेंटरनासा के मानव अंतरिक्ष उड़ान का संचालन करते है। पीएम मोदी ने सुनीता को लिखा भावुक पत्र, सुरक्षित वापसी की कामना की ।

रोजा का समय
सेहरी (20.03.2025): 04.31 बजे
इफ्तार (19.03.2025): 06.01 बजे

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

### सदन में उठा सिरमटोली सरना स्थल और पॉलिटेक्निक कॉलेजों की मान्यता का मामला

# सरहुल धूमधाम से मनेगा : हेमंत सोरेन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बजट सत्र की पहली पाली की कार्यवाही के दौरान सिरमटोली सरना स्थल आंदोलन और पॉलिटेक्निक कॉलेजों की मान्यता का मामला जोरशोर से उठा। इसको लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में खींचतान भी हुई। सूचना के तहत भाजपा विधायक सीपी सिंह ने सिरमटोली सरना स्थल को लेकर हो रहे आंदोलन का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि फ्लाईओवर के रैंप की वजह से सरहुल शोभायात्रा पर पड़ने वाले असर को देखते हुए आंदोलन हो रहा है। चूकि सदन में सीएम खुद मौजूद हैं, लिहाजा, उन्हें इस मामले का पटाक्षेप करना चाहिए। इस पर सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि सरहूल धूमधाम से मनेगा। उन्होंने कहा कि अलग-अलग सामाजिक संगठनों के माध्यम से उन्हें पूरे विषय की जानकारी मिली है। सभी संगठनों को आश्वस्त किया गया है कि उनको चिंता करने की जरुरत नहीं है। सरहुल मनेगा और बढ़िया से मनेगा।

उल्लेखनीय है कि सरना स्थल के पास सिरमटोली मेकॉन फ्लाईओवर के रैंप की वजह से पूजा स्थल की गतिविधि प्रभावित होने की आशंका जताते कई संगठन आंदोलन कर रहे है। सोमवार को केंद्रीय सरना स्थल सिरोमटोली बचाव मोर्चा के बैनर तले कई मंत्रियों व विधायकों का पुतला फूंका गया था।

### कॉलेज को मान्यता दिलाने में विपक्ष से सीएम ने मांगी मदद

सदन में पालिटेक्निक कॉलेजों की मान्यता के मामले में विपक्ष के सदस्यों से भी मदद मांगी। सीएम हेमंत सोरेन ने सुझाव दिया कि राज्य में इंडिया गठबंधन की सरकार है, जबकि केंद्र में विपक्ष की सरकार है। उनके ऊपर भी जवाबदेही है। सीएम ने कहा कि हमें आने वाली पीढ़ी के भविष्य को बेहतर बनाना है। राज्य सरकार का प्रयास जारी है। सीएम ने विभाग और मंत्री से कहा कि केंद्र से किये गये पत्राचार की जानकारी विपक्ष को दें, ताकि वे भी अपने सांसद और केंद्र की सरकार से बात करके अपूवल दिलाने की पहल करें। इससे पहले , सिसई से झामुमो विधायक जिगा सुसारन होरो ने ध्यानाकर्षण सूचना के तहत अपने विधानसभा क्षेत्र में निर्मित पॉलिटेक्निक भवन का मामला उठाया। उन्होंने सरकार से पूछा कि यहां पढ़ाई कब शुरू होगी। साल 2022 में जो जवाब आया था, वही जवाब आज भी मिला है। उन्होंने जानना चाहा कि क्या अप्रैल माह से 2025-26 के सत्र की पढ़ाई शुरू हो जायेगी। कब तक अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीइ) से मान्यता मिलेगी। इस पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि पॉलिटेक्निक कॉलेज के संचालन के लिये एआईसीटीई से मान्यता जरूरी है। प्रभारी प्राचार्य की नियुक्ति कर दी है। अपूवल मिलते ही पढ़ाई शुरू हो जायेगी।



मंगलवार को सदन में जाने से पूर्व मंत्री चमरा लिंडा और हफीजुल हसन ने सीएम हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन को पारंपरिक वाद्ययंत्र मांदर भेट कर सम्मानित किया।

### विस्थापन आयोग का गठन जल्द : बिरूआ

**रांची।** विधानसभा में मंगलवार को बजट सत्र के दौरान विस्थापितों की समस्याओं पर पर मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि विस्थापितों के लिए जल्द ही विस्थापन आयोग का गठन होगा। उनकी समस्या के समाधान के लिए कार्रवाई की जा रही है। लिखित शिकायत पर कार्रवाई की जायेगी। इससे पहले सदन में रौशन लाल चौधरी, प्रदीप प्रसाद और निर्मल महतो ने विस्थापितों का मुद्दा उठाया। रौशनलाल चौधरी ने कहा कि पीटीपीएस में 60 साल पहले जमीन का अधिग्रहण किया गया। रैयतों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि गैर मजूरवा जमीन का भी पेमेंट नहीं मिला है। रिक्यूजिशन पॉलिसी होना चाहिए। कमेटी बनाकर निष्पादन होना चाहिए। इस पर निर्मल महतो ने कहा कि मेरा 24 एकड़ रैयती जमीन चला गया। सिर्फ दो लोगों को ही नौकरी मिली। नया मुआवाजा दर लागू किया जाना चाहिये।

### भाजपा मदद को तैयार : बाबूलाल



सीएम के इस सुझाव पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सीएम को अच्छी तरह से मालूम है कि एआईसीटीई एक स्वतंत्र एजेंसी है। यह मामला 2022 से लटका है। इससे लगता है कि राज्य सरकार के स्तर पर ढंग से प्रयास किया ही नहीं गया है। सीएम को गंभीरता से प्रयास करना चाहिए। केंद्र में भाजपा की सरकार कहकर मामले को टालना सही नहीं है। फिर भी कहीं दिक्कत होगी तो जरूर मदद की जायेगी।

## न्यूज डायरी

### सदन में गिरिडीह घटना पर भाजपा का हंगामा

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में मंगलवार को गिरिडीह के घोड़थंबा में होली के दिन हुई घटना को लेकर हंगामा हुआ। कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायक वेल में आ गये और और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। सरकार और प्रशासन पर कई आरोप मड़े। कानून व्यवस्था पर विशेष चर्चा कराने की मांग की। इससे सदन की कार्यवाही बाधित भी हुई।

### तमाड़ के सप्लाई ऑफिसर घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने सप्लाई ऑफिसर अभिजीत चेल को पीडीएस का लाइसेंस रिनुअल करने के लिए 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार वह, पीडीएस दुकानदार धनंजय साहू से रिश्वत की मांग कर रहे थे। इसकी शिकायत पीड़ित ने एसीबी से कर दी। जांच के बाद एसीबी ने आरोप को सत्य पाया।

### पूर्व डीएसपी पर सीएम ने कार्यवाही का दिया आदेश

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने मंगलवार को एटीएस के तत्कालीन डीएसपी प्रदीप कुमार को निलंबित करते हुए उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का आदेश दिया है। सरकार के अनुसार उनके आचरण तथा कृत्यों से पुलिस की गरिमा पर खराब प्रभाव पड़ा है। प्रदीप कुमार पर बिहार के औरंगाबाद के एक युवक का आरोप था कि डीएसपी पीपी कुमार के उसकी पत्नी से नजदीकी संबंध हैं। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हैं।

### नागपुर हिंसा प्रायोजित थी, 50 अरेस्ट : सीएम

मुंबई। औरंगजेब की कब्र के खिलाफ प्रदर्शन के बाद हिंसा के संबंध में 50 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। कुछ हिस्सों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। वहीं, महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा, हिंसा पूर्व नियोजित थी।

## कोयला कारोबारी पर गोलीबारी मामले में शूटर सहित चार गिरफ्तार

### कई हथियार बरामद

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड के चर्चित कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा पर फायरिंग मामले में पुलिस ने तीन शूटर सहित चार को गिरफ्तार कर लिया है। कोयला कारोबारी पर 7 मार्च को अपराधियों ने फायरिंग की थी। डीआइजी सह रांची एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा ने इस मामले की तह में जाने और गिरप्तारी को ले कर एसआईटी का गठन किया था। जांच टीम को यह बड़ी सपळता मिली। सभी अपराधी अमन साहू गैंग के बताये जाते हैं। गिरप्तार अपराधियों के पास से कई घातक हथियार भी मिले हैं।

**अमन साहू गैंग के है सभी अपराधी :** रांची पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एनकाउंटर में मारे गये कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के गुर्गो ने ही बिपिन मिश्रा पर फायरिंग की थी। फायरिंग करने का आदेश भी अमन साहू ( अब मृत ) के द्वारा दिया गया था। जानकारी के अनुसार इस पूरे वारदात को प्रेम पांडेय के द्वारा अंजाम दिलवाया गया था। प्रेम पांडेय को रांची पुलिस ने राज्य के बाहर से गिरफ्तार किया है। वहीं फायरिंग करने वाले तीन अपराधियों को अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया गया है। कारोबारी पर पायरिंग में अपराधियों ने अत्याधुनिक पिस्टल का प्रयोग किया था।

**कार के कैमरे में हर अपराधी कैद :** बिपिन मिश्रा जिस कार में सवार थे, उसमें कई अत्याधुनिक फीचर्स थे, मसलन कार में कैमरा हर तरफ लगे हुए थे। जब अपराधियों ने कार पर फायरिंग की तो उस दौरान अपराधियों की हर तरह से तस्वीर कैमरे में कैद हो गयी।

### क्या है पूरा मामला

सात मार्च को रांची के बरियातू इलाके में बिपिन मिश्रा पर जानलेवा हमला किया गया था। बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने उनकी कार में ही निशाना बनाते हुए कई राउंड फायरिंग की थी। विपिन मिश्रा को दो गोलियां लगी थी। निजी और सरकारी बॉडीगार्ड ने जब अपराधियों पर जवाबी फायरिंग की तब वह फरार हो गये थे। फायरिंग के बाद अमन गैंग ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर घटना की जिम्मेदारी भी ली थी।

## कल्याण की जगह अधिकार विभाग हो नाम : कल्पना सोरेन

### सदन में मंईयां योजना के गुणगान पर पूर्णिमा साहू ने उठाये सवाल

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। एसटीए एससीए अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग और महिलाए बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की अनुदान मांग के समर्थन में झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने राज्य सरकार के कामकाज की जमकर तारीफ की। साथ ही अपने सुझाव के तहत सरकार से आग्रह किया कि कल्याण शब्द शासक और दास का बोध कराता है। ऐसे में इस विभाग का नाम अधिकार विभाग होना चाहिए। लोकतंत्र में ना कोई शासक होता है और ना ही कोई दास। उन्होंने मंईया सम्मान योजना की जम कर तारीफ की। वहीं भाजपा विधायक पूर्णिमा साहू ने इस पर कई सवाल खड़े किये. कल्पना सोरेन ने महिलाओं के हक और अधिकार की बात शिद्दत से की। वे कई बार भावुक हो गयीं। उन्होंने कहा कि कल्पना चावला, सुनीत विलियम्स ने अंतरिक्ष में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। संतोष यादव ने हिमालय को अपनी कदमों से कई बार नापा है। विभागों में महिलाओं को अलग से आरक्षण देने की बात हो रही है। सदन में भी आरक्षण देने की बात होती है, लेकिन कब तक इन सजावटी निर्णयों को ताली बजाकर स्वीकार करेंगे। कल्पना सोरेन ने कहा कि महिलाओं को शिक्षा और रोजगार चाहिए। बाकी का रास्ता खुद तय कर लेंगी। आखिर कब तक एक मंईयां अपने बच्चे को पोषण देने के लिए पैसे मांगने को विवश होती रहेगी।

उन्होंने कहा कि 24 वर्ष में पहली बार महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के तहत प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। पूछा जाता है कि मंईयां सम्मान के पैसे कहां से आयेंगे। दूसरे विभागों की राशि तो नहीं काटी जायेगी। (शेष पेज 11 पर)

### आदिवासियों पर जुल्म बढ़ा है : पूर्णिमा साहू

वहीं, कटौती प्रस्ताव के पक्ष में भाजपा विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि अबुआ सरकार के राज में आदिवासियों पर जुल्म बढ़ा है। संथाल में लव और लैंड जिहाद हो रहा है। बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ीं हैं। बांग्लादेशी घुसपैठ बढ़ा है। उन्होंने धर्मांतरण और बांग्लादेशी घुसपैठ रोकने के कुछ सुझाव दिये। आवासीय प्रमाण पत्र में पिता की जगह पति का नाम अनिवार्य किया जाये। संथाल में ओबीसी आरक्षण शून्य है, पर इस दिशा में कुछ नहीं हो रहा है। उन्होंने पूर्वती रघुवर सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियां भी गिनाये।

## देवघर के तेल डिपो में आग कई गांव खाली कराये गये



खबर मन्त्र संवाददाता

**देवघर।** जसीडीह स्थित इंडियन ऑयल के डिपो में भीषण आग लगी है। आग इतनी भायनक है कि आग की लपटों ने पूरे इंडियन ऑयल डिपो के कैंपस को अपनी जद में लिया है। आग की स्थिति भयावह को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने आसपास के गांव को खाली करवा लिया है। पूरे इलाके को चारों तरफ से घेर दिया गया है। इंडियन ऑयल डिपो के आसपास स्थित गांव के लोगों को प्रशासन द्वारा सुरक्षित बाहर निकलने का प्रयास किया जा रहा है। आग लगने की वजहों का पता नहीं चल पाया है। अग्निशमन ने बड़ी परेशानी के बाद आग पर कुछ हद तक काबू पा लिया है।




### दुनिया ने महाकुंभ के रूप में भारत के विराट स्वरूप का दर्शन किया

# ऐसे आयोजन नये संकल्पों की ओर ले जाते हैं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने प्रयागराज में गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती के त्रिवेणी संगम में हुए महाकुंभ को भारत के विराट स्वरूप का दर्शन बताया। साथ ही कहा कि यह पूरे विश्व में बिखराव की स्थितियों के दौर में एकता की ताकत का विराट प्रदर्शन था जिसे हमें निरंतर मजबूत करना है। संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा में महाकुंभ पर एक बयान में प्रधानमंत्री ने इसे देश की एकता, संस्कृति और सामर्थ्य का जीवंत उदाहरण बताते हुए कहा कि इस आयोजन ने पूरे विश्व को भारत की ताकत दिखाई। यह आयोजन हमें नये संकल्पों की ओर ले जाता है। उन्होंने महाकुंभ को सामाजिक भाईचारे और विरासत के गर्व का प्रतीक बताते हुए कहा



कि जब समाज अपनी परंपराओं से जुड़ता है, तो ऐसी भव्य तस्वीरें सामने आती हैं। यह हमारी ताकत, एकता और संस्कृति का उत्सव था, जिसे दुनिया ने देखा।

**भारत का विशाल स्वरूप, विश्व ने देखा :** पीएम मोदी ने कहा, मैं कोटि-कोटि देशवासियों को नमन करता हूं, जिनकी वजह से महाकुंभ इतना भव्य हुआ। गंगा को धरती पर लाने के लिए भागीरथ ने जो प्रयास किया था, वैसा ही महाप्रयास इस आयोजन में दिखा। मैंने लाल किले से सबका प्रयास की बात कही थी, और महाकुंभ में यह साकार हुआ। यह भारत की जनता की श्रद्धा और संकल्प का परिणाम है। पीएमने महाकुंभ को राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक बताते हुए कहा कि इसने देश के सामर्थ्य पर उठने वाली शंकाओं को खत्म कर दिया।

**आने वाली पीढ़ियां प्रेरणा लेती रहेंगी :** उन्होंने पिछले साल हुए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का जिक्र करते हुए कहा, राम मंदिर के बाद महाकुंभ ने यह साबित किया कि भारत अगले एक हजार साल के लिए तैयार है। यह हमारे इतिहास में एक ऐसा मोड़ है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के शिकागो भाषण, 1857 के स्वतंत्रता संग्राम, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के दांडी मार्च जैसे ऐतिहासिक पलों का उल्लेख करते हुए महाकुंभ को भी उसी कड़ी का हिस्सा बताया। (शेष पेज 11 पर)

### लोकसभा में बोले पीएम मोदी


प्रयागराज महाकुंभ को लेकर लोकसभा में पीएम मोदी ने अपने बयान में कहा कि महाकुंभ में हमने अपनी राष्ट्रीय चेतना के विराट दर्शन गये। जो नये संकल्पों की सिद्धि के लिए प्रेरित करती है। कुछ लोगों द्वारा हमारी क्षमता पर संदेह जताया था, उन्हें बड़ा झटका लगा। मोदी के बया के बाद बजट सत्र की कार्यवाही स्थगित कर दी गयी। अब अगली बैठक 19 मार्च को सुबह 11 बजे होगी।

## आधार से लिंक होगा वोटर आइडी

### चुनावों में ट्रांसपेरेंसी, एफिशियेंसी बढ़ाना उद्देश्य : इसीआइ

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में भारतीय चुनाव आयोग (आसीआइ) ने मंगलवार को वोटर आईडी (इपीआइसी) को आधार से जोड़ने पर चर्चा करने के लिए प्रमुख अधिकारियों और टेक्निकल एकस्पट्र्स के साथ बैठक की। इस बैठक में चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ-साथ केंद्रीय गृह सचिव, विधायी विभाग के सचिव, मीटीवाई के सचिव और वक्ळअक के उएड और ईसीआई के टेक्निकल एकस्पट्र्स शामिल थे। इस मुद्दे पर चुनाव आयोग निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों, जिला चुनाव अधिकारियों और मुख्य चुनाव अधिकारियों के स्तर पर सर्वदलीय बैठकों के लिए तैयार है।



बैठक में आयोग ने स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 326 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के प्रावधानों का सख्ती से पालन करेगी। सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के अनुरूप चुनाव आयोग ने इस बात पर जोर दिया कि आधार केवल पहचान के प्रमाण के रूप में काम करता है, नागरिकता के लिए नहीं।

(शेष पेज 11 पर)

## डीजीपी नियुक्ति मामले में दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई 25 मार्च को



**रांची।** झारखंड के डीजीपी पद पर आइपीएस अनुराग गुप्ता की नियुक्ति के खिलाफ दायर अवमानना याचिका की सुनवाई मंगलवार नहीं हो सकी। इस मामले की सुनवाई अब 25 मार्च को होने की संभावना है। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अनुराग गुप्ता की डीजीपी के रूप में नियुक्ति को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ बताते हुए अवमानना याचिका दायर की थी। इसकी सुनवाई 18 मार्च के सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायाधीश संजय कुमार और न्यायाधीश केवी विश्वनाथन की पीठ में होनी थी, लेकिन समयाभाव की वजह से इसकी सुनवाई नहीं हो सकी।

### विकास योजनाओं में सरकार का डिलीवरी मैकेनिज्म फिसड्डी

# 'मार्च लूट' की ओर बढ़ रही है राज्य सरकार: प्रतुल शाहदेव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि हेमंत सरकार मार्च लूट की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि 2024-25 के बजट में जनवरी तक बजट की राशि का सिर्फ 60 प्रतिशत हिस्सा खर्च हुआ था। तात्पर्य यह कि 2 महीने में अब 40 प्रतिशत राशि खर्च होने की तैयारी है। जबकि नियमों और परंपराओं के अनुसार मार्च में अधिकतर्म 15 प्रतिशत राशि की निकासी हो सकती है। उन्होंने कहा कि सबसे अफसोस जनक स्थिति



विकास से जुड़े विभागों की है। इसके बंदरबांट की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पहले से जल जीवन मिशन में फिसड्डी चल रही हेमंत सरकार ने मौजूदा बजट में तो सारी सीमाएं पार कर दी है। फरवरी तक पेयजल विभाग ने योजना और विकास की सिर्फ 10 प्रतिशत राशि ही खर्च की है। 4500 करोड़ रुपयों के विभाग के बजट के तुलना में फरवरी तक सिर्फ 438 करोड रुपये खर्च हुये हैं। ऐसी स्थिति में कई पेयजल योजनायें भी अटक गये हैं। जल जीवन मिशन के लिए केंद्र सरकार झारखंड सरकार को बहुत बार नसीहत दे चुकी है। अभी भी झारखंड के लगभग लाख घरों में नल से जल नहीं पहुंच पाया है। उन्होंने कहा कि हर घर नल योजना में राष्ट्रीय औसत से 25 प्रतिशत पीछे है झारखंड। उन्होंने कहा कि झारखंड में 62,55,717 घर है। अभी तक सिर्फ 34,19,100 में नल से जल पहुंचा है। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में इस योजना की स्थिति शर्मसार करने वाली है। अब तक 10 महीना में सिर्फ 1,89,845 घरों में नल से जल पहुंचा है। राज्य सरकार के द्वारा केंद्र से मिले पैसे का यूटिलिटी सर्टिफिकेट नहीं देने के कारण योजना पर ग्रहण लग गया है। उन्होंने कहा राज्य सरकार को कड़े कदम उठा कर मार्च में वित्तीय नियम और कानून का कड़ाई से पालन कराया जाये। फिर भी भाजपा इस पूरे प्रकरण पर कड़ी नजर रखेगी।

### सदन में गिरिडीह घटना पर हंगामा, बाबूलाल मरांडी बोले

# तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं राज्य सरकार के मंत्री

**संसदीय कार्य मंत्री बोले- ऐसे मामलों में राजनीति करना उचित नहीं**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मंगलवार को गिरिडीह की घटना को लेकर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। वेल में घुसकर नारेबाजी की गयी। इसके बाद स्पीकर को एक घंटे के लिए कार्यवाही भी स्थगित करनी पड़ी। इसके पूर्व नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हमारे क्षेत्र में सुनियोजित तरीके से घटना घटी। पुलिस मूकदर्शक बनी रही। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति की



भी हद होती है। 80 लोगों पर केस दर्ज किया गया। इसमें 40 हिंदू और 40 मुसलमान हैं। जिन 22 लोगों की गिरफ्तारी हुई है, उसमें भी 11 हिंदू हैं और 11 मुसलमान। हिंदु के पास न पत्थर था न पेट्रोल बम। जिन लोगों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की उनपर केस होना चाहिये। बाबूलाल मरांडी लॉ एंड ऑर्डल पर बहस कराने को लेकर अड़े रहे। राज्य में कानून व्यवस्था बिगड़ रही है। ईद है सरहुल भी है और रामनवमी भी। प्रश्नकाल छोड़कर बहस करायें।

**सुनियोजित ढंग से सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने की कोशिश की गयी: सुदिव्य सोनू**

मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि संप्रादायिक सौहार्द्र बिगाड़ने की सुनियोजित ढंग से कोशिश की गई। जिला प्रशासन के साथ किसने हाथापाई की। इसपर प्रदीप यादव ने कहा कि हिंदू और मुसलमानों को दो भागों में बांट कर राजनीति करने की आदत भाजपा की रही है। संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण ने कहा ऐसे मामलों में पक्ष और विपक्ष संवेदनशील होते हैं। जिस दिन गृह विभाग के अनुदान मांग पर चर्चा होगी, उस दिन इस पर भी चर्चा होगी। ऐसी घटना को लेकर राजनीति करना उचित नहीं है।

## भाजपा सर्व स्पर्शी और सर्व समावेशी पार्टी : कर्मवीर सिंह

**नागेश्वर पासवान के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा है कि सर्व स्पर्शी समाज का निर्माण ही उनका लक्ष्य है। श्री सिंह मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक मात्र पार्टी है जो भारत के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है। राष्ट्र प्रथम के भाव से भाजपा कार्यकर्ता भारत को विकसित भारत बनाने में लगे है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक भारत श्रेष्ठ भारत की सोच साकार हो रही है। भाजपा ही अंत्योदय के साथ विकसित भारत के संकल्प को पूरा करना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा जाति क्षेत्र को राजनीति से ऊपर उठकर सर्व स्पर्शी और सर्व समावेशी पार्टी है।भाजपा सबका साथ सबका विकास पर आगे बढ़ रही है। प्रदेश सदस्यता प्रभारी राकेश प्रसाद ने उपस्थित लोगों को ऑनलाइन सदस्यता ग्रहण कराई। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों का नेतृत्व नागेश्वर पासवान ने किया।

मौके पर बालमुकुंद सहाय, आरती कुजूर, राफिया नाज, अनिल टाइगर आदि उपस्थित थे।

## पीएम मोदी से मिले राज्यपाल राजभवन की पत्रिका भेंट की



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मंगलवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्य के विकास व विधि-व्यवस्था से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री को राजभवन द्वारा प्रकाशित राज भवन पत्रिका की प्रति भेंट की। बताते चलें कि यह पत्रिका 31 जुलाई 2024 से 31 जनवरी 2025 तक झारखंड राजभवन की विभिन्न गतिविधियों पर आधारित है।

## ईडी ने पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के खिलाफ मांगी अभियोजन स्वीकृति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सरकार से राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति मांगी है। ईडी ने उन्हें 15 मई 2024 को लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

आलमगीर आलम की गिरफ्तारी ग्रामीण विकास विभाग के तत्कालीन मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम से पूछताछ में मिले तथ्यों की जांच के बाद हुई थी। वीरेंद्र राम ने पूछताछ के दौरान ग्रामीण विकास मंत्री सहित अन्य को विकास योजनाओं की राशि में कमीशन देने की बात स्वीकार की थी। वीरेंद्र राम से मिली सूचनाओं में आगे की जांच पड़ताल के बाद ईडी ने आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव लाल और मंत्री के करीबी जहांगीर आलम के ठिकानों पर छापा मारा था।

इस छापेमारी के दौरान जहांगीर के ठिकानों से 32 करोड़ रुपये नकद जब्त किये गये थे। ईडी ने जहांगीर के ठिकानों से जब्त रुपये का संबंध तत्कालीन ग्रामीण विकास मंत्री से बताया था। छापेमारी के दौरान संजीव लाल के ठिकानों से विकास योजनाओं में कमीशन की राशि की वसूली का विस्तृत ब्योरा मिला था। इसके बाद ईडी ने तत्कालीन मंत्री को समन पर पूछताछ के लिए बुलाया था। दूसरे दौर की पूछताछ के बाद उन्हें 15 मई की रात को गिरफ्तार किया गया था। फिलहाल तीनों जेल में हैं।


**शपथ पत्र**

मैं, बिजेता अग्रवाल पत्नी शंभू कुमार अग्रवाल, निवासी बरवाटोली चौक लोहरदगा, पीओ + पीएस. लोहरदगा जिला लोहरदगा का स्थायी निवासी हूं। लोहरदगा नोटरी पब्लिक के शपथ पत्र संख्या 9150 दिनांक 08 मार्च 2025 के तहत कहना है कि मैं पासपोर्ट संख्या H9795247 की पासपोर्ट धारक हूं जिसमें मेरा नाम कुमारी बिजेता लिखा है लेकिन मेरे पासपोर्ट की वैधता समाप्त हो चुकी है। कहना है कि मैं पैन कार्ड संख्या CIRPB8116 M धारक हूं जिसमें मेरा नाम बिजेता अग्रवाल लिखा है और मेरे यूआईडी कार्ड संख्या 836078776785 में भी मेरा नाम बिजेता अग्रवाल लिखा है। कहना है कि मुझे सभी लोग बिजेता अग्रवाल उर्फ कुमारी बिजेता नाम से जानते हैं और दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।


## पारा शिक्षकों का मानदेय बढ़े : जयराम



**रांची।** जेकेएलएम विधायक जयराम महतो ने सरकार से पारा शिक्षकों के मानदेय में वृद्धि और स्थायीकरण की मांग की है। उन्होंने कहा कि लगभग 60 हजार पारा शिक्षकों को वर्तमान राज्य सरकार से न्याय की उम्मीद है। साथ ही पारा शिक्षकों के आकस्मिक निधन पर उनके परिवार को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि पारा शिक्षक पिछले दो दशकों से झारखंड की शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ रहे हैं। पारा शिक्षकों ने न केवल विद्यालयों में पढ़ाई के कार्य में अपनी भूमिका निभाई है। बल्कि जनगणना, मतगणना और अन्य सरकारी कार्यों में भी अपना योगदान दिया है।

## पुलिस अफसरों की कमी को लेकर अभियोजन निदेशालय ने डीजीपी को लिखा पत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पुलिस पदाधिकारी के नहीं होने से गवाहों को कोर्ट में पेश करने और उनकी गवाही दिलाने में परेशानी हो रही है। इस समस्या को दूर करने के लिए अभियोजन निदेशालय ने झारखंड के डीजीपी को पत्र लिखा है।



पत्र में कहा गया है कि राज्य के जिला अभियोजन कार्यालयों में पदस्थापित लोक अभियोजकों और प्रभारी लोक अभियोजकों को सहायक उपलब्ध नहीं होने के कारण कोर्ट में अभियोजन कार्यों के संपादन में काफी कठिनाई हो रही है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव केस के ट्रायल और डिस्पोज पर पड़ रहा है।

**केस पर पड़ता है असर**

अभियोजन निदेशालय ने पत्र में लिखा कि समय समय पर उप निदेशक और अभियोजन जिलों में पदस्थापित लोक अभियोजकों और प्रभारी लोक अभियोजकों के साथ वादों के निपटारे की मासिक समीक्षा बैठक करते हैं। समीक्षा के दौरान अभियोजकों ने बताया जाता है कि सहायक के अभाव में गवाहों को कोर्ट में पेश करने और उन्हें गवाही के लिए तैयार करने में काफी कठिनाई होती है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव अभियोजन केस पर पड़ता है।

**पुलिस पदाधिकारी देने की मांग**

पत्र में कहा गया कि अभियोजन कांडों का गुणवतापूर्ण व सफल संचालन के लिए लोक अभियोजकों और प्रभारी लोक अभियोजकों को कम से कम एक-एक सक्षम पुलिस पदाधिकारी की अत्यंत आवश्यक्ता है, जो कोर्ट में गवाहों को पेश करने और उनको गवाही देने के लिए तैयार कर सके।


**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan,Kutchery Chowk,Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878; e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

NIT No: - JUIDCO/NIT/Chhtr-Hari/UWSS/651
Date: 18th Mar-25
Tender ID: - 2025_UDD_98897_1 PR No.: 347110

**Corrigendum- 1**

All bidders are hereby announced that Corrigendum- 1 is released for tender having details as mentioned for the project of **"Chhatarpur & Hariharganj Integrate Urban Water Supply Scheme with 5 years of Operation and Maintenance"**. The bidders are advised to consider the same before submission of their bids against the tender.

Note: Corrigendum- 01 can be referred from the e-tender site of Govt. of Jharkhand i.e., (https://jharkhandtenders.gov.in)

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 348647 Urban Development and Housing(24-25).D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI**
NirupanBhawan,3rd Floor,Room No. 401,56-Set,Doranda,Ranchi-834002

Invitation of Proposal (e-Procurement Tender Notice)
Letter of Invitation (LOI) No.-18/2024-25, 1st Call
e-Tender Ref No. RCD/PID/RANCHI/18/2024-25 Date:-18.03.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report (DPR) and Project Management Consultancy (PMC) for the Construction of a Skywalk/Glass bridges under Package I and II in the State of Jharkhand |
| 2 | Tentative Length & width | 45-m-long, 3-m-wide (each bridge) |
| 3 | Period of Completion of Work | 45 Days |
| 4 | Cost of Tender documents | Cost of tender documents is Rs.10000/- (Ten Thousand only) EARNEST MONEY DEPOSIT :Rs. 1,20,000 (Rs.One lakh twenty thousand only) irrespective of participation in either a single package or both the packages. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(https://jharkhandtenders.gov.in/) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 19.03.2025,10:30 AM |
| 7 | Date of Pre Bid Conference | 28.03.2025 (In the Chamber of CE, CDO, RCD, 1st Floor, Nirupan Bhawan, Doranda, Ranchi-834002) |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Bid | 09.04.2025 upto 17:00 hrs |
| 9 | Date and Time of Technical Bid opening | 11.04.2025 at 17:30 hrs |
| 10 | Date and Place of Presentation of Concept Plan (Part of Technical Evaluation) | 15.04.2025 (In the Office of Road Construction Department, Jharkhand, Ranchi.) |
| 11 | Bid validity | 120 days |
| 12 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division, RCD, Ranchi, Mob No.-9471650883 |

Note:- Only e-Tender shall be accepted.

Executive Engineer, Planning & Investigation Division, Road Construction Department, Ranchi.

PR 348648 Road(24-25)#D


## पेयजल व स्वच्छता विभाग का डोरंडा कार्यालय सील

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** 29 साल से बकाया राशि की वसूली करने की दिशा में कोर्ट ने सोमवार को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार के डोरंडा स्थित कार्यालय को पूरी तरह से सील कर दिया है। इससे पहले सिविल कोर्ट के नाजिर जीशान इकबाल ने कार्यालय में कार्य कर रहे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यालय को खाली करने का निर्देश दिया। कार्यालय खाली कर देने के बाद नाजीर की टीम ने चार कमरों वाले कार्यालय में ताला लगा दिया। उक्त कार्रवाई अवर न्यायाधीश प्रथम चंद्रभान कुमार की अदालत द्वारा एग्जीक्यूशन केस नंबर 16-2002 में पारित आदेश के आधार पर की गयी है। यह मामला हिनू रांची स्थित सिंह इलेक्ट्रिकल एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा दर्ज कराया गया था। दर्ज मामले में कोर्ट से अनुरोध किया गया था कि मध्यस्थ द्वारा उसके पक्ष में 51 लाख रुपया का भुगतान करने का निर्देश दिया गया है।

आवेदन में कहा गया है कि सिंह इलेक्ट्रिकल एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा वर्ष 1994-95 में गुमला जिले में चापाकल गाड़ने का काम किया था। यह कार्य पेयजल के तत्कालीन क्षेत्रीय मुख्य अभियंता ने निविदा आमंत्रित कर उन्हें सौंपा था। यहां 60 फीसदी कार्य संपादित कर दिया गया था। इसका भुगतान वाटर एवं सेनेटरी विभाग द्वारा अभी तक नहीं किया गया। इसके बाद सिंह इलेक्ट्रिकल एंड कंस्ट्रक्शन विभाग के संचालक ने उक्त बकाया राशि की वसूली करने के लिए पहले आर्बिट्रेटर के समक्ष मामला दर्ज कराया।

### डायरेक्टर मध्यान भोजन प्राधिकार ने सभी जिलों से मांगे प्रतिवेदन

# गैस सिलेंडर से वंचित स्कूलों को मिलेगा सिलेंडर और चूल्हा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रधानमंत्री पोषण योजना से आच्छादित स्कूलों में एलपीजी गैस सिलेंडर और चूल्हा उपलब्ध कराया गया है। सरकारी निर्देश के बाद भी पीएम पोषण योजना से आच्छादित राज्य के कई स्कूलों में आज भी एलपीजी गैस सिलेंडर और चूल्हा उपलब्ध नहीं कराया गया है। इसे गंभीरता से लेते हुए झारखंड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकार के निदेशक शशि रंजन ने राज्य के सभी जिला शिक्षा अधीक्षकों को निर्देश दिया है कि वह 25 मार्च से पहले ऐसे स्कूलों की सूची उपलब्ध करा दें, जहां अब तक एलपीजी गैस सिलेंडर



और चूल्हा की आपूर्ति नहीं की गई हो। उन्होंने कहा है कि विभिन्न माध्यमों से जानकारी मिली है कि आज भी राज्य के पीएम पोषण योजना से आच्छादित कई स्कूल ऐसे हैं, जहां एलपीजी गैस सिलेंडर और चूल्हा उपलब्ध नहीं है। सभी जिला शिक्षा अधीक्षकों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा है कि अपने-अपने जिले में पीएम पोषण योजना से आच्छादित स्कूलों में एलपीजी गैस सिलेंडर एवं चूल्हा की आवश्यकता का आकलन कर पत्र के साथ संलग्न प्रपत्र में 25 मार्च तक रिपोर्ट उपलब्ध करा दें। स्कूलों के लिए यह अंतिम मौका होगा। इसके बाद इस मद में किसी तरह की राशि उपलब्ध नहीं कराई जाएगी।

उन्होंने लिखा है कि राज्य के सभी जिलों के डीएसई इसे प्राथमिकता देते हुए ऐसे विद्यालयों की सूची उपलब्ध करायें, जहां पूर्व में विद्यालय द्वारा एलपीजी गैस सिलेंडर एवं चूल्हा की खरीद नहीं की गई हो या किसी बात कारणवश विद्यालय में एलपीजी गैस सिलेंडर और चूल्हा उपलब्ध नहीं है। ऐसे सभी स्कूलों को समय रहते खाना बनाने के लिए गैस सिलिंडर और चूल्हा उपलब्ध करा दिया जायेगा।

## झामुमो लगातार हो रहा मजबूत: विनोद

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने मंगलवार को कहाकि झामुमो परिवार लगातार मजबूत हो रहा है। लोगों की जनाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पार्टी और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार संकल्पित है। उन्होंने कहा कि झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन के मार्गदर्शन और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए विभिन्न क्षेत्रों से लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। चतरा जिला अंतर्गत बचरा क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता बबलू सागर मुंडा के नेतृत्व में काफी लोगों ने केंद्रीय कार्यालय में झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ली। सदस्यता लेने वालों में म्सुनील मुंडा, अनिल उरांव, अनीश, रतन महतो, रविन्द्र साव, दिनेश महतो, निखिल, राजा सिंह, उपेंद्र कुमार एवं विक्रांत मुंडा के साथ अन्य लोग शामिल थे।

# बजट सत्र के दौरान सदन में नये परिसीमन पर हुई चर्चा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एसटी, एससी, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अनुदान मांग पर जवाब देते हुये विभागीय मंत्री चमरा लिंडा ने 2026 में होने वाले परिसीमन का मामला उठा दिया। जिसपर लंबी बहस हुई। मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि 2002 में केंद्र में भाजपा की सरकार थी। तब परिसीमन के तहत छह आदिवासी सीटें घटाने की तैयारी हो चुकी थी। उस वक्त शिबू सोरेन ने पीएम से मिलकर तर्क पेश किया था। उन्होंने कहा था कि आदिवासी जंगल और पहाड़ में रहते हैं। वहां जनसंख्या नहीं घटी है।

उन्होंने बताया कि सिसई और बिशुनपुर में जनसंख्या नहीं घटी है। जनसंख्या बढ़ रही है शहरों में। वहां सीटों की संख्या घटायें। तब पीएम ने 2008 में अमेंडमेंट कर दिया। इस वजह से झारखंड बच गया। फिर 2026 में बाद परिसीमन आने वाला है। इसको रोकने के लिये विपक्ष का सहयोग जरुरी है।



**खतरे में आदिवासी, एनआरसी जरुरी : बाबूलाल**

परिसीमन का मामला उठते ही नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि एनआरसी कराना जरुरी है। सरकार को पहल करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि 1951 से 2011 के बीच हुये जनगणना के दौरान आखिर आदिवासियों की संख्या क्यों घटी है। दूसरी ओर मुस्लिम समुदाय की संख्या क्यों बढ़ी है। जाहिर है कि आदिवासी की जनसंख्या घटने पर विधानसभा, लोकसभा की सीटों के साथ-साथ नौकरियों पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सीट ना घटे, इसके पक्षधर हम भी हैं। लेकिन जब आबादी ही नहीं रहेगी तो आदिवासी एमएलए कैसे बनेगा। आबादी का संतुलन बिगड़ रहा है।

**परिसीमन रोकने में सबका मिला साथ : हेमलाल**

झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू ने कहा कि उस वक्त सोनिया गांधी, प्रणव मुखर्जी और लालकृष्ण आडवाणी ने आदिवासी हित में माना था कि झारखंड में परिसीमन कमीशन ना भेजा जाये। क्योंकि सीटें घटने से आदिवासी संस्कृति प्रभावित होती। उन्होंने विपक्ष से आग्रह किया कि डिलिमिटेशन को झारखंड में लागू होने से रोकने के लिये पहल करना चाहिये। बहस के दौरान मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुये कहा कि बिहार में पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण था। लेकिन, उनके कार्यकाल में यहां आरक्षण 14 प्रतिशत हो गया। वहीं कई जिलों में ओबीसी आरक्षण शून्य हो गया। जब 2011 के बाद जनगणना नहीं हुई है तो किस आधार पर नेता प्रतिपक्ष कह रहे हैं कि आदिवासियों की आबादी घटी है। मंत्री चमरा लिंडा कह रहे हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी नहीं घटी है। सिर्फ शहरों में आबादी कैसे घटी, कौन लोग रांची, जमशेदपुर, बोकारो, धनबाद और हजारीबाग में बाहर से आ गये। वैसे लोगों ने झारखंड की डेमोग्राफी बिगाड़ी है। इसपर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि एकीकृत बिहार में आदिवासी को 26 प्रतिशत आरक्षण नहीं मिलता था। राज्य विभाजन के बाद आरक्षण की व्यवस्था का बदलना था। एससी को 10 प्रतिशत आरक्षण मिला। चूकि 50 प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण नहीं मिल सकता था। इसलिये, ओबीसी को 14 प्रतिशत आरक्षण मिला। फिर भी 73 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया था। ओबीसी को 27 प्रतिशत देने की पैरवी की थी। लेकिन, कोर्ट में मामला गिर गया। ये सारी बातें फाइल में मौजूद हैं। जिन जिलों में आरक्षण शून्य है वहां 1991 से व्यवस्था लागू है। इसलिए इस तरह का आरोप लगाना कि मेरे शासनकाल में ओबीसी का आरक्षण घटा है, यह सही नहीं है। इस बीच ध्वनिमत से एसटी, एससी, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अनुदान मांग पारित हो गई। इससे पहले मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि आदिवासी समाज अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। अब मांदर की धुन बहुत कम सुनाई देती है। इसलिए सभी आदिवासी बहुल गांवों के लिये मांदर और नगाड़ा वितरित किया जायेगा।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...




नेपाली सेवा समिति, गोलमुरी, जमशेदपुर में नेपाली समुदाय की एक प्रमुख संस्था है, जो सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों का आयोजन करती है। समिति ने गोलमुरी कैंपस में बाबा पशुपति नाथ का एक मंदिर भी स्थापित किया है। यह मंदिर हिन्दू समुदाय में काफी प्रतिष्ठित हो चुका है। यह मंदिर काठमांडु के श्री पशुपतिनाथ मंदिर की तर्ज पर बना है। समिति का उद्देश्य नेपाली संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित और प्रोत्साहित करना है। समिति परिसर में नव वर्ष धूमधाम से मनाया जाता है। समिति द्वारा दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाता है, जिसमें पूजा समिति का गठन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और समाज के मेधावी बच्चों का सम्मान किया जाता है। समिति द्वारा श्री श्री सत्यनारायण पूजा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिसमें समाज के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुतियाँ दी जाती हैं। समिति महाशिवरात्रि जैसे धार्मिक अवसरों पर भी विशेष कार्यक्रमों का आयोजन करती है, जिसमें श्रद्धालुओं की भागीदारी होती है।

# मानगो पेयजल परियोजना के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की सफाई शुरू

- टनों मलबा निकल रहा है
- वर्षों से नहीं हुई थी सफाई
- मलबे के दुर्गंध से लोग परेशान
- प्रतिनिधियों ने जायजा लिया
- पड़ोसियों ने बताया कि करीब 50 किलो मछलियां भी निकलीं

**सरयू राय की चार घंटे तक चले औचक निरीक्षण का असर**



**फिल्टर प्लांट से गाद निकालते मजदूर।**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने 16 मार्च की रात साढ़े 11 बजे से ढाई बजे रात तक जो रात्रिकालीन निरीक्षण मानगो पेयजल परियोजना के इंटक वेल और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का किया था, उसके परिणाम अब सामने आने लगे हैं। उन्हें चार घंटे के इस औचक निरीक्षण में कई खामियां मिली थीं और इसका इजहार उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा नगर विकास विभाग के आला अफसरों के समक्ष किया था। राय की नाराजगी का मुख्य कारण था ट्रीटमेंट प्लांट और टंकियों का वर्षों से सफाई न होना। यह राय के इस दबाव का ही असर था कि वर्षों से साफ-सफाई से वंचित मानगो के जवाहरनगर, 15 नंबर स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का मंगलवार को साफ-सफाई प्रारंभ हुआ। विधायक राय के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि नीरज सिंह, पप्पू सिंह और संतोष भगत मंगलवार को जवाहरनगर, 15 नंबर स्थित पानी टंकी की सफाई का जायजा लेने स्थल पर गये। नीरज सिंह ने बताया कि मंगलवार को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की सफाई शुरू हुई। इस ट्रीटमेंट प्लांट से टनों के हिसाब से गंदा मलबा एवं कीचड़ निकाला गया। मलबे से बदबू इतनी आ रही थी कि दुर्गंध से नाक फटी जा रही थी। नीरज सिंह ने बताया कि अब सातों टंकियों की साफ-सफाई होगी। मौके पर मौजूद ठेकेदार के सुपरवाइजर अर्जुन शाही ने बताया कि सभी टंकियों की साफ-सफाई बहुत जल्द शुरू होगी। नीरज सिंह, पप्पू सिंह और संतोष भगत ने बताया कि मौके पर निकले मलबे से यह साफ पता चलता है कि साफ-सफाई को लेकर बीते वर्षों में कितनी उदासीनता बरती गई। उन्होंने सवाल किया कि क्या ऐसा ही पानी मानगो के लोग पीयेंगे? विधायक सरयू राय ने कहा कि कलमा पढ़कर मुसलमानों को बहलाने वाले और पर्व त्योहारों पर कालनेमि की भूमिका में आकर हिंदुओं को ठगने वालों ने यह नहीं सोचा कि यही पेयजल हिंदुओं और मुसलमानों के घर इसी प्लांट से होकर जाता है और पेयजल में शामिल गंदगी सभी के स्वास्थ्य पर समान प्रभाव डालती है। अबतक हुई गलतियों को हम सबके साथ मिलकर ठीक करेंगे।

### परिचालन टाटा स्टील यूआइएसएल को देना ही समाधान : विकास सिंह

भाजपा के पूर्व नेता विकास सिंह ने विधायक सरयू राय की विद्वता और नीयत दोनों पर ही सवाल उठाया है। जारी एक बयान में विकास सिंह ने कहा है कि मानगो का कोई ऐसा मोहल्ला नहीं जहां पानी की किल्लत नहीं। माननीय विधायक जी ने कहा कि मानगों पेयजल आपूर्ति योजना को मानगो नगर निगम को स्थानांतर कर देना चाहिए। जबकि सच्चाई यह है मानगो नगर निगम तो अपने मूलभूत कार्य साफ सफाई कचरा को उठाओ को सही तरीके से कर नहीं पाती हमारा तो मानना है कि टाटा स्टील की इकाई जुस्को को देनी चाहिए।

### मानगो फिल्टर प्लांट की सफाई हर वर्ष होती है, हवा बना रहे विधायक

फिल्टर प्लांट की सफाई के संदर्भ में भाजपा के पूर्व नेता विकास सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति एवं वीडियो जारी कर कहा कि ज्वाहर नगर रोड नंबर 15 स्थित मानगो पेयजल आपूर्ति योजना के फिल्टर प्लांट में कुल दो क्लेरिफायर बड़ी टंकी है जिसकी सफाई प्रत्येक वर्ष होती है कार्यालय में रखे रजिस्टर में सफाई की तिथि भी दर्ज है दो टंकी में से एक टंकी की सफाई 14 जनवरी 2025 को की गई थी और दूसरे की सफाई आज हुई है। विकास सिंह ने वीडियो जारी कर पहले टंकी की सफाई का प्रमाण भी दिया।

## स्पीड न्यूज

### टाटा मोटर्स के उत्तराखंड प्लांट के दौरे पर जायेंगे यूनियन पदाधिकारी

जमशेदपुर। टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन का पदाधिकारियों का एक समूह आज पंतनगर उत्तराखंड टाटा मोटर्स प्लांट विजिट के लिए प्रस्थान करेगी! जिसमें टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह महामंत्री आरके सिंह के साथ-साथ अनिल शर्मा, एसएन सिंह, आर आर दुबे, अशोक उपाध्याय, चंद्रकांत सिंह, अरविंद कुमार, नवीन कुमार, पीके दास सम्मिलित होंगे सभी पदाधिकारी 19 से लेकर 23 मार्च तक इंडस्ट्रियल टूर पर रहेंगे! इंडस्ट्रियल टूर के माध्यम से टाटा मोटर्स के अन्य प्लांट में होने वाले बेहतर प्रयासों को जमशेदपुर प्लांट में लागू करना और यहां के बेहतर अभ्यास को अन्य प्लांट के लोगों तक पहुंचाने का काम इस टूर के माध्यम से होना निश्चित है। इस पूरे टीम का कोऑर्डिनेशन कायम करने के लिए ई आर पदाधिकारी सुजीत झा भी इस टीम में सम्मिलित होंगे।

### राजेंद्र विद्यालय साकची में ओरिएंटेशन डे आयोजित



जमशेदपुर। लौहनगरी के प्रतिष्ठित राजेंद्र विद्यालय में मंगलवार को एलकेजी समेत तमाम कक्षाओं के छात्र-छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के माता-पिता भी मौजूद थे। कार्यक्रम में एलकेजी के बच्चों एवं उनके माता-पिता का स्वागत स्कूल प्रबंधन द्वार पर अनोखे अंदाज में किया गया। पूरे विद्यालय परिसर को नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आधार पर सजाया-संवारा गया था। इसके पश्चात सभी प्रधानाचार्या अनीता तिवारी से मिले। अंत में सभी छात्र केएनएस बिल्डिंग में आकर प्राइमरी इंचार्ज डी वाणी से मिले। इस अवसर पर बिहार एसोसिएशन के अध्यक्ष बीएन चौधरी, उपाध्यक्ष डॉ एसके सिंह, महासचिव सीपीएन सिंह, सचिव अमरेश सिन्हा, सीनियर इंचार्ज किरण सिन्हा उपस्थित थीं।

### तूफान का कहर बागो नूतन डीह में बरपा



जादूगोड़ा। बीती रात आंधी के साथ आई तूफान का कहर क्षेत्र के धीरोल पंचायत अंतर्गत बागो, नूतनडीह के 15 घरों बरपा व उनके घरों के फुसनुमा छप्पड़, मिट्टी की दीवारें, एस्बेस्टस की छते व बिजली के खंभे को जमीन से उखाड़ दिया। क्षेत्र में तूफान कहर बनकर बरपा। इसके आंतरिक मेंचुआ गांव निवासी छोटा करिया निवासी के छत पर विशालकाय पेड़ गिरने से घर के प्रांगण में रखे स्कूटी व साइकिल पूरी तरह पूरी तरह मलबे में तब्दील हो गया। भारी तबाही का मंजर की मार 15 से अधिक परिवारों पर पड़ा। तूफान के दूसरे दिन बिजली आई तो लोगों ने राहत की सास ली। क्षेत्र के उपमुखिया रामेश्वर सरदार ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढाढस दी व सरकार से तत्काल गांव में राहत कार्य चलाने की मांग की है ताकि गरीब परिवार के टूटे छत का निर्माण संभव हो सके व प्राकृतिक की मार को झेल सके। लोगों ने क्षेत्र के विधायक व सांसद से राहत कार्य चलाने की गुहार लगाई है। बहरहाल देखना यह है कि क्षेत्र के सांसद व विधायक की नजरे कब इस गांव पर पड़ती है व ग्रामीणों को राहत मिल पाती है, यह देखने वाली बात होगी।

**टूटे घरों की सूची :** धीरोल पंचायत में आई तूफान में टूटे घरों में करमली उरांव,प्रकाश उरांव,टीका राम गोप, धनंजय गोप, मंजूस गोप, अनिता गोप, शिवचरण गोप, रागा उरांव, अभिराम सरदार,अधीर गोप, रोहित गोप का भारी नुकसान तूफान में पहुंचा है व उनकी नजरे क्षेत्र के सांसद व विधायक पर टिकी है इस आपदा में कोई सुधि लेने वाला हैं।

### जमशेदपुर पूर्वी की विधायक ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से की मुलाकात

# एम एड और बी एड शिक्षकों का संविदा विस्तार नहीं होने से पढाई पर पड़ रहा असर : पूर्णिमा साहू

**कोल्हान विवि, महिला विवि बी एड व एम एड शिक्षकों की समस्याओं की शीघ्र समाधान की मांग की**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री से मिलतीं विधायक पूर्णिमा साहू।**

**जमशेदपुर।** कोल्हान विश्वविद्यालय, जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय और अन्य महाविद्यालयों में कार्यरत बी. एड. एवं एम. एड. शिक्षकों की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। पिछले आठ महीनों से सहायक प्राध्यापकों का संविदा विस्तार नहीं हुआ है, जिससे वे असुरक्षा की स्थिति में कार्य कर रहे हैं। वहीं, वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिलने के कारण उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, राज्य के विभिन्न महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में इन शिक्षकों की सेवा शर्तों और वेतन संरचना में असमानता से असंतोष की भावना बढ़ रही है। शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने मंगलवार को झारखंड विधानसभा परिसर में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के कार्यालय में मुलाकात की। उन्होंने शिक्षकों की परेशानियों पर संज्ञान लेने और त्वरित समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की। इस दौरान उन्होंने मंत्री को विभिन्न शिक्षकों के द्वारा सौंपा गया पत्र भी प्रस्तुत किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने की अपील की। उन्होंने बताया कि शिक्षकों ने पत्र के माध्यम से उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया है। जिसमें उन्होंने सेवाओं को नियमित करने, वेतन वृद्धि लागू करने और वेतन असमानता को दूर करने की अपील की है, ताकि उन्हें स्थायित्व और न्याय मिल सके। विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि शिक्षक समाज का आधार होते हैं। बी. एड. और एम. एड. शिक्षकों को लंबे समय से संविदा विस्तार और वेतन वृद्धि से वंचित रखा गया है, जिससे वे आर्थिक और मानसिक दबाव में काम कर रहे हैं। उनकी सेवा शर्तों और वेतन संरचना में समानता होनी चाहिए, ताकि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन सुचारू रूप से कर सकें। पूर्णिमा साहू ने कहा कि सरकार जल्द से जल्द इस मुद्दे का ठोस समाधान निकाले, ताकि शिक्षकों को न्याय मिल सके और शिक्षा व्यवस्था मजबूत हो सके। वहीं, मंत्री सुदिव्य कुमार ने उपरोक्त मांगों पर उचित समाधान का भरोसा दिया और संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द इस विषय पर ठोस कार्रवाई करने के निर्देश देने की बात कही।

## डीसी ने की श्रम विभाग की समीक्षा बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में डीसी अनन्य मित्तल द्वारा श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में श्रम विभाग के अधिकारियों को जिले में बाल श्रम के खिलाफ व्यापक अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एडीएम लॉ एंड ऑर्डर के साथ बैठक कर कार्ययोजना तैयार करें और बाल श्रम के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करें। इसके साथ ही उन्होंने श्रम विभागीय योजनाओं में प्रगति की भी समीक्षा की, जिसमें भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण योजना, निर्माण श्रमिक सुरक्षा किट योजना, मातृत्व सहायता योजना (15,000 रुपये की सहयोग राशि), मेधावी पुत्र-पुत्री छात्रवृत्ति योजना (5,000 से 50,000 रुपये की सहयोग राशि), अंत्येष्टि सहायता योजना (10,000 रुपये), झारखंड निर्माण कर्मकार मृत्यु दुर्घटना/सहायता योजना (2 लाख से 4 लाख रुपये सहायता राशि), चिकित्सा सहायता योजना, विवाह सहायता योजना और विभिन्न पेंशन योजनाओं की समीक्षा की गई।

उन्होंने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को इन योजनाओं से जागरूक कर उन्हें लाभान्वित करने का निर्देश दिया।

# गदड़ा : जमीन विवाद को लेकर पड़ोसी की पीट-पीटकर हत्या

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** यहां परसुडीह थाना अंतर्गत गदडा में जमीन विवाद को लेकर पड़ोसियों ने संजीव श्रीवास्तव (54) की पिटाई कर दी। घटना के बाद परिजनों ने संजीव को घायल अवस्था में इलाज के लिए टाटा मोटर्स अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के दौरान संजीव की मौत हो गई। संजीव की बेटी पिंकी ने बताया कि संजीव कान्वाई चालक है और ज्यादातर घर से बाहर ही रहते है। घर में चार बहने की रहती है। पड़ोस में रहने वाले लोगों ने जमीन को लेकर अक्सर विवाद चला आ रहा है। कई बार मारपीट भी हुई है। मामला परसुडीह थाना में भी गया है जहां दोनों पक्षों में समझौता हो जाता था। परिवार के लोगों ने बताया कि गत सोमवार रात को संजीव घर के बाहर खड़े थे तभी पड़ोस में रहने वाले संतोष, आनंद, रोहित और आयुष समेत दो अन्य लोगों ने संजीव को घेर लिया और लात घुसों से उनकी पिटाई शुरू कर दी। पिटाई करने के बाद सभी संजीव को घायल अवस्था में छोड़कर भाग गए। पिंकी ने आरोप लगाया कि जब वह इसकी शिकायत करने थाने गई तो थाना में उनकी मदद नहीं की गई।

## जुगसलाई के पास खरकाई नदी में बने बीयर डैम : मंगल कालिंदी

**विधायक मंगल ने वीयर डैम निर्माण की मांग सदन में उठाया**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विधानसभा में शून्यकाल के दौरान जुगशालाई विधायक मंगल कालिंदी ने अपनी बात रखते हुए जुगसलाई के पास खरकाई नदी में बियर डैम बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि बियर डैम बनने से ही जुगसलाई जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र में गर्मी में हर साल होने वाले जल संकट से मुक्ति पाया जा सकता है। विधायक ने सदन में कहा कि जुगसलाई नगर परिषद एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है। इस क्षेत्र में इंटेक वेल के माध्यम से घरों में पानी की सप्लाई की जाती है। गर्मी के दिनों में इंटेक बेल का जल स्तर काफी नीचे चले जाने के कारण उक्त क्षेत्रों में पानी की सप्लाई कम हो जाती है जिस कारण क्षेत्र के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यदि खरकाई नदी में वीयर डैम का निर्माण होने से पानी की समस्या से निजात पाया जा सकता है। अतः मैं आसन के माध्यम से खरकाई नदी पर वीयर डैम बनाने हेतु सरकार से मांग करता हूं।

## जायसवाल समाज जमशेदपुर इकाई के चुनाव पर उठे सवाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जायसवाल समाज जमशेदपुर के अध्यक्ष दीपक कुमार जायसवाल ने कहा है कि दुखू जायसवाल के द्वारा 16 मार्च को तुलसी भवन में होली मिलन का कार्यक्रम रखा गया था। जमशेदपुर और आदित्यपुर के दोनों जिला में 5000 जयसवाल परिवार रहते हैं और इस कार्यक्रम में तस्वीर में जैसा दिखाया गया है मात्र 16 पुरुष और 10 महिलाएं हैं जो बिना किसी प्राय सूचना के जमशेदपुर जयसवाल समाज का अध्यक्ष का चयन करना सरासर गलत है जब कि दुखू जायसवाल को समाज की संविधान की जानकारी है। दीपक का कहना है कि अध्यक्ष का चुनाव के लिए सर्व प्रथम मेंबरशिप अपडेट किया जाता है उसके बाद चुनाव का नोटिफिकेशन किया जाता है उसके बाद नॉमिनेशन की संख्या आने के बाद सभी उम्मीदवारों पर विचार करने के बाद चुनाव या फिर समन्वय समिति के द्वारा सभी उम्मीदवारों के एक्सपीरियंस और योगिता के अनुसार हजारों लोग के बीच में अध्यक्ष महासचिव कोषाध्यक्ष, महिला एवं युवा का अध्यक्ष महासचिव का चयन किया जाता है। अभी पिछले एक साल से ज्ञानचंद जायसवाल एवं दीपक के द्वारा समाज को एकजुट करने का प्रयास किया जा रहा था। मगर बिना किसी सूचना के अध्यक्ष का चुनाव करना, दुखू ऐसा करके पूरे जयसवाल समाज का कद छोटा कर दिया है।

## हिन्दू नववर्ष यात्रा 28 मार्च व रामनवमी शोभा यात्रा सह विसर्जन 7 अप्रेल को निकलेगा

**प्रशासन अति संवेदनशील क्षेत्रों पर रखे कड़ी नजर : अरूण**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर केन्द्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति के अध्यक्ष अरूण सिंह के नेतृत्व में समिति के सदस्यो ने डीसी अनन्य मितल एंव वरीय पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर से मुलाकत कर हिन्दू नववर्ष यात्रा,बसंती दुर्गा पूजा,चैती छठ एंव रामनवमी महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा किया। समिति के सदस्यों ने इन त्योहार मे आने वाली समस्याओं को जिला प्रशासन के समक्ष रखा। अरूण सिंह ने जिला प्रशासन को अवगत कराया कि इस वर्ष हिन्दू नववर्ष यात्रा 28 मार्च को चैती छठ 3-4 को बसंती दुर्गा पूजा एंव रामनवमी शोभा यात्रा सह विसर्जन 7 अप्रेल को होना तय हुआ है। अरुण सिंह ने कहा कि सभी रामनवमी अखाड़ा समिति,हिन्दू नववर्ष यात्रा समिति एंव जमशेदपुर केन्द्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति जिला प्रशासन को पुर्ण सहयोग देने की कोशिश करेगे। समिति उम्मीद करती है कि जिला प्रशासन भी सभी आयोजकों को पुर्ण सहयोग करेगा। जमशेदपुर अति संवेदनशीलता जिला में आता है इसलिए जिला प्रशासन मानगो मुंशी मुहल्ला, गांधी मैदान मानगो, गोलमुरी, जुगसलाइ, धातकीडीह बिसटुपुर जैसे अतिसंवेदनशीलता क्षेत्र में कड़ी नजर रखें ताकि शहर मे कोई अप्रिय घटना न घट सकें। जमशेदपुर में इस बर्ष रामनवमी अखाड़ा 175 एंव बसंती दुर्गा पूजा 12 एंव 5 स्थानो से हिन्दू नववर्ष यात्रा निकालने की संभावना है। समिति जिला प्रशासन से आग्रह करती है कि सभी विसर्जन घाटों की मरम्मत नदी की सफाई यातायात की सुगम व्यवस्था के साथ-साथ हिन्दू नववर्ष यात्रा एंव रामनवमी शोभा यात्रा सह विसर्जन की कड़ी सुरक्षा प्रदान करने की कोशिश करें। विहिप के महानगर के अध्यक्ष अजय गुप्ता ने जिला प्रशासन को कहा कि जमशेदपुर के सडकों पर फल बेचने वाले ठेलो को रामनवमी तक सडक से थोडा दूर किया जाए जिससे यातायात कि वयस्था सुगम हो सके। प्रतिनिधि मंडल में विजय तिवारी, दिलजय बोस, धर्मेंद्र कुमार, प्रकाश दुबे, उतम दास, ललन यादव, चंद्रिका, ललन अखाड़ा समिति से प्रदीप लाल ललन यादव, कन्हैया यादव, बाबू वीर कुंवर सिंह अखाड़ा श्री श्री आनंद ब्रह्मस्थान अखाड़ा गोविंदपुर धीरज सिंह, जंबू अखाड़ा से रणविजयि मंडल, संकट मोचन हनुमान अखाड़ा गोविंदनगर से धीरज सिंह कदमा के सदस्यगण उपस्थित थे।

## एक नजर में

### अखंड तिरंगा यात्रा 23 मार्च को, जमशेदपुर के बाद गम्हरिया में हुई तैयारी बैठक




गम्हरिया। जमशेदपुर स्थित एग्रिको मैदान में रविवार, 23 मार्च को शहीदों के सम्मान में आयोजित 10वीं अखंड तिरंगा यात्रा की तैयारी को लेकर गम्हरिया के पूंजीडूंगरी, जगन्नाथपुर में एक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से नमन संस्था के संस्थापक सह कार्यक्रम के मुख्य आयोजक अमरप्रीत सिंह काले एवं गम्हरिया क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक, कई युवा एवं महिलाएं उपस्थित थी। इस मौके पर बताया गया कि वर्ष 2016 में दिल्ली के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान में देश विरोधी नारे लगे थे जिसके प्रतिकार में 'नमन-शहीदों के सपनों को' संस्था का गठन हुआ था और जमशेदपुर में अखंड तिरंगा यात्रा निकाली गई थी जिसमें भारत माता के जयघोष का नारा पूरे लौहनगरी में गूंजा था। तभी से प्रत्येक वर्ष अमर स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस के शौर्यमय अवसर पर 23 मार्च को देशभक्ति से ओत-प्रोत अखण्ड तिरंगा यात्रा निकाली जाती है। इस मौके पर उक्त तिरंगा यात्रा में इस वर्ष गम्हरिया क्षेत्र से भी सैकड़ो की संख्या में देधभक्तो द्वारा शामिल होने का निर्णय लिया गया।

### सांसद जोबा माझी ने छोटे स्टेशनों में ट्रेन ठहराव की मांग संसद में उठायी



जमशेदपुर। सांसद जोबा माझी ने अपने संसदीय क्षेत्र के छोटे स्टेशनों में पैसेंजर एवं एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग रेल मंत्री से की है। सांसद ने बजट सत्र के दौरान रेलमंत्री से जनहित में लोटापहाड़ और पोसैता स्टेशन पर टाटा-इतवारी पैसेंजर, आदित्यपुर स्टेशन पर टाटानगर बक्सर एक्सप्रेस, आदित्यपुर स्टेशन पर टाटानगर दुर्ग एक्सप्रेस, मनोहरपुर स्टेशन पर अहमदाबाद एक्सप्रेस, गोइलकेरा स्टेशन पर कांटा बाजी एक्सप्रेस, सोनुवा स्टेशन पर टाटानगर-एनार्कुलम एक्सप्रेस और कलिंग उत्कल एक्सप्रेस तथा मनोहरपुर स्टेशन पर कलिंग उत्कल एक्सप्रेस का ठहराव प्रदान करने की मांग रखी। इसके जवाब में रेलमंत्री ने बताया कि गोइलकेरा स्टेशन के यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए चार जोड़ी ट्रेनों का ठहराव ट्रेन संख्या 18029/18030 लोकमान्य तिलक (टी)-शालीमार एक्सप्रेस, 13287/13288 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस, 12871/12872 हावड़ा-टिटलागढ़ एक्सप्रेस और 18477/18478 पुरी-योग नगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस को मार्च-सितंबर 2023 के दौरान प्रदान किया गया है। इसी तरह 12871/12872 हावड़ा-टिटलागढ़ एक्सप्रेस, 22861/22862 शालीमार-आद्रा एक्सप्रेस और 13287/13288 दुर्ग-आरा एक्सप्रेस का ठहराव 14.03.2024 से सोनुवा में प्रदान किया गया है। तदनुसार, गोइलकेरा, लोटापहाड़, पोसैता, आदित्यपुर, मनोहरपुर और सोनुवा स्टेशनों पर वर्तमान में क्रमशः 20 ट्रेनें, 04 ट्रेनें, 04 ट्रेनें, 26 ट्रेनें, 22 ट्रेनें और 14 ट्रेनें चल रही हैं। इसके अलावा, यातायात औचित्य, परिचालन व्यवहार्यता, वैकल्पिक सेवाओं की उपलब्धता आदि के अधीन ट्रेन सेवाओं के ठहराव का प्रावधान भारतीय रेलवे पर एक सतत प्रक्रिया है।

### हाई स्कूल करणडीह में संकुल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित



जमशेदपुर। संकुल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता 2024 25 संकुल संसाधन केंद्र मध्य विद्यालय करनडीह का आयोजन राज्य संपोषित हाई स्कूल करनडीह में मंगलवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संकुल साधन सेवी संजय कुमार श्यामा प्रसाद हाई स्कूल के विज्ञान शिक्षक एचिंतो चक्रवर्ती, बृजेश कुमार राय शोभा कुजूर, तनुजा साव आदि उपस्थिति में। विज्ञान प्रदर्शनी में शामिल बच्चों ने कबाड़ से जुगाड़ कर एक से बढ़कर एक कुल 25 मॉडल प्रदर्शित किया। बच्चों के द्वारा लगाई गई मॉडल प्रदर्शनी का अतिथियों ने जायजा लिया एवं मॉडल प्रदर्शनी के लिए बच्चों की तारीफ की। बच्चों के द्वारा वैश्विक तापमान वृद्धि ,सोलर सिस्टम, मॉडर्न सिटी, पौलुशन कंट्रोल सिस्टम, सेव वाटर, स्मार्ट सिटी, रोड सेफ्टी आदि से संबंधित प्रोजेक्ट बनाया गया था। मौके पर संकुल साधन सेवी संजय कुमार ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रोजेक्ट से बच्चों में छुपा हुआ टैलेंट दिखता है। विज्ञान प्रदर्शनी में बेहतर प्रदर्शन करनेवाले प्रतिभागियों को अतिथियों के हाथों प्रथम पुरस्कार राज्य संपोषित हाई स्कूल करनडीह के छात्र विष्णु महतो, द्वितीय पुरस्कार इशांत मुर्मू राज्य संपोषित हाई स्कूल करनडीह एवं तृतीय पुरस्कार सावना माडी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके स्कूल के प्रधानाध्यापक शोभा कुजूर, लकी जयंती तिर्की, समीर टोपनो ममता मंजूषा हीरो बृज कुमारी, श्वेता श्री, लक्ष्मी कुमारी प्रताप सोरेन निवास चंद पांडे मोचीराम सोरेन बदरिया नाथ मुर्मू, शिक्षक-शिक्षिकाओं आदि उपस्थित थे।

### सामर्थ्य वेल्फेयर ट्रस्ट ने धातकीडीह हरिजन बस्ती में वितरित किया पोषाहार



जमशेदपुर। सामर्थ्य वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा पोषण युक्त बचपन एवं कुपोषण विरोध चलाए गए अभियान की अगली कड़ी में बिस्टुपुर स्थित धातकीडीह हरिजन बस्ती में पोषाहार वितरित किया गया। संस्था की अध्यक्ष पल्लवी दीप ने कहा बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए संस्था द्वारा पोषण युक्त बचपन एवं कुपोषण के विरुद्ध अभियान चलाया गया है जिसमें उन्हें पौष्टिक भोजन के बारे में बताने के साथ-साथ जागरुक करते हुए उनके बीच वितरित किया जाता है। उनके समग्र विकास के लिए हम प्रयत्नशील हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष पल्लवी दीप, पी अनीता, मनप्रीत कौर इत्यादि की भूमिका सराहनीय रही।

### सहिया एवं सीएचओ सम्मेलन संपन्न



जमशेदपुर। जमशेदपुर के सिदगोड़ा टाउन हॉल में जिला स्तरीय सहिया एवं सीएचओ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू एवं उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, विधायकगण के प्रतिनिधि, परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी, सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, एमओआईसी, बीपीएम आदि शामिल हुए। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी सहिया एवं सीएचओ के योगदान को अतिथियों ने रेखांकित किया तथा उनके कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर 10 सहिया को उत्कृष्ट कार्य करने के लिये सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सहिया चंपा हेंब्रम, प्याली राणा, चाइना नम्ता, चिता मुर्मू, काजल सिंह, सीमा देवी, पुनगी मुर्मू, वर्षा रानी महतो, पिंकी पात्रों, पदमा देवी तथा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी दीपिका कुजूर, रश्मि बागय, निर्मला सिंह, बरसा बघेल, सुप्रिया डे, नविता, शिशिर पूर्ति, शिखा रानी महतो, अंजना को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ जोगेश्वर प्रसाद, जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ रंजीत पांडा, अकाई मिंज एवं अजय कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### श्रीमहावीर नवयुवक दल जेनरल की बैठक, अध्यक्ष चुने गये युगल किशोर



मेदिनीनगर। रामनवमी पूजा को संपन्न कराने के लिए प्रत्येक वर्ष श्रीमहावीर नवयुवक दल जेनरल का चुनाव कराया जाता है। इसी के तहत इस वर्ष भी कोयल नदी के तट पर स्थित शिवाला घाट मंदिर परिसर में चुनाव को लेकर संरक्षक गणेश गिरी की अध्यक्षता में बैठक किया गया। इसमें शहर के विभिन्न पूजा पंडाल के अध्यक्ष, सचिव व सदस्यगण मौजूद थे। बैठक में रामनवमी पूजा को शांतिपूर्ण व आकर्षक तरीके से संपन्न कराने समेत विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श करते हुए अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मौजूद सभी लोगों ने एक स्वर से अध्यक्ष पद के लिए युगल किशोर के नाम का प्रस्ताव रखा। किशोर ने कहा कि विगत कई वर्षों से रामनवमी पूजा को देखने के लिए पलामू जिलावासी के अलावे दूसरे जिला व राज्य के लोग अपने परिजनों के घर आते है। उन्होंने कहा कि उनके मंशा को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष रामनवमी पूजा में शहर को एक विशेष रूप से दुल्हन की तरह सजाया जायेगा। जो जिला ही नहीं पूरे झारखंड में मेदिनीनगर का नाम रौशन होगा। मौके पर प्रथम उप महापौर मंगल सिंह, पूर्व अध्यक्ष पंकज जायसवाल, प्रमोद आग्रवाल, आशीष भारद्वाज, राजकुमार सोनी, विशेश्वर गिरी, सुभम प्रसाद, अजय तिवारी, संजय वर्मन, सुनील गिरी समेत कई लोग शामिल थे।

### सावित्रीबाई फुले योजना में आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा अवैध पैसा की उगाही



पाटन पलामू। पलामू जिला के प्रखंड पाटन में आंगनबाड़ी सुपरवाइजर एवं सेविका की मिली भगत से सावित्रीबाई फुले योजना में रजिस्ट्रेशन के नाम पर अवैध रूप से मोटी रकम वसूले जाने का मामला प्रकाश में आया। यह मामला नावाजयपुर थाना क्षेत्र के महुलिया पंचायत के आंगनबाड़ी अखड़ाटांड़ महुलिया कोड संख्या 248 तथा आंगनबाड़ी आमानगर जयपुर कोड संख्या 245 के प्रभार सेविका ललिता देवी पर लाभुक पूनम कुमारी के पिता बलराम बैठा ने आरोप लगाते हुए कहा कि मेरी पुत्री को सावित्रीबाई फुले योजना का लाभ अब तक नहीं मिल पाया है। क्योंकि सेविका द्वारा योजना दिलाने के नाम पर 3000 रु की मांग किया जा रहा था। लेकिन हमने 1000 दिया है। वही 2000 नहीं देने के कारण मेरी पुत्री पूनम कुमारी को योजना का लाभ नहीं मिल सका। साथ ही रामबहादुर साहू का भी यह आरोप है कि मेरी पुत्री को भी योजना का लाभ नहीं मिल सका है। सेविका के द्वारा योजना दिलाने के नाम पर 2500 रु की मांग किया गया था जब हमने पैसा नहीं दिया तो योजना का लाभ नहीं मिला। सेविका द्वारा बोला गया कि योजना का लाभ लेना है तो पहले पैसा देना होगा। अन्यथा लाभ नहीं मिलेगा। जब इस संबंध में सेविका से संपर्क किया गया तो उनसे संपर्क न होकर उनके पति से संपर्क हुआ। सेविका पति प्रमोद साहू ने फोन कॉल से जानकारी देते हुए बताया कि सावित्रीबाई फुले योजना में आंगनबाड़ी सुपरवाइजर सरस्वती देवी के द्वारा सभी लोगों से रजिस्ट्रेशन करने के लिए 200 से 500 तक लिया जाता है। साथ ही प्रमोद ने यह भी बताया कि हमने अपनी ही पुत्री की योजना का लाभ दिलाने के लिए आंगनवाड़ी सुपरवाइजर को 500 दिए हैं। इस विषय पर सरस्वती देवी ने जानकारी देते हुए बताई की योजना में पैसा नहीं लगता है अगर सेविका द्वारा मेरे नाम पर योजना में अवैध पैसा उगाही की गई है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी। इसी विषय पर मंगलवार को बलराम बैठा एवं राम बहादुर साव ने पाटन बीडीओ सह सीडीपीओ को लिखित आवेदन देकर शिकायत की गई। बीडीओ अमित कुमार झा ने बताया कि लाभुक के पिता के द्वारा आज आवेदन दिया गया है। आंगनबाड़ी सेविका पर स्पष्टीकरण की चिट्ठी निकालने की आदेश दिया गया है अगर सेविका द्वारा संतुष्ट पूर्वक जवाब नहीं दिया गया तो कार्रवाई की जाएगी।

### संत जोसेफ कान्वेंट पब्लिक स्कूल का सातवीं वार्षिक महोत्सव मनाया गया



पाटन पलामू। संत जोसेफ कान्वेंट पब्लिक स्कूल पाटन के द्वारा सातवीं वार्षिक महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन आइजी सुनील कुमार, विश्रामपुर एसडीपीओ सुनील भास्कर, एसआई आनन्द कुमार, पूर्व सांसद मनोज कुमार, विद्यालय के निदेशक एनके तिवारी सह निदेशक पूनम तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रिंसिपल आरके सिंह के द्वारा आये हुए अतिथि का स्वागत किया गया। वार्षिक महोत्सव में आइजी सुनील भास्कर ने विद्यालय के शिक्षकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के द्वारा भाषण, डांस एवं संगीत के द्वारा उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। निदेशक एनके तिवारी ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को बेहतर कार्य करने के लिए बधाई दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय के बच्चों का मेहनत का ही फल है कि आज संत जोसेफ कान्वेंट पब्लिक स्कूल जिला में स्थान रखता है। आरके सिंह ने कहा कि बच्चों का अभिभावक सम्मान करें। बच्चों को कभी भी टेंशन नहीं दें। सात साल के अन्दर विद्यालय के द्वारा बेहतर शिक्षा बच्चों को देने का काम किया गया है।

### नावाखास बाजार परिसर में होली मिलन सह चैता दुगोला कार्यक्रम आयोजित



पाटन पलामू। पलामू जिला के पाटन प्रखंड के नावाजयपुर थाना क्षेत्र के नावाखास बाजार परिसर में होली मिलन समारोह सह चैता दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी रामदास साहू रहे। साथ ही आयोजन कर्ता जगदीश पांडे एवं नावाखास के मुखिया मनोज कुमार तथा व्यवस्थापक प्रमोद कुमार पांडे उर्फ गुड्डू एवं समाज सेवी राजू सिंह, पूर्व मुखिया चन्द्रदेव सिंह सहित कमेटी के सदस्यों ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन सुभाष प्रसाद ने किया। वहीं कार्यक्रम में व्यास मगध सम्राट सुदर्शन यादव एवं व्यास बुढ़ा सिंह के द्वारा लोगों को होली तथा चैता के गीत संगीत से दर्शकों के भरपूर मनोरंजन कराया। वहीं उपस्थित लोगों को दोनों व्यास रंग अबीर लगाकर इस कार्यक्रम के चार चांद लगाने का काम किया। मौके पर रामदास साहू ने कहा कि इस तरह के आयोजन होने से आपसी भाईचारा बना रहता है। कार्यक्रम से कलाकारों की प्रतिभा निखरती है। मौके पर डीलर नवल राम, मनोज प्रसाद, शैलेश प्रसाद, गोपाल प्रसाद, नेपाल प्रसाद, गुड्डू चंद्रवंशी, महेंद्र पांडे, विद्या राम सहित हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद थे।

### रामपुर में कृषक गोष्ठी आयोजित



चैनपुर पलामू। कनीय पौधा संरक्षण विभाग, पलामू के तत्वाधान में प्रखंड चैनपुर के रामपुर कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को नई कृषि तकनीकों, बीज उपचार, जैविक कीटनाशकों के उपयोग, जैविक खेती तथा रासायनिक कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से मृदा स्वास्थ्य में दुष्प्रभाव, उपज में कमी, मृदा जांच एवं पर्यावरण पर होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक की गई। मौके पर कई लोग शामिल थे।

### प्रशासन के मिली भगत से बालू की अवैध उठाव हो रही है : किशोर

मेदिनीनगर। भाजपा नेता और सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता किशोर कुमार पांडेय ने डीसी और एसपी को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि चेचन्हा राजहरा बालू घाट से बालू का अवैध परिवहन हो रहा है। 40 से 50 ट्रैक्टरों के द्वारा प्रतिदिन परिवहन हो रहा है। जिसकी प्रशासन को कोई खबर नहीं है। चर्चा है कि प्रशासन की मिली भगत से अवैध उत्खनन एवं परिवहन हो रहा है।

# सांसद ने झारखंड-बिहार को जोड़ने वाली सोन नदी पर अंतरराज्जीय कनेक्टिविटी के तहत पुल निर्माण कराने का मामला संसद में उठाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पलामू जिला (झारखंड) के हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम पंचायत देवरी कला सूर्य मंदिर के सामने एवं दूसरी तरफ रोहतास जिला (बिहार) के नौहट्टा प्रखंड के ग्राम देवीपुर में झारखंड एवं बिहार को जोड़ने वाली सोन नदी पर अंतरराज्जीय कनेक्टिविटि के तहत पुल निर्माण कराने से संबंधित अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। सांसद राम ने कहा कि उक्त पुल के निर्माण से यात्रियों के यात्रा समय में काफी कमी आएगी और झारखंड, उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच अंतरराज्जीय कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। विदित है कि जपला सीमेंट फैक्ट्री बंद होने के बाद हुसैनाबाद क्षेत्र में कोई उद्योग या वैकल्पिक व्यापार का रास्ता नहीं है। यहाँ के मजदूर भारी संख्या मे बिहार एवं उत्तर प्रदेश में आना-जाना करते है। इस पुल के निर्माण से आवागमन में सुविधा होगी, इलाज, शिक्षा, बाजार, उद्योग समेत अन्य जरूरतों के लिए प्रतिदिन आवागमन करने वाले लोगों की सुविधायें बढ़गी। गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही साथ वामपंथी उग्रवाद पर अंकुश लगेगा एवं लोगों को नए-नए रोजगार के अवसर मिलेंगे। इसके अतिरिक्त बिहार के डेहरी पुल पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा और औरंगाबाद-सासाराम शहरों को जाम की समस्या से निजात मिल सकेगी। सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार से अनुरोध है कि उक्त पुल का निर्माण अंतरराज्जीय कनेक्टिविटी परियोजना के तहत कराने की कृपा की जाय। उक्त पुल की मांग झारखंड एवं बिहार सीमावर्ती जिलों के बीच आवागमन करने वाले लोगों की लंबे समय से रही है।

# पांकी विधायक ने बालू उपलब्ध नहीं होने पर निजी और सरकारी निर्माण कार्य बंद होने का मामला विस में उठाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने विधानसभा में बालू उपलब्ध नहीं होने पर निजी व सरकारी निर्माण कार्य बंद होने का मामला उठाया है। विधायक डॉ मेहता ने अल्प सूचित प्रश्न के दौरान झारखंड में बालू की उपलब्ध नहीं होने व अवैध उत्खनन होने के मामले से अवगत कराया। विधायक ने कहा कि बालू का अवैध उत्खनन के कारण लोग कई गुणा अधिक कीमत पर अवैध बालू खरीद रहे हैं। इस कारण निजी व सरकारी निर्माण कार्य बंद करने पड़ रहे हैं। जवाब में कहा गया कि झारखंड स्टेट संड माईनिंग पॉलिसी 2017 के अनुसार बालूघाटों को दो श्रेणी में चिंहित किया गया है। कैटेगरी वन में बालूघाट का संचालन संबंधित पंचायत एवं कैटेगरी दो में बालूघाट का संचालन मेसर्स जेएसएमडीसी के द्वारा किया जा रहा है। केटेगरी वन के बालू घाटों को चिंहित कर जिला पंचायती राज पदाधिकारी के माध्यम से सभी संबंधित पंचायतों को सौंपकर संचालित कराया जा रहा है। जिससे पंचायत स्तर में गैर वाणिज्यिक कार्यों हेतू बालू की आपूर्ति की जा रही है। कैटेगरी दो के निगम द्वारा कुल 22 बालू घाटों से उत्पादन व बिक्री का कार्य ऑन लाईन किया जा रहा है जिसके स्टॉकयार्ड में 21 लाख सीएफटी बालू बिक्री के लिए उपलब्ध है। अब तक 261 बालू घाटों को लेटर ऑफ इंटेट निर्गत किया गया है। जिसके विरूद्ध 159 बालू घाटों का एकरारनामा निष्पादित किया गया है। साथ ही 64 बालू घाटों का पर्यावरण क्लियरेंस व 24 बालू घाटों का टर्म ऑफ रिफ्रेंस प्राप्त है। विधायक ने कहा कि सरकार कब तक बालू की उपलब्धता सुलभ करायेगी व अवैध उत्खनन को बंद करने पर विचार रखती है। इसके जवाब में कहा गया कि मेसर्स जेएसएमडीसी द्वारा राज्य अंतर्गत केटेगरी दो के बालू घाटों से निर्धारित दर पर ऑन लाईन बुकिंग के माध्यम से आम जनता सहित अन्य सभी को बालू उपलब्ध कराया जा रहा है।

# पलामू सांसद के प्रयास से मजदूर का शव रूस से लाया जा रहा गढ़वा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गढ़वावासियों ने सांसद बीडी राम के प्रति जताया आभार**

**मेदिनीनगर।** गढ़वा जिला के मेराल थाना क्षेत्र के औरईया गांव निवासी रवि चौधरी 30 वर्ष की मौत 12 मार्च को रूस में तबीयत खराब हो जाने के कारण हो गई थी। मृतक के परिजनों की मांग पर पलामू सांसद बीडी राम के प्रयास से मृतक रवि का शव ओरईया ग्राम लाया जा रहा है। सांसद के प्रयास को औरईया गांव निवासी ही नहीं, बल्कि गढ़वा जिलावासी आभार व्यक्त किया है। इस संबंध में सांसद ने कहा कि एक माह पूर्व रवि चौधरी स्टील फिक्सर का काम करने के लिए रूस गया था। मॉस्को स्थित हमारे दूतावास ने सूचित किया है कि रवि कुमार चौधरी ओओओ लीव स्टोरी में काम कर रहे थे। कंपनी ने उनकी पत्नी को 14 मार्च को उनकी मृत्यु के बारे में सूचित किया। कंपनी उनके पार्थिव शरीर को भारत लाने के लिए सभी व्यवस्थाएं कर रही है। अंतिम संस्कार एजेंट ने दूतावास को सूचित किया कि रवि के पार्थिव शरीर को 17 मार्च को चेरेपोवेट्स से मॉस्को लाया गया है। रवि की मृत्यु के पंजीकरण के लिए अंतिम संस्कार एजेंट सभी प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ 19 मार्च को दूतावास का दौरा करेगा और 19/20 मार्च को पार्थिव शरीर को भारत ले जाने की उम्मीद है। सांसद के पत्र के जवाब में विदेश मंत्रालय ने जवाब में कहा है कि रवि चौधरी के शव को उसके घर भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

# अंतरराज्यीय ब्राउन सुगर सप्लायर गिरफ्तार

## गिरफ्तार तीनों लोग पेशेवर सप्लायर हैं : डीएसपी मणिभूषण प्रसाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। अंतरराज्यीय तीन ब्राउन सुगर सप्लायर को चैनपुर थाना क्षेत्र के मंगरदाहा घाटी से पुलिस ने जांच के दौरान हिरासत में लिया। पूछताछ एवं तलाशी के दौरान सात सौ दस ग्राम से अधिक ब्राउन सुगर, आठ लाख नवासी लाख रूपये नकद व जेएच 03एआर 9151 कार, मोबाईल, सोना, ब्रासलेट, अंगुठी पुलिस ने बरामद किया है। इस संबंध में प्रेस वार्ता कर सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि चैनपुर थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गढ़वा रोड से ब्राउन सुगर खरीद बिक्री कर तीन व्यक्ति एक कार से डालटनगंज की ओर आ रहे हैं। इस पर वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर चैनपुर सीओ एवं सदर अंचल पुलिस इंस्पेक्टर जीतराम महली तथा चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा के नेतृत्व में मंगरदाहा घाटी में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान उक्त नंबर की कार जैसे ही घाटी के समीप पहुंची पुलिस ने रोकवाया जिसमें सवार व्यक्ति भागने का प्रयास किया। जिसे पुलिस द्वारा पकड़ा गया। डीएसपी ने बताया कि हिरासत में लिये गये मनीष कुमार पिता संजय चंद्रवंशी ग्राम पठानटोली गढ़वा, मो तुफान राईन पिता ओसमोहम्मद राईन ग्राम दतानगर हुसैनाबाद व चिराग कुमार सिंह पिता अरबिंद कुमार सिंह ग्राम बनिया टोला थाना पालकोट गुमला की जब तलाशी ली गई तो चिराग के बैग से 410 ग्राम से अधिक ब्राउन सुगर, कार के डैस बोर्ड से 300 ग्राम ब्राउन सुगर व मनीष के पास से 889000 रूपये नकद बरामद किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि ब्राउन सुगर आरा से खरीद की गई थी जिसे चिराग रांची से गढ़वा लेने आया था। इसके द्वारा मनीष को नकद राशि दी गई थी। मनीष एवं तुफान राईन चिराग को कोयल पुल के पास छोड़ने आ रहे थे कि सभी व्यक्ति गिरफ्तार किये गये। उन्होंने बताया कि इस मामले में एनडीपीएस के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए जेल भेजा गया। इस मामले में तीन अन्य लोग फरार हैं जिनकी गिरफ्तारी जल्द की जायेगी। छापेमारी दल में पुअनि बाबूलाल दूबे, रंजीत कुमार, सअनि अजय कुमार गुप्ता, रामचंद्र चौधरी, हवलदार आनंद मसीह टोप्पनो व सशस्त्र बल शामिल थे।

# ज्ञान महायज्ञ को लेकर गुरी में निकला भव्य कलश शोभा यात्रा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** गुरी ग्राम पंचायत में ज्ञान महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा को लेकर मंगलवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाला गया। जयघोष के साथ श्रद्धालु राजहारा स्थित झरना शिव मंदिर पहुंचे, जहां आचार्य रमाकांत पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चारणों के बीच कलश में जल भरवाया। श्रद्धालु भगवान का जयकारा लगाते हुये वापस यज्ञ मंडप में पहुंचे, जहां विशेष पूजा अर्चना के बाद पूरे विधि विधान से कलश को स्थापित किया गया। मुख्य जजमान संजीव कुमार मिश्रा व उनकी पत्नी प्रियंका मिश्रा ने धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराया।

# समय व धैर्य हर विद्यार्थियों में होना चाहिये : एसडीएम

## सरस्वती विद्या मंदिर, जपला में दीक्षांत सह स्नेह मिलन समारोह का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में दीक्षांत सह स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। दीक्षांत समारोह में कक्षा-दशम के सभी भैया-बहनों एवं विद्यालय के सेवानिवृत्त आचार्य अजय कुमार को विदाई दिया गया। कार्यक्रम की सुरुआत अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो, विद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता सचिव राकेश तिवारी, प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने किया। मौके पर एसडीएम महतो ने कहा कि विद्यार्थियों को समय का हमेशा सदुपयोग करना चाहिए। गुरु के बताए मार्गों पर हमेशा चलने का प्रयास करें तभी आपका जीवन सफल होगा। समय और धैर्य दोनों ही जीवन में सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं। वहीं विद्यालय के आचार्य अरविंद यादव ने बच्चों को गीत के माध्यम से मोहित किया। वहीं कुशजी पाण्डेय ने भी भैया-बहनों को संबोधित किया। मौके पर डॉ सत्येंद्र चंदेल, कामख्या नारायण सिंह, सतीश कुमार सिंह, अधिवक्ता आलोक कुमार, वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य दीपक पाण्डेय, रणजीत मिश्रा, राजेश्वर सिंह यादव, हर्षदा चौबे, राजकुमार सिंह, अभिषेक पाठक, मृत्युंजय प्रसाद, छाया कुमारी, शशि कुमार, नीतीश मिश्रा, सुनील गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

### राजनीति में महिलाओं के समुचित भागीदारी के बाद ही आयेगा असली बदलाव : गुंजन सिंह



विश्रामपुर (पलामू)। कांग्रेस के महिला कमेटी द्वारा बिश्रामपुर विस क्षेत्र में मंगलवार को सदस्यता अभियान की शुरूआत की गयी। सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन वीर कुंवर सिंह चौक पर किया गया। जिसमें लगभग पांच सौ महिलाओं को कांग्रेस की सदस्यता प्रदान की गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कांग्रेस महिला कमेटी की प्रदेश अध्यक्षा गुंजन सिंह, विशिष्ठ अतिथि पूर्व विस प्रत्यासी सुधीर चंद्रवंशी, जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक, जिलाध्यक्षा इंदु भगत व कांग्रेस नेत्री रेखा सिंह ने संयुक्त रूप से किया। गुंजन सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं में राजनीतिक नेतृत्व क्षमता को विकसित करना चाहती है। क्योंकि महिलाओं के समुचित भागीदारी के बाद ही प्रदेश व देश में असली बदलाव आयेगा। जिसके बाद एक नये राजनीतिक युग की शुरूआत होगी। सिंह ने कार्यक्रम के आयोजन में सुधीर चंद्रवंशी के भूमिका की सराहना की। कहा कि इनके अथक प्रयास से ही आज पांच सौ महिलाओं ने कांग्रेस का दामन थामा है। सुधीर चंद्रवंशी ने कहा कि क्षेत्र के वंचितों व महिलाओं को अधिकार दिलाना हमारी पहली प्राथमिकता है। कांग्रेस महिलाओं को हमेशा उचित सम्मान देने का प्रयास करती है। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामप्रवेश सिंह, सुरेंद्र तिवारी, यंग ब्रिगेड सेवा दल के अध्यक्ष अरविंद कुमार रवि, डॉ ए अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह, विकास कुमार यादव, विवेक शुक्ला, मनोज चंद्रवंशी, मिट्ठू खान सहित कई कांग्रेसी मौजूद थे।

### चेरो जनजातीय महासंघ का शिष्टमंडल वित्त मंत्री से मिला



पाटन पलामू। राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ पाटन प्रखंड ईकाई के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह चेरो के नेतृत्व में शिष्ट मंडल वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर को 6 सूत्री मांग पत्र सौंपे एवं गमछा देकर के सम्मानित किया गया। शिष्ट मंडल में सचिव सह उप मुखिया सेर सिंह चेरो, कोषाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह चेरो, सोशल मीडिया प्रभारी इंद्रदेव सिंह उर्फ पप्पू सिंह चेरो, राजा मलिकचन्द सिंह चेरो, संजीत सिंह चेरो, पवन सिंह चेरो, मंटू सिंह चेरो, डब्लू सिंह चेरो शिव प्रसाद सलेंडर सिंह चेरो परमेंद्र सिंह चेरो हर्ष सिंह चेरो राहुल सिंह चेरो शामिल थे।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

हरिहरगंज पलामू। शहर के बेलोदर स्थित कोमाकी बाइक शो रूम के समीप एनएच 139 पर गत 14 मार्च को नेक्सोन कार तथा पिकअप की टक्कर में घायल युवक 21 वर्षीय सूरज कुमार सिंह की मौत हो गई। मृतक बेलोदर निवासी संजीत कुमार सिंह का पुत्र है। मालूम हो कि उक्त दुर्घटना में कार पर सवार पांच युवक घायल हो गए थे। इनमें सूरज की हालत अत्यंत नाजुक थी। उसे रांची रिम्स लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक का अंतिम संस्कार मंगलवार को किया गया।

### सहायिका चयन की प्रक्रिया पूरी, रीना का हुआ चयन

मनातू (पलामू)। मनातू प्रखंड के चक पंचायत के कर्महीं में सहायिका चयन प्रक्रिया संपन्न हुई। महिला पर्यवेक्षका लीलावती कुमारी, विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, चक मुखिया निषाद अहमद की उपस्थिति में चयन प्रक्रिया पूरी की गई। रीना देवी को सर्वोच्च अंक मिले, जिसके चलते उन्हें सहायिका के रूप में चयनित किया गया।

# पांकी में तरावीह की नमाज मुकम्मल हाफिज साहब ने सुनाया पूरा कुरान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांकी पलामू।** पांकी प्रखंड मुख्यालय के मस्जिद चौक स्थित जामे मस्जिद में तरावीह की नमाज मुकम्मल हुई। हाफिजे कुरआन कारी नईम साहब ने पूरे कलामे पाक को जबानी सुनाया। कमेटी के सदर अबुल हसन ने बताया कि रमजान के चांद रात से शुरू हुई तरावीह रमजान के पहले 14वें दिन पूरी हुई। मस्जिद के सेक्रेटरी अब्दुल हसन (पूर्व मुखिया) के मुताबिक, पांकी की जामे मस्जिद में हर साल तरावीह की नमाज होती है। सेक्रेटरी सरपरस्त मो सलीम, मो नेहाल अंसारी नायब सेक्रेटरी साजिद अंसारी ने बताया कि यह सिलसिला 50 सालों से भी अधिक समय से जारी है। जामे मस्जिद पांकी के पेश ए इमाम मोशमस हाशमी साहब ने रमजान और तरावीह की फजीलत बयान की। मौके पर तरावीह सुनाने वाले कारी साहब को 141000 हजार नजराना दिया गया। वही जामे मस्जिद के के ईमाम शमस हाशमी साहब को 41000 हजार, मोजिम साहब को 25000 रुपये, और मस्जिद के खादिम को 6500 सौ नगद दिया गया। कमेटी के सदस्य और ओहदेदार मो मारूफ अंसारी, अयूब अंसारी, मोइस्राइल अंसारी, मो गोल्डन की मेहनत से यह कार्यक्रम कामयाब रहा। मौके पर हाजी सलामत साहब, हाजी जुमई साहब, हाजी सरीफ साहब, हाजी जमाल साहब, हाजी जैनुल साहब, हाजी जरीफ साहब, कुरैशी, मो आफताब, मो हैदर, मो साजिद, मो मजीद आदि कई लोग मौजूद थे।

# फेयरमाइन कार्बन के खिलाफ गौरव सिंह ने किया था पीआइएल, हाइकोर्ट से खारिज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** फेयरमाईन कार्बन प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ गौरव सिंह ने झारखंड उच्च न्यायालय में पीआइएल दाखिल किया था। जिसे कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान खारिज कर दिया। भूमि अधिग्रहण विस्थापन एवं पुनर्वास किसान समिति के अध्यक्ष गौरव सिंह के द्वारा हाइकोर्ट में आरोप लगाया गया था कि जिस जमीन पर खनन पट्टा फेयरमाईन कंपनी को दिया गया है, वह जंगल झाड़ है। इसे लेकर 29 अगस्त 2024 को पीआईएल दाखिल किया था। इस संबंध में जो सबूत पेश किया गया पर्याप्त नहीं था। इसके बाद गौरव के वकील ने पीआईएल को वापस कर लिया है। इस मामले में गौरव सिंह ने मुख्य सचिव, वन एवं पर्यावरण के प्रधान सचिव, खनन सचिव, भूमि सधार विभाग के सचिव, डीसी पलामू, पलामू के डीएफओ, जिला खनन पदाधिकारी व फेयर माइन कार्बन के डायरेक्टर राजीव कुमार सिंह को पार्टी बनाया था। हालांकि गौरव सिंह के द्वारा पीआइएल करने पर स्थानीय ग्रामीणों ने काफी विरोध किया था। ग्रामीणों का कहना है कि कोल माइंस खुलने से यहां के लोगों को रोजगार मिलेगा। आर्थिक स्तर पर भी लोगों का सुधार होगा।

# हुसैनाबाद बीआरसी कार्यालय के छत पर नाईट गार्ड की हत्या



सिर फटा हुआ स्थिति में पुलिस ने शव किया बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के सिचाई कॉलनी स्थित प्रखण्ड शिक्षा संकुल संसाधन कार्यालय में रात्री प्रहरी के रूप में कार्यरत रामदेव ठाकुर उर्फ सीताराम ठाकुर का हत्या का मामला सामने आया हैं। मंगलवार को सुबह घटना की सुचना मिलते ही एसडीपीओ हुसैनाबाद एस मोहम्मद याकूब एवं थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी दल बल के साथ घटनास्थल पंहुच कर खून से लथपथ शव को बरामद किया हैं। इधर सूचना मिलते ही परिजन एवं बीआरसी कार्यालय के स्टाफ व शिक्षक लोग पंहुच कर मृतक के आश्रितों को अनुबंध पर नौकरी देने की मांग किया। बताया जाता हैं रामदेव ठाकुर उम्र करीब 50 वर्ष प्रखण्ड के दरुआ बेनी पंचायत अंतर्गत ग्राम सदाजल का रहने वाला हैं। वह करीब 20 वर्षो से इस कार्यालय में दैनिक मजूदरी पर रात्रि प्रहरी के रूप में कार्य करता था। शिक्षक संघ ने बताया कि उसकी निर्मम हत्या के पीछे क्या कारण हैं यह तो नही पता लेकिन उसकी ऊंच स्तरीय जांच हो। मृतक अपने पीछे विधवा पत्नी व दो पुत्र चिंटू ठाकुर एवं गौतम कुमार ठाकुर को छोड़ गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ एस मो याकूब और हैदरनगर थाना प्रभारी दिव्यांश शुक्ल एवं पुअनि अफजल अंसारी ने शव को पोस्टमार्टम करने हेतु उठाना चाहे, लेकिन शिक्षको ने कड़ा विरोध करते हुए अधिकारियों की उपस्थिति में शव को ले जाने का आग्रह किया। अनुमण्डल पदाधिकारी गौरांग महतो, विधायक प्रतिनिधि विनय सिंह यादव, सीओ पंकज कुमार व बीडीओ सुनील वर्मा एवं बीईओ कौलेश्वर दास के मध्यस्थता करने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करने के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाया। इधर पुलिस कई बिंदुओ पर गहनता से जांच कर रही हैं। घटनास्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात थे।

## परिजन को ढांढस बंधाया एवं चेक दिया



घटना के बाद बीआरसी कार्यालय में ही मृतक के परिजनों के चीख व चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन था। परिजनों का कहना था उनके साथ शुरु से अन्याय होता रहा हैं जिन्हें रात व दिन 24 घंटा डियूटी कराया जाता था, इसके खिलाफ उन्होंने कई बार अधिकारियों से गुहार लगाया लेकिन छोटा कर्मी व दैनिक मजदूर के रूप में लोगो ने जमकर काम लिया है। जिसके बाद एसडीएम ने परिजनों को डीसी से अनुकंपा की बैठक में मामला को भेजने व उसके आश्रित को लाभ दिलाने की बात कही वंही विधायक प्रतिनिधि विनय सिंह यादव की उपस्थिति में बीडीओ सुनील वर्मा ने मृतक के पत्नी व बेटा को पारिवारिक लाभ के तहत 20 हजार रुपया का चेक प्रदान किया और आगे भी हर सम्भव सहायता दिलाने की बात कही।

# पंचायत सचिव व मुखिया के साथ बैठक

**15वें वित्त आयोग मद से क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की गयी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर पलामू।** पलामू जिला पंचायत राज पदाधिकारी की अध्यक्षता में चैनपुर प्रखंड के सभी मुखिया एवं पंचायत सचिव के साथ समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में 15 वें वित्त आयोग मद से क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की गई। सबसे कम खर्च करने वाले पंचायत-पूर्वडीहा, अवसाने एव नरसिंहपुर पथरा के पंचायत सचिव/मुखिया को पूर्ण योजनाओं का नियमानुसार भुगतान कर राशि समय से खर्च करने हेतु निर्देशित किया गया। अभिलेख के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में पंचायत सुदृढ़ीकरण योजना में प्राप्त राशि से पंचायत भवन में बिजली, पानी, शौचालय, इंटरनेट आदि की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही उक्त प्राप्त राशि का उपयोगिता प्रमाणपत्र समय से जमा करने हेतु निर्देशित किया गया। पंचायत सहायक के चयन के संबंध में पूछे जाने पर प्रखंड समन्वयक के द्वारा बताया गया कि केवल 3 पंचायत-कोसियारा, अवसाने एवं पूर्वडीहा में सहायक चयन हेतु ग्राम सभा से प्रस्ताव अप्राप्त है, संबंधित पंचायत सचिव/मुखिया को अविलंब ग्राम से प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। जिन जिन पंचायतों में पंचायत ज्ञान केंद्र स्थापित किया जा चुका है वहा के केंद्र प्रत्येक कार्य दिवस में खुलने हेतु निर्देशित किया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 की योजना प्रविष्टि के संबंध के निर्देशित किया गया।

# बंशीधर महोत्सव | सनातन प्रेमियों के आस्था को ठेस पहुंचा रही है सरकार : रामलाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामलाला दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बंशीधर महोत्सव को व्यक्तिगत महोत्सव कर झारखंड सरकार हजारों सनातन प्रेमियों के आस्था को ठेस पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड ही नहीं पूरे देश के पटल पर नगर बंशीधर के विशाल सोने की राधा कृष्णा की मूर्ति का स्थान है। देश के कोने कोने से श्रद्धालु यहां अपनी मनोकामना लेकर आते हैं, और यहां से अपनी मनोकामना पूरी करके जाते हैं। ऐसा अभूतपूर्व मूर्ति ऐतिहासिक राधा कृष्णा की मूर्ति सनातनियों का आस्था केंद्र है। विगत 2017-18 में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुबर दास ने नगर को बंशीधर का नाम दिलाकर पर्यटक स्थल का दर्जा दिलाया गया और राधा कृष्णा की कृपा से विशाल बंशीधर महोत्सव कराया गया। जिससे गढ़वा जिला के सभी वर्ग के श्रद्धालुओं की सहभागिता का लाखों संगम का अभूतपूर्व दृश्य समाहित किया गया था। जिससे देश ही नहीं विदेश में भी इस आध्यात्मिक आस्था और मूर्ति की चर्चा होने लगी है। लेकिन अफसोस की बात है कि झारखंड सरकार द्वारा इस महोत्सव को इस बार व्यतिगत कार्यक्रम जैसी तैयारी से जोड़कर महोत्सव को खानापूरी की जा रही है। जिला प्रशासन और उपायुक्त महोदय से आग्रह है कि इस महोत्सव में देश के सनातन के महान विद्वान संत धर्म गुरु देश स्तर के राज नेता देश स्तर के धार्मिक कवि गायक के साथ साथ सभी वर्ग के समावेश से महोत्सव को देश स्तर का महोत्सव बनाया जाय, जिससे बंशीधर महोत्सव की ख्याति और महिमा पूरे देश में सम्माहित हो। मौके पर मंडल अध्यक्ष शशि रंजन दुबे, शिव प्रसाद पांडेय, बेली पांडेय आदि उपस्थित थे।


प्रेस कॉन्फ्रेंस करते लोग

## एक ट्रक खेर की लकड़ी जप्त

**भंडरिया।** वन विभाग ने मंगलवार को अवैध रूप से ले जाई जा रही एक ट्रक खेर की लकड़ी को जप्त कर लिया है। इसकी जानकारी देते हुए वन कर्मियों ने बताया कि वन विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि कुशवार गांव में लकड़ी माफिया द्वारा एक ट्रक खेर की लकड़ी जमा कर बाहर ले जाने की तैयारी किया जा रहा है। जैसे ही लकड़ी माफियाओं ने लकड़ी को ट्रक में लोड कर बाहर ले जाने की कोशिश कर रहा था। तभी वन विभाग के लोगों ने उसे धर दबोचा। इस दौरान लकड़ी माफिया भागने में सफल रहे। वन विभाग की गठित उक्त टीम में रंका पूर्वी वन क्षेत्र के वन कर्मी एवं भंडरिया वन क्षेत्र के वन कर्मी शामिल थे। मौके पर प्रभारी वनपाल कमलेश कुमार, वनरक्षी तुषार कुमार, राजीव पांडेय, धर्मेंद्र कुमार, अनुपम आदित्य, दयानंद कुमार, असलम अंसारी, शशिकांत कुमार, राहुल कुमार, विजय सिंह, विवेकानंद चौबे, ललन कुमार सहित अन्य शामिल थे।


जप्त लकड़ी

## श्री कृष्ण गौशाला समिति के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक

**गढ़वा।** श्री कृष्ण गौशाला समिति के प्रमुख कार्यकताओं की बैठक स्टेषन रोड स्थित श्री रामलला मंदिर परिसर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे बिनोद पाठक ने बताया कि बैठक में कुछ प्रमुख निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है। जिसमें उपेन्द्र सिंह को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा, गौशाला समिति के ट्रस्ट में रजिस्टर्ड कोषाध्यक्ष घनश्याम प्रसाद उर्फ पुतुल को तत्काल प्रभाव से कार्यभार संभालने, वैसे सदस्य जो रजिस्टर्ड गौशाला ट्रस्ट के सदस्य हैं और बैठक की सूचना को अनदेखा कर बैठक में नहीं आते तथा गौशाला हित के कार्य में सक्रिय नहीं हैं एवं गौशाला में भी नहीं आते, वैसे लोगों को ट्रस्ट से विधिसम्मत ढंग से हटाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिव रमेश कुमार दीपक ने किया। बैठक में उपेन्द्र सिंह, घनश्याम प्रसाद, सचिन अग्रवाल, मृत्युंजय कुमार, मनोज पटनायक, संतोष गुप्ता, भोला गुप्ता, सुरेश अग्रवाल, मंतोश सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## अज्ञात ट्रक ने धक्के से बाइक सवार तीन घायल

**रंका।** एनएच 343 गुलरिया ढोडा के समीप अज्ञात ट्रक ने बाइक को धक्का मार दिया। जिससे बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में खपरो पंचायत के लिदिकण्डा गांव निवासी 30 वर्षीय ऐशान अंसारी, 26 वर्षीय इकबाल अंसारी तथा 25 वषीर्या रानी बीबी का नाम शामिल है। घायलों के परिजनों ने बताया कि वे लोग लिदिकण्डा गांव से बाईक पर सवार होकर गढ़वा जा रहे थे। सड़क से गुजर रहे पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने इसकी सूचना रंका थाना प्रभारी और एसआई राजेश कुमार शर्मा दी। साथ ही कुछ नागरिकों की मदद से सभी घायलों को टांग कर एम्बुलेंस से रंका प्राथमिक उप स्वास्थ्य केन्द्र भेजा।

## आजसू ने चलाया जनमत संग्रह कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** माननीय सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शानुसार नगर निकाय में पिछड़े वर्ग के लोगां को आरक्षण देने को लेकर राज्य की हेमंत सरकार ने गढ़वा जिले के तीनों नगर निकायों में फर्जी ट्रिपल टेस्ट कर पिछड़ा वर्ग के लोगों को एक बार फिर छलने का काम किया है। इसी विरोध में आजसू पार्टी ने गढ़वा शहर के वार्ड नंबर 7 गढ़देवी मोहल्ला में जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा के नेतृत्व में जनमत संग्रह कार्यक्रम चलाया। लोगों ने उत्साह पूर्वक फार्म भरकर आजसू कार्यकताओं को सौंपी। ज्ञात हो कि 2022 के पंचायत चुनाव में हेमंत सरकार ने पिछड़े वर्ग के लोगों को आरक्षण समाप्त कर चुनाव कराई थी। इस बार नगर निकाय चुनाव में भी पिछड़े वर्गो की हकमारी सरकार करने में साजिश कर रही है। गढ़वा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी चोरों की तरह ऑफिस में बैठकर के ही ट्रिपल टेस्ट को अंजाम दे दिए और गढ़वा शहर के किसी भी लोगों को जानकारी तक नहीं लगी। यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है गढ़वा के कई नेता इस विषय पर अपना चुप्पी साधे हुए हैं। लेकिन सुलगते हुए सवाल यह है कि पिछड़े वर्ग के लोगों को आखिर हक दिलाएगा कौन। झामुमो पिछड़े वर्ग के आरक्षण के विरोधी है। लगातार वह इस वर्ग को छलने का काम कर रही है। अब पिछड़े वर्ग के लोगों को भी समझना चाहिए। वही आजसू पार्टी लगातार पिछड़े वर्ग के आरक्षण और उनके हक अधिकार के लिए सड़क से सदन तक और सदन से न्यायालय तक लड़ने का काम कर रही है। मौके पर केंद्रीय सचिव चंपा देवी पार्टी, केंद्रीय सदस्य नंदू ठाकुर, डॉ इश्तियाक राजा, गढ़वा नगर मंडल के श्याम चंद्रवंशी, संजय शर्मा आदि उपस्थित थे।


उपस्थित आजसू नेता

## पुलिस ने अवैध गांजा के पेड़ को किया नष्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार के लिखित निर्देश पर पुलिस ने छापेमारी कर चन्द्री के सोरहबीगहवा टोले पर राजेश्वर राम चंद्रवंशी के घर के द्वार पर लगाये गए लगभग 10 फुट ऊंचे गांजा के पेड़ को उखाड़ दिया और जप्त कर थाना ले गए। इस दौरान घर के बागवानी में भी लगे गांजा के कई पेड़ को विनष्ट कर दिया। छापेमारी दल का नेतृत्व एएसआई विनय कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। छापेमारी दल में नगर पालिका के नगर प्रबंधक जितेश कुमार भी शामिल थे। इधर राजेश्वर राम की पत्नी मुनि देवी ने बताया कि द्वार पर शो प्लांट के रूप में वह पौधा लगा था। हरा पौधा जानकर उसको नहीं काटा गया था। इस सम्बंध में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि उन्हें अवैध गांजा के पेड़ लगाये जाने के बारे में शिकायत मिली थी। जिसके आलोक में उन्होंने थाना प्रभारी को पत्र देकर एनडीपीएस एक्ट के तहत सुसंगत धाराओं में कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिये गए थे।


नष्ट करती पुलिस

## अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा व अग्रवाल परिवार के द्वारा 21 जोड़े का होगा सामूहिक विवाह

**बेरमो।** जरीडीह बाजार स्थित अग्रवाल भवन में अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा व अग्रवाल परिवार के तत्वाधान में जरीडीह बाजार के अग्रसेन भवन धर्मशाला श्री श्री दामोदर नाथ महादेव मंदिर के प्रांगण में दिनांक 23 11 2025 को 21 जोड़े का सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाएगा जिसको लेकर एक बैठक अग्रवाल भवन में की गई बैठक अध्यक्षता मदन मोहन अग्रवाल ने की इस कार्यक्रम को विस्तार पूर्वक बताते हुए अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने बताया कि यह विवाह वैसे परिवार के लिए है जो धनाभाव के कारण अपने बच्चों का विवाह करने में असमर्थ है इसके लिए जरीडीह बाजार स्थित अनिल अग्रवाल के आवासीय कार्यालय में निशुल्क रजिस्ट्रेशन कल से शुरू है आप अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा व अग्रवाल परिवार के द्वारा कन्यादान किया जाएगा साथ ही वर ,वधु को वस्त्र बर्तन आभूषण के साथ कुछ अन्य उपहार भी दिए जाएंगे भोजन की व्यवस्था रहेगी इस बैठक में मुख्य रूप से प्रेम गोयल पवन अग्रवाल कृष्ण कुमार चांडक बृजेश शाह नीरज कुमार सुशांत रायका मुकेश सिन्हा विनोद चौरसिया मनोज अग्रवाल अजीत शाह शिव शंकर सोनी संजू बोरा शरद अग्रवाल पप्पू निषाद सुरेश श्रीवास्तव भोलू चन्द भगत महेश अग्रवाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## मेगा मेडिकल कैंप को लेकर जायंट्स की बैठक


बैठक करते लोग

**गढ़वा।** आगामी 23 मार्च दिन रविवार को सेंटेविटा अस्पताल, रांची तथा जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले मेगा मेडिकल कैंप को लेकर स्थानीय ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल के सभागार में बैठक की गई। ग्रुप अध्यक्ष राकेश केशरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शिविर को सुचारु रूप से संचालन के लिए विचार विमर्श किया गया। साथ ही सफल आयोजन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया। इस मेगा मेडिकल कैम्प में रांची के डॉ आरएस दास के नेतृत्व में विभिन्न रोग यथा मनोरोग, हड्डी रोग, गला, नाक कान रोग, स्त्री रोग, बच्चों के रोग, किडनी रोग, शुगर, आंख, चर्म रोग, हृदय रोग इत्यादि के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी निःशुल्क सेवा प्रदान करेंगे। मौके पर जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन के स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, विनोद कमलापुर, मदन प्रसाद केशरी, मनोज केशरी, नंद कुमार गुप्ता, कमलेश कुमार गुप्ता, मोजीबुद्दीन खान, अवधेश कुशवाह, ध्रुव केशरी, डॉ वीरेंद्र कुमार, दीपक तिवारी, अशोक गुप्ता, संतोष कुमार मेहता, विनोद गुप्ता, मनदीप प्रसाद, अरुण सोनी, विजय केशरी आदि उपस्थित थे।

## किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मेला का शुभारंभ उप परियोजना निदेशक योगेंद्र नाथ सिंह, बीडीओ नंदजी राम, प्रमुख शोभा देवी, भवनाथपुर मुखिया बेबी देवी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस मेले में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, प्रमार्थी फॉर्मर प्रोड्यूसर, एग्री विजन प्रोड्यूसर, सोनांचल आयुर्वेद सहित कई संस्थाओं ने अपने-अपने स्टॉल लगाए। इस प्रदर्शनी में लगभग 200 किसानों ने भाग लिया और अपने द्वारा उत्पादित फसलों को प्रदर्शित किया। मेले के दौरान उप परियोजना निदेशक, बीडीओ व बीटीएम राकेश कुमार ने किसानों को उन्नत खेती, जैविक कृषि, नई तकनीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उप परियोजना निदेशक ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य किसानों को कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों से अवगत कराना, किसानों को जागरूक करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था। इस अवसर पर 10 किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया, जिससे वे अपनी भूमि की उर्वरता के अनुसार खेती कर सकें। इसके अलावा, मेले में शामिल सभी किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष पुरस्कार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन अरुण कुमार पांडेय ने किया। मौके पर किसान मित्र अनुज पाठक, सुनील राउत, पंचम साह, राजेंद्र यादव, सुनील राम, प्रेम यादव, रमेश राम, दीपक जायसवाल, झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज यादव, पूर्व विस सूत्री ब्रजेश सिंह, उप प्रमुख पिंटु टोप्पो, बीपीएम मोनिका कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।


वितरण करते अतिथि

## वन सम्पदा को बचाने के लिए किया गया जागरूक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सगमा।** वन विभाग ने वन सम्पदा को बचाने के लिए प्रचार वाहन से लोगों को जागरूक करते हुए सगमा धुरकी वन क्षेत्र में महुआ चुनने वाले सभी ग्रामीणों से अपील किया है कि वन्य प्राणी और जंगली जीव जंतु की सुरक्षा को देखते हुए महुआ पेड़ के नीचे आग न लगाएं। आग लगने से न केवल जंगली जीव जंतु नष्ट होते हैं बल्कि कई इमारती लकड़ियों को भी नुकसान पहुंचता है। साथ ही अगल-बगल के गांव-टोले में भी आग की लपटें पहुंच कर वहां की फसलों को क्षति पहुंचाते हैं। यह सभी जानकारी वनपाल प्रमोद कुमार यादव ने दिया।

वनपाल श्री यादव ने बताया कि ग्रामीणों के वर्तमान लाभ के लिए जंगल और पर्यावरण को दीर्घकालिन नुकसान हो रहा है। जंगल में आग से जंगलों के छोटे पौधों और छोटे जीव जन्तु को नष्ट हो रहे है। पर्यावरण विदों की माने तो अभी जंगल में इमारती पेड़ के प्रजनन का समय होता है। नए पौधों के लिए बीज जमीन पर गिरते हैं। जो पहली बारिश के बाद अंकुर होते हैं। लेकिन ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आग उन बीजों को नष्ट कर देता है। यही कारण है कि जंगल का घनत्व दिनो दिन कम हो रहा है। वन विभाग की टीम लगातार ग्रामीणों से जंगल में आग नहीं लगाने की अपील कर रहा है लेकिन ग्रामीणों पर वन विभाग की अपील का कोई असर नहीं होता हैं। प्रचार प्रसार में कहा कि आग लगाने वाले ग्रामीणों को चिन्हित कर वन अधिनियम के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई किया जाएगा तथा जुमार्ना के साथ साथ कठोर कारावास की सजा भुगतना पड़ सकता है। मौके पर वनरक्षी यशवंत कुमार, द्रोण कुमार, निरंजन कुमार, अध्यक्ष प्रेमचन्द आदि ग्रामीण उपस्थित थे।


जागरूक करता वाहन


**अल्पकालीन सूचना पट्ट निविदा हेतू अल्पकालीन सूचना**

**महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा का कार्यालय, झारखण्ड, राँची।**

निदेशानुसार, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी अन्तर्गत बेड कॉट के क्रय हेतु निविदा का प्रकाशन किया गया है। निविदा समर्पित करने की तिथि दिनांक–22.03.2025 तक है। इच्छुक विक्रेता/आपूर्तिकर्त्ता, न्यूनतम दर, कार्यालय अवधि के दौरान अद्योहस्ताक्षरी के नाम से उपलब्ध करा सकते हैं। निविदा संबंधी विवरण कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रकाशित की गई है।

पुलिस उप–महानिरीक्षक
गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएँ,
झारखण्ड, राँची

PR 348642 Police(24-25)#D

सं0 संख्या–5/प्रशि0(क्षेत्रीय क्रय)-07–2023–
**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची**

पत्रांक–331 दिनांक–18.03.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अधीनस्थ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में New Age Courses हेतु मशीन/टूल्स एवं उपकरण के क्रय से संबंधित विभाग द्वारा e-Tenders (Online Open Tenders) आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु विस्तृत निविदा अभिलेख https://jharkhandtenders.gov.in/nicgep/app पर उपलब्ध है। निविदा आमंत्रित करने की अंतिम तिथि 19.03.2025 के अपर्राहन 06:00 बजे तक निर्धारित है।

ह0/–
उप निदेशक प्रशिक्षण(मु0)
निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण
झारखण्ड राँची

PR 348686 Labour Employment and Traning(24-25).D

e-Procurement Cell
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, BUILDING DIVISION NO. – 02, RANCHI**
(Behind State Guest House Morhabadi), Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

**E- QUOTATION INVITATION NOTICE**

Quotation Reference No : BCD/Bld. Div.No.- 02 - 25/2024-25

Sealed Quotations are invited for the work **Annual Operation and Comprehensive Maintenance of 3 Nos. 260 TR Air Cooled Screw Chillers with Associated Equipment Like AHUS, Pumps Installed at Trauma Centre, RIMS, Ranchi.** for all Materials from Reputed Shop Keepers/ Manufacturers/Suppliers/Retailers/Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. The Quotationer shall submit their rates of items of items which will be Inlclusive of Royalty and all other taxes, (GST) etc. Quotationer may quote rate for all the items/part of the itmes for which they are concerned.

नोट :–
(1) वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि : 25.03.2025 के अपराह्न 3:00 बजे।
(2) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 31.03.2025 के अपराह्न 3:00 बजे तक।
(3) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 03.04.2025 अपराह्न 3:30 बजे।
(4) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–02, राँची।
(5) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 7992430721
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

Nodal Officer, e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer
Building Construction Department,
Building Division No.-02, Ranchi

PR 348682 Building(24-25)#D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची**

**अति अल्पकालिन निविदा सूचना –27/2024–25**

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, राँची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, राँची पूर्व राँची ।
3) परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : 24.3.2025 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 25.3.2025 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 25.3.2025 अपराहन 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान : 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
8) कार्य विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Day by day maintenance for cleaning of toilet and bathroom and water supply at Hon'ble Judges Bunglow and other Jharkhand High court pool Quarters, Doranda under D.W. & Sanitation, Division Ranchi East, Ranchi for the year 2025-26 ( Six Month 1.04.25 to 30.09.2025) | 2407837.00 | 48200.00 | 5000.00 | Six Months |
| 2 | Day by day maintenance of plumbing fixtures at Hon'ble Judges Bunglow and other Jharkhand High court pool Quarters, Doranda under D.W. & Sanitation, Division Ranchi East, Ranchi for the year 2025-26 ( Six Month 1.04.2025 to 30.09.2025) | 1189647.00 | 23900.00 | 2500.00 | Six Months |
| 3 | Operation Maintenance of STP (450 KLD) (MBBR Technology and Water treatment plant cum pump house at Jharkhand New High court campus under D.W. & Sanitation, Division Ranchi East, Ranchi (for the year 2025-26 Six Month 1.04.25 to 30.9.25) | 2497729.00 | 50000.00 | 5000.00 | Six Months |
| 4 | Day by day operation, maintenance and Smooth water supply in Government Building of Doranda under D.W. & Sanitation, Division Ranchi East, Ranchi (for the year 2025-26 Six Month 1.04.25 to 30.09.2025) | 2259122.00 | 45200.00 | 5000.00 | Six Months |
| 5 | Day by day maintenance of plumbing fixtures, cleaning of toilet and bathroom, MLA flats. Guest house and Jharkhand vidhan sabha pool quarters under D.W. & Sanitation, Division Ranchi East, Ranchi for the year 2025-26 (Six Month 1.04.25 to 30.09.2025) | 2010346.00 | 40300.00 | 5000.00 | Six Months |
| 6 | Annual repairand maintenance of Domestic /commercial RO/Water Purifier with cooler of different models installed at different location of MLA Bungalow ,Staff Quarters,and Other Govt. Residential Bungalow/Quarters Doranda Ranchi under D.W&S Division ,Ranchi East Ranchi For the yr 25-26. | 736239.00 | 14800.00 | 1250.00 | 1 Year |
| 7 | Day by day Improvement of water supply by replacement of UPVC Pipe and fittings at FFP Building, Project Building, MDI Building, Engineering Hostel and other Govt. offices places under D.W. and S. Division, Ranchi East, Ranchi (for the year 2025 Six Months 1.04.25 to 30.09.25) | 880996.00 | 17700.00 | 1250.00 | Six Months |
| 8 | Day by Day improvement of water supply by replacement of old and damaged UPVC pipe and fittings at old Vidhan Sabha Campus and HEC Campus and others under D.W and S Division ,Ranchi East Ranchi.(for the year 2025-26 Six Months 1.4.25 to 30.9.25) | 764896.00 | 15400.00 | 1250.00 | Six Months |
| 9 | Repair and Maintenance of Iron &turbidity Removal filter plant with Alum pot,Oxidization Chamber Filter with multiple valves and necessary water supply pipe and its allied work at different location of High court Bungalow and other High court pool Qtr. Doranda Ranchi under D.W&S Division ,Ranchi for Yr.20025-26 | 931441.00 | 18700.00 | 1250.00 | 1 Year |
| 10 | Annual repair and maintenance of Domestic /commercial RO/Water Purifier with cooler of different location of High Court building , judge bungalow , registrar's Quarter,Judge's Guest House &High court Pool quarters etc.under D.W&S Division ,Ranchi East Ranchi For the yr 25-26. | 875651.00 | 17600.00 | 1250.00 | 1 Year |
| 11 | Annual repair and maintenance for different models of Geysar installed at different location of High Court Judge Bungalow , Registrar's Quarter, Judge Guest House&High Court Staff quarters etc. under D.W.&S Division ,Ranchi East ,Ranchi for the Yr.25 -26. | 1056934.00 | 21200.00 | 2500.00 | 1 year |

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० राँची पूर्व राँची

PR 348697 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D

# सुनीता की वापसी

नासा के अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बट्च विलमोर ने अंतरिक्ष में नौ महीने से ज्यादा समय बिताने के बाद अपनी पृथ्वी वापसी की यात्रा शुरू कर दी है। उनका स्पेसक्राफ्ट अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (क्रर) से सफलतापूर्वक अलग हो गया। नासा ने स्पेसक्राफ्ट के स्टेशन से अलग होने का वीडियो भी जारी किया है।सुनीता विलियम्स और विलमोर 5 जून 2024 को बोइंग के स्टारलाइनर यान से अंतरिक्ष में गए थे। यह स्टारलाइनर की पहली मानव मिशन उड़ान थी और इसे सिर्फ 8 दिनों के लिए भेजा गया था। लेकिन, स्टारलाइनर में प्रोपल्शन सिस्टम (धक्का देने वाली प्रणाली) में खराबी आ गई। नासा और बोइंग ने 6 जून को बताया कि स्टारलाइनर में हीलियम गैस का रिसाव हो रहा है और रिएक्शन कंट्रोल थ्रस्टर में दिक्कत आ रही है। इन समस्याओं के चलते स्टारलाइनर को इंसानों के लिए असुरक्षित मानते हुए उसे खाली वापस लाना पड़ा। इससे दोनों अंतरिक्ष यात्री स्टेशन पर फंस गए।

अब इन दोनों को वापस लाने के लिए एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने अपने ड्रैगन यान को भेजा है। यह यान शनिवार को फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए लॉन्च हुआ। नासा ने जानकारी दी है कि स्पेसएक्स का क्रू ड्रैगन यान मंगलवार सुबह 1:05 बजे ईस्टर्न टाइम (भारतीय समयानुसार सुबह 11:35 बजे) स्टेशन से अलग होगा और बुधवार तड़के 4:27 बजे (भारतीय समयानुसार) फ्लोरिडा के तट पर समुद्र में उतरेगा। गुजरात के मेहसाणा जिले में सुनीता विलियम्स के पैतृक गांव में बुधवार सुबह दिवाली जैसा जश्न मनाने की तैयारी हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सुनीता विलियम्स को पत्र लिखकर उन्हें भारत आने का निमंत्रण दिया है। पीएम ने उनके लंबे और कठिन मिशन की सराहना की। सुनीता के भारतीय मूल होने के कारण भारत की बेटी की सुरक्षित वापसी का इंतजार है।

## आज का राशिफल

**मेष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-5-7-8

**वृष :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। यात्रा न करें। शुभांक-4-6-7

**मिथुन :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-4-6-8

**कर्क :** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-3-6-9

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अतः आलस्य का त्याग करें। शुभांक-4-6-8

**कन्या :** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। धार्मिक कार्य शुभ रहेगा। शुभांक-2-4-6

**तुला :** योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें। शुभांक-3-6-7

**वृश्चिक :** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंग। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-2-5-7

**धनु :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-2-5-7

**मकर :** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। शुद्ध गोचर का लाभ। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-3-6-8


**कुंभ :** मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-6-8-9

**मीन :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। शुभांक-5-8-9

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# सरकारी अधिकारियों से दुर्व्यवहार की बढ़ती घटनाएं एक चुनौती





- प्रियंका सौरभ

> 2014 का व्हिसल ब्लोअर प्रोटेक्शन एक्ट उन लोक सेवकों के लिए सुरक्षा प्रदान करता है जो गलत कामों की रिपोर्ट करते हैं। नागरिकों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने से विश्वास बढ़ता है और शत्रुता कम होती है। राजस्थान में जन सुनवाई (सार्वजनिक सुनवाई) पहल ने जवाबदेही को बढ़ावा दिया है और समुदाय के भीतर विश्वास का निर्माण किया है।

**कानून** प्रवर्तन, उद्योग विनियमन और चुनाव अधिकारियों का उत्पीड़न और उन पर विभिन्न प्रकार के दबाव की प्रवृत्ति चिंताजनक है। यह प्रवृत्ति लोक सेवकों को अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से निभाने से रोकती ही नहीं बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं में विश्वास को कमजोर कर सकती है। अधिकारियों, विशेष रूप से चुनाव, न्यायपालिका और नियामक निकायों में शामिल लोगों को अकसर अपने निर्णयों को प्रभावित करने के उद्देश्य से धमकी का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त, झूठे आरोप और बदनामी अभियान उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल कर सकते हैं और उनके अधिकार को कम कर सकते हैं। हालांकि कुछ देशों में लोक सेवकों की सुरक्षा के लिए कानून हैं।ऐसी स्थितियों से तनाव और भय के परिणामस्वरूप बर्नआउट, इस्तीफे और योग्य उम्मीदवारों को आकर्षित करने में चुनौतियां हो सकती हैं।

सरकारी अधिकारियों से दुर्व्यवहार और शत्रुता की बढ़ती घटनाएं प्रशासनिक नैतिकता और कानून के शासन के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती बन गई है। ऐसी घटनाएं न केवल लोक सेवकों का मनोबल गिराती हैं, बल्कि शासन में जनता का विश्वास भी कम करती हैं, जिससे अधिकारियों को इन कठिनाइयों से निपटने में मदद करने के लिए एक मजबूत नैतिक ढांचे की आवश्यकता है। सरकारी अधिकारियों को कई बार तो शारीरिक हिंसा का भी सामना करना पड़ता है। यह सब राजनीतिक विभाजन, गलत सूचना और सोशल मीडिया के प्रभाव जैसे विभिन्न कारकों से प्रेरित है, जो आक्रामक बयानबाजी को बढ़ाता है। कुछ मामलों में, अधिकारियों को डोक्स किया गया है, उनकी व्यक्तिगत जानकारी ऑनलाइन जारी की जाती है और उन्हें संगठित उत्पीड़न अभियानों या शारीरिक हमलों का लक्ष्य बनाया जाता है।

शिकायतों के लिए स्पष्ट और खुले चैनल बनाने से शत्रुता को कम करने में मदद मिल सकती है। केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली पोर्टल ऑनलाइन नागरिक शिकायतों के प्रबंधन के लिए एक प्रभावी उपकरण है। संघर्ष समाधान और सार्वजनिक संपर्क में अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने से शत्रुता से निपटने की उनकी क्षमता में सुधार होता है। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी प्रशिक्षण ढांचे में संकट प्रबंधन पर केंद्रित घटक शामिल हैं। भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले अधिकारियों की सुरक्षा अनैतिक प्रथाओं को हतोत्साहित करने में महत्वपूर्ण है। 2014 का व्हिसल ब्लोअर प्रोटेक्शन एक्ट उन लोक सेवकों के लिए सुरक्षा प्रदान करता है जो गलत कामों की रिपोर्ट करते हैं। नागरिकों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने से विश्वास बढ़ता है और शत्रुता कम होती है। राजस्थान में जन सुनवाई (सार्वजनिक सुनवाई) पहल ने जवाबदेही को बढ़ावा दिया है और समुदाय के भीतर विश्वास का निर्माण किया है। वरिष्ठ अधिकारियों को अपने कनिष्ठ सहयोगियों को प्रेरित करने के लिए नैतिक व्यवहार का मॉडल अपनाना चाहिए। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन शेषन ने सख्त चुनावी मानकों को लागू करके एक मजबूत उदाहरण पेश किया। ईमानदारी, लचीलापन और पारदर्शिता को अपनाकर, सिविल सेवक प्रभावी रूप से शत्रुता से निपट सकते हैं और साथ ही जनता का विश्वास भी बढ़ा सकते हैं।

कठिन परिस्थितियों में नैतिक शासन बनाए रखने के लिए संवैधानिक सिद्धांतों को बनाए रखना और सक्रिय उपायों को लागू करना आवश्यक है। जब सरकारी अधिकारियों को अपने कर्तव्यों को निष्पक्ष रूप से निभाने के लिए दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ता है, तो इससे संस्थाओं और न्याय प्रणाली में जनता का विश्वास खत्म हो सकता है। यह प्रवृत्ति प्रभावी शासन में बाधा डाल सकती है, क्योंकि अधिकारी प्रतिशोध के डर से न्यायपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से कार्य करने में संकोच कर सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप भ्रष्टाचार और अन्याय हो सकता है। ऐसे शत्रुतापूर्ण व्यवहार का सामना करते समय सिविल सेवकों का मार्गदर्शन करने वाले नैतिक मानकों का विश्लेषण करना और जवाबदेही और सार्वजनिक विश्वास बनाए रखने के तरीकों की जांच करना महत्वपूर्ण है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सरकारी अधिकारी अपने कार्यों के लिए जवाबदेह हैं और जो लोग अपने अधिकार का दुरुपयोग करते हैं, उन्हें उचित परिणाम भुगतने होंगे, मजबूत जवाबदेही प्रणाली महत्वपूर्ण है। सरकारी गतिविधियों की पारदर्शिता और निगरानी को बढ़ावा देने से कदाचार को रोकने और सार्वजनिक विश्वास बढ़ाने में मदद मिल सकती है। सरकारी संस्थानों की अखंडता में जनता का विश्वास बनाना महत्त्वपूर्ण है, जिसे नैतिक मानकों का पालन करके और अधिकारियों को उनके कार्यों के लिए जवाबदेह सुनिश्चित करके हासिल किया जा सकता है।

अपने कर्तव्यों को निष्पक्ष रूप से निभाने का प्रयास करने वाले सरकारी अधिकारियों का उत्पीड़न लोकतंत्र और प्रभावी शासन के लिए एक खतरा है। मजबूत सुरक्षा, कानूनी जवाबदेही और उत्पीड़न के प्रति सामाजिक प्रतिरोध के बिना, सार्वजनिक संस्थानों की अखंडता खतरे में पड़ जाती है। सरकारों, कानून प्रवर्तन, सोशल मीडिया प्लेटफार्म और नागरिकों के लिए यह सुनिश्चित करने के लिए एक साथ काम करना आवश्यक है कि अधिकारी प्रतिशोध के डर के बिना अपनी जिम्मेदारियों को पूरा कर सकें।

(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### कड़ी कार्रवाई हो

विदेशी महिला पर्यटकों के साथ यौन शोषण और लूट की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की गई है, जिनसे भारत की छवि पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। निश्चित तौर पर यह सब नैतिक मूल्यों के क्षरण, सोशल मीडिया द्वारा अश्लील सामग्री परोसे जाने तथा नैतिक शिक्षा की कमी के कारण हुआ है। उपर्युक्त घटनाओं को देखते हुए संभव है कि कुछ सरकारें अपने नागरिकों को कोई नकारात्मक एडवाइजरी भी जारी करें। कर्नाटक के हंपी तथा दिल्ली की घटनाएं निंदनीय तथा शर्मिंदा करने वाली हैं।

-श्यामलाल सिंह रांची

### सवालिया निशान

राहुल गांधी ने गुजरात दौरे में कांग्रेस कार्यकताओं पर निष्ठा को लेकर सवाल उठाए, जो पार्टी की नकारात्मकता को दर्शाती है। कांग्रेस की गुटबाजी, नेताओं की जी-हुजूरी और विश्वास की कमी से पार्टी कमजोर हो रही है। कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाने की बजाय, उन्हें शक की नजरों से देखते हैं। **– हरिहर सिंह रांची**

## ट्वीट

**जीवन** से संसार से परिवार से व्यापार से धर्म अलग हुआ तो धर्म एक बोझिल ड्यूटी मात्र रह जाती है और उसका पालन कुछ अनहोनी क्षति का भय या सामाजिक भय या झूठा दिखावा या आंतरिक लोभ के कारण किया जाता है। निष्कर्ष धर्म आनंदित प्रेमपूर्ण जीवन की विशुद्ध कला ही है जो इनबिल्ट रहती है, वैसा जीवन जिसमें ज्ञान बोध युक्त होना प्रमुख होता है इसका श्रोत सद्गुरु की वाणी शास्त्र आत्मचिंतन एवं आचरण अभ्यास है इसी को धार्मिक आध्यात्मिक जीवन होना समझें और इसका परिणाम प्रेम शांति आनंद से भरपूर जीवन है। जीवन से धर्म की मृत्यु हो जाएगी जीवन निरस बोझ बन जाएगा। **– दास ऋतेश्वर**

# गौरैया: पर्यावरण के लिए बहुत ही उपयोगी और आवश्यक है

**(20 मार्च/ विश्व गौरैया दिवस/ विशेष) रमेश सर्राफ धमोरा**

सामयिक

कभी बड़ी संख्या में हमारे साथ रहने वाली गौरैया अब धीरे-धीरे बहुत कम होती जा रही है। मगर जीवन की भागदौड़ में किसी का ध्यान इनकी घाटी संख्या की तरफ नहीं जा रहा है। बच्चों की सबसे नजदीकी मित्र गौरैया जिस तेजी से कम होती जा रही है उससे लगता है आने वाले समय में यह कहीं विलुप्त न हो जाए। इसलिए हम सबको मिलकर गंभीरता से ऐसे प्रयास करने चाहिए जिससे गौरैया को संरक्षण मिल सके और उनकी संख्या में फिर से बढ़ोतरी प्रारंभ हो सके।

गौरैया छोटे, फुतीर्ले पक्षी होते हैं जो 4 से 7 इंच तक लम्बे होते हैं। उनके गोल, मोटा शरीर और छोटी मजबूत चोंच होती हैं जो खुले बीजों को तोड़ने के लिए उपयुक्त होती हैं। उनके पंखों पर धारियां या गहरे रंग के धब्बे होते हैं। यह हल्की भूरे रंग या सफेद रंग में होती है। इसके शरीर पर छोटे-छोटे पंख और पीली चोंच व पैरों का रंग पीला होता है।

गौरैया मनुष्य के आसपास रहना पसंद करती है। यह लगभग हर तरह की जलवायु पसंद करती है पर पहाड़ी स्थानों में कम दिखाई देती है। शहरों, कस्बों, गांवों, और खेतों के आसपास यह बहुतायत में पाई जाती है। नर गौरैया के सिर का ऊपरी भाग नीचे का भाग और गालों पर पर भूरे रंग का होता है। गला चोंच और आंखों पर काला रंग होता है और पैर भूरे होते है। मादा के सिर और गले पर भूरा रंग नहीं होता है। नर गौरैया को चिड़ा और मादा चिड़ी या चिड़िया भी कहते हैं।

गौरैया पक्षियों के पैसर वंश की एक जीव वैज्ञानिक जाति है जो विश्व के अधिकांश भागों में पाई जाती है। आरम्भ में यह एशिया, यूरोप और भूमध्य सागर के तटवर्ती क्षेत्रों में पाई जाती थी। हर वर्ष 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य है गौरैया के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना और उनके लिए हमारे आस पास का माहौल बेहतर करना है। गौरैया चिड़िया को घरेलू चिड़िया भी कहा जाता है। गौरैया एक ऐसी चिड़िया है जो पर्यावरण के लिए बहुत जरूरी है। इसके अलावा धर्मशास्त्र के मुताबिक गौरैया का आपकी छत पर आना आपके लिए शुभ होता है।

आंकड़े बताते हैं कि विश्व भर में घर-आंगन में चहकने-फुदकने वाली छोटी सी प्यारी चिड़िया गौरैया की आबादी में 60 से 80 फीसदी तक की कमी आई है। ब्रिटेन की द्यरॉयल सोसाइटी ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ बर्ड्सद्ध ने भारत से लेकर विश्व के विभिन्न हिस्सों में अनुसंधानकताओं द्वारा किए गए अध्ययनों के आधार पर गौरैया को द्यरेड लिस्टद्ध में डाला था। वहीं आंध्र विश्वविद्यालय द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक गौरैया की आबादी में करीब 60 फीसदी की कमी आई है। यह कमी ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में हुई है। पश्चिमी देशों में हुए अध्ययनों के अनुसार गौरैया की आबादी घटकर खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है। जबकि स्टेट ऑफ इंडियाज बर्ड्स (एसओआईबी) रिपोर्ट 2023 के मुताबिक पिछले 25 सालों में गौरैया की आबादी कुल मिलाकर काफी स्थिर रही है। हालांकि भारत में हाउस स्पैरो की संख्या कम होने की आम धारणा है। गौरैया के संरक्षण के प्रति जागरूकता को लेकर दिल्ली सरकार ने 2012 और बिहार सरकार ने 2013 से गौरैया को राजकीय पक्षी घोषित कर रखा है।

कभी हमारे घर-आंगन में गिरे अनाज को खाने गौरैया फुर्र से आती थी और दाना चुगकर उड़ जाती थी। हालांकि गांवों में आज भी कई घरों में गौरैया आ रही है। गौरैया की संख्या में कमी के पीछे कई कारण हैं जिन पर लगातार शोध हो रहे हैं। गौरैया की संख्या में कमी के पीछे के कारणों में आहार की कमी, बढ़ता आवासीय संकट, कीटनाशक का व्यापक प्रयोग, जीवन-शैली में बदलाव, प्रदूषण और मोबाइल फोन टावर से निकलने वाले रेडिएशन को दोषी बताया जाता रहा है। गौरैया की संख्या में कमी के पीछे बेतहाशा कीटनाशक का प्रयोग को माना जा रहा है। गौरैया अपने बच्चे को फसल, साग-सब्जी, फलों में लगनेवाले कीड़े को खिलाती है। इससे गौरैया के बच्चे को भरपूर प्रोटीन मिलता है। बच्चा अनाज खा नहीं सकता है लेकिन जिस तरह से फसल-सब्जी-फल-अनाज में कीटनाशकों का इस्तेमाल बढ़ा है। फसल और साग-सब्जी में बेतहाशा कीटनाशक के प्रयोग ने कीड़ों को मार डाला है। ऐसे में गौरैया अपने बच्चे को पालने के दौरान समुचित आहार यानी प्रोटीन नहीं दे पाती है और बच्चे कमजोर हो जाते हैं।

गौरैया के प्रजनन के लिए अनुकूल आवास में कमी को भी इसकी संख्या में कमी का एक कारण माना जा रहा है। कच्चे घरों का तेजी से कंक्रीट के जंगलों में तब्दील होने से शहरों में इनके प्रजनन के लिए अनुकूल आवास नहीं मिलते हैं। यही वजह है कि एक ही शहर के कुछ इलाकों में ये दिखती है तो कुछ में नहीं।

# विदेशियों से रेप की शर्मसार करती घटनाएं

**अन्नू अबांलिका**

चिंता




कर्नाटक के हंपी में इस्त्राइली पर्यटक समेत दो महिलाओं के साथ गैंगरेप की घटना का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि दिल्ली में एक ब्रिटिश पर्यटक से दुराचार का घृणित मामला सामने आया है। निश्चय ही यह देश की छवि को धूमिल करने वाला कृत्य है। हंपी की घटना तो भयावह थी, जिसमें रात में कैंपिंग कर रहे तीन पर्यटकों को नहर में फेंक दिया गया और तीन अपराधियों ने इस्त्राइली महिला व एक भारतीय महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया। दोनों महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं नदी में फेंके गए एक पर्यटक की मौत हो गई, जिसका शव बरामद कर लिया गया। पर्यटकों में एक अमेरिकी व दो भारतीय थे। बदमाशों ने न केवल दुष्कर्म किया बल्कि मारपीट व लूटपाट भी की। हालांकि, तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन देश की प्रतिष्ठा को जो आंच आई है, उसकी क्षतिपूर्ति संभव नहीं।

विदेशों में भारत की छवि यौन अपराधियों के चलते लगातार खराब हो रही है। गाहे-बगाहे सुनसान पर्यटक स्थलों पर यौन दुर्व्यवहार की घटनाएं अक्सर सुनने को मिलती हैं। वहीं दूसरी ओर दिल्ली के एक होटल में एक ब्रिटिश पर्यटक के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया। एक युवक ने सोशल मीडिया पर दोस्ती करके भारत घूमने आई ब्रिटिश महिला को दिल्ली बुलाया और एक होटल में दुष्कर्म किया। इस मामले में ब्रिटिश दूतावास ने संज्ञान लिया है। बहुत संभव है कि विदेशी सरकारें भारत आने वाले पर्यटकों को लेकर कोई नकारात्मक एडवाइजरी जारी करें।

हाल के दिनों में भारत में यौन अपराधों की बाढ़-सी आई हुई है। न केवल विदेशियों बल्कि भारतीय महिलाओं के साथ घृणित यौन अपराधों की तमाम घटनाएं प्रकाश में आ रही हैं। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस नैतिक पराभव का कारण क्या है।

कहीं न कहीं ये जीवन मूल्यों में क्षरण का भी परिचायक है। दरअसल, इंटरनेट और कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अश्लील सामग्री की बाढ़-सी आई हुई है। देश का युवा उसकी चपेट में आकर भटकाव की राह में बढ़ रहा है। सामाजिक स्तर पर संयुक्त परिवारों के बिखराव से भी यह संकट और बढ़ा है। गांव व शहर में पहले सामाजिक संरचना मनुष्य को संयमित व मर्यादित जीवन जीने को बाध्य करती थी। हमारी शिक्षा व्यवस्था से नैतिक शिक्षा की कमी भी अखरती है। दरअसल, सोशल मीडिया पर ऐसे कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जा रहा है जो पश्चिमी जीवन शैली की तर्ज पर स्वच्छंद यौन व्यवहार को प्रोत्साहित करते हैं। जिसे युवा सामान्य जीवन में स्वच्छंदता का पर्याय मानने लगा है। कहीं न कहीं महानगरीय संस्कृति में नई पीढ़ी पर परिवार संस्था की ढीली होती पकड़ भी इन अपराधों के मूल में है।

समाज विज्ञानियों को आत्ममंथन करना होगा कि यौन अपराधों को लेकर सख्त कानून बनने के बावजूद इस आपराधिक प्रवृत्ति पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है। इस दिशा में सरकार, समाज व परिवार को गंभीरता से मंथन करना होगा। अन्यथा भारत यौन अपराधों की राजधानी बनने में देर नहीं लगेगी।



**राजधानी रांची से सटे लोधमा मे मुढ़ी का उत्पादन एक उद्योग का रूप ले चुका है। रांची रिंग रोड से सात किमी दूर लोधमा- कर्रा मार्ग पर स्थित इस मशहूर लघु उद्योग पर खरीदारों की भीड़ लगती है। फोटो- अजय सानी**

## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### तमन्ना वर्मा को मिला आर्चरी किट




**रामगढ़।** उपायुक्त कार्यालय कक्ष में मंगलवार को उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के अधिकारियों की उपस्थिति में पतरातू निवासी तीरंदाज खिलाड़ी तमन्ना वर्मा को सीएसआर के तहत आर्चरी किट उपलब्ध कराया गया। मौके पर उपायुक्त ने खिलाड़ी तमन्ना वर्मा को खेल में बेहतरीन प्रदर्शन करने, अपने राज्य व देश का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड द्वारा सीएसआर के तहत आर्चरी किट उपलब्ध कराया गया।

### बड़कीपोना में महायज्ञ दो अप्रैल से



**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के पंचायत बड़कीपोना में श्री श्री 108 राम लखन हनुमत प्राण प्रतिष्ठा पांच दिवसीय महायज्ञ 2 अप्रैल से शुरू होगा। जिसके लिए मंगलवार को यज्ञाचार्य सत्येंद्र कुमार उपाध्याय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच ध्वजारोहण (भूमिपूजन) किया गया। ग्रामीणों के द्वारा ध्वजारोहण यात्रा निकाली गई। इसके बाद गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान नगर भ्रमण में सैकड़ों महिला-पुरुष पूरे श्रद्धा के साथ सम्मिलित हुए। उपस्थित लोगों के जय बजरंगबली और जयश्रीराम के उद्घोष से समुचा गांव गुंजयमान हो गया। इस मौके पर पूर्व विधायक सुनीता चौधरी ने ध्वजारोहण कर यज्ञ की तैयारी का शुभारंभ किया। चौधरी ने कहा कि यज्ञ से आसपास का वातावरण शुद्ध होता है व मानसिक शांति की प्राप्ति होती है. साथ उन्होंने गाँव की सुख समृद्धि की कामना की।

### मोबाइल दुकान से नगद व सामान चोरी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्री अतंर्गत पोस्ट ऑफिस के निकट राजा मोबाइल एंड सर्विस दुकान में चोरों ने एस्बेस्टस और सीलिंग तोड़कर नकदी सहित हजारों रुपये की सामान चोरी की। स्टाफ जाकिर ने जब सुबह दुकान का शटर खोला तो देखा की सीलिंग टूटा हुआ है और दुकान से कई समान गायब है। जाकिर ने चोरी की घटना की जानकारी दुकान संचालक अनवर अंसारी को दी। सूचना के बाद अनवर अंसारी दुकान पहुंचे और चोरी हुए सामानों का जायजा लिया। चोरी के संबंध में दुकान संचालक अनवर अंसारी ने भुरकुंडा ओपी में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। बीती रात चोर एस्बेस्टस और सीलिंग तोड़कर दुकान में घुस गए। जहां से लगभग 15 हजार रुपए नकद, एक लैपटॉप, मरम्मती के लिए रखे गए 6 से 7 पीस मोबाइल, हेडफोन्स सहित कई एसेसरीज चुरा ले गए। भुरकुंडा पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### वार्ड नंबर 9 में लगा हेल्थ कैंप



**रामगढ़ ।** सेल रिफ्रैक्टरीज यूनिट इफिको के सौजन्य से पंचायत भवन मरार वार्ड नंबर 9 में सीएसआर फंड के तहत सोमवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर उद्घाटन सेल रिफ्रैक्टि्ज यूनिट इफिको महाप्रबंधक प्रभारी विपिन बिहारी कांता ने किया। श्री कांता ने कहा कि सेल का लक्ष्य है कि सीएसआर का फंड अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे तथा समाज में सेल का भागीदारी हो। इस कार्यक्रम में सीएसआर फंड के तहत दो दिव्यांगों को व्हील चेयर प्रदान किया गया। शिविर से लगभग 100 से अधिक लोगों की जांच कर नि:शुल्क दवा उपलब्ध कराया गया । शिविर में मुख्य रूप से महाप्रबंधक अनुरक्षण आर के गुप्ता ,उप महाप्रबंधक एचआर आनंद सिन्हा ,प्रबंधक एचआर यश श्रीवास्तव , चिकित्सक डॉ दीपांकर , वार्ड पार्षद शंकर मिश्रा , आनंद प्रताप सिंह ,दिवाकर गिरी,संतोष सिंह , सुभाष राम ,राम जी राम,आशीष मिश्रा ,उमेश बेदिया ,संजय रजवार आदि उपस्थित थे ।

### महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन



**कुजू।** नगर परिषद क्षेत्र के पैंकी मुंडा टोला में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम यज्ञाचार्य रामशरण गिरी, लोकेश गिरी, पुरोहित जनार्दन तिवारी, नीतेश तिवारी ने यजमान बने बरतू मुंडा, मनोज मुंडा, चूरामन मुंडा सहपत्नीक के हाथों विधिवत पूजा अर्चना कराया। साथ ही पूजन उपरांत गाजे बाजे और महावीरी झंडे के साथ मंदिर परिसर से नगर भ्रमण का कार्य शुरू किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा मुंडा टोला से लेकर भुइंया टोला, पैंकी महतो टोला आदि स्थान होते हुए मंडप परिसर पहुंचकर समाप्त हुआ। साथ ही विधि विधान से झंडे का ध्वजारोहण किया गया। मौके पर फूलो मुंडा, राजू भुइंया, अमरदीप मुंडा, शंकर मुंडा, महेश भुइंया, मनोज मुंडा, संदीप मुंडा,नागेश्वर मुंडा,अनिल कुमार, युगल मुंडा, राजेंद्र भुइंया, अजय राम, बसंती देवी,शुक्रमणि देवी, निशा देवी, हुलासो देवी,प्रियंका देवी,रूपा देवी,सरिता देवी समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

### ओपी जिंदल कॉलेज में इलेक्ट्रीशियन व वेल्डर फेब्रिकेशन की पढ़ाई अप्रैल से

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज पतरातु में नावार्ड द्वारा प्रायोजित कोर्स असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन एवं वेल्डर फेब्रिकेशन का अप्रैल माह से शुभारंभ होगा। इन कोर्स में नामांकण लेने वाले छात्रों का 10वीं पास होना आवश्यक है। प्रशिक्षण तीन माह का पूर्णत: नि:शुल्क रहेगा। साथ ही छात्रों का रहने एवं खाना की व्यवस्था कॉलेज द्वारा किया जाएगा। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण के उपरान्त सर्टिफिकेट एवं टूल किट का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा एवं प्लेसमेंट की व्यवस्था भी की जायेगी। जो छात्र उपरोक्त कोर्सों में अपना नामांकण कराना चाहते हैं वे संस्थान में आकर करा सकते हैं। कोर्स की जानकारी के लिए मो. नंबर 8809876707, 9973499696 पर संपर्क कर सकते हैं।

# शिक्षा व वन संरक्षण में घोर लापरवाही

## विधानसभा में विधायक प्रदीप प्रसाद ने कई मुद्दों को लेकर सरकार को घेरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** विधानसभा के बजट सत्र में भाजपा के सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने शिक्षा और पर्यावरण से जुड़े गंभीर मुद्दों पर सरकार को घेरा। उन्होंने कोचिंग संस्थानों की अनियमितता और वन संरक्षण की विफलता को लेकर सरकार से तीखे सवाल पूछे। विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में सवाल उठाया कि झारखंड में हजारों कोचिंग संस्थान बिना किसी सरकारी मान्यता के संचालित हो रहे हैं, जो छात्रों और अभिभावकों का शोषण कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से पूछा कि आखिर ये संस्थान मनमाने ढंग से उच्च शुल्क वसूलकर छात्रों के भविष्य से क्यों खेल रहे हैं?

सरकार ने जवाब दिया कि कोचिंग संस्थानों के नियमन के लिए दिशा-निर्देश तैयार किए जा रहे हैं। इस पर

**▶▶ सिर्फ कागजों में जंगल बचाने के दावे, जमीन पर कट रहे वन**



असंतोष जाहिर करते हुए विधायक ने दो टूक पूछा कि सरकार बताए कि ये दिशा-निर्देश कब लागू होंगे? क्या तब तक छात्रों का शोषण जारी रहेगा वन संरक्षण के मुद्दे पर सरकार को आड़े हाथों लेते हुए विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में कहा कि झारखंड का 40.56% क्षेत्र संरक्षित वन क्षेत्र और 48.34% ओपन फॉरेस्ट के रूप में दर्ज है, लेकिन इसके बावजूद वन क्षेत्र लगातार घटता जा रहा है।

सरकार ने जवाब दिया कि राज्य में 24 जिलों में 92 स्थायी पौधशालाएँ काम कर रही हैं और 96 लाख पौधे तैयार किए जा रहे हैं। इस पर विधायक ने सरकार के दावों को 'आँकड़ों की बाजीगरी' करार देते हुए कहा कि अगर सरकार के दावे सही हैं, तो जंगल लगातार कम क्यों हो रहे हैं? अवैध कटाई और अतिक्रमण क्यों नहीं रुक रहा? वन संरक्षण योजनाओं का ऑडिट हो, अवैध अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई हो।

### नियमों को ताक पर रखकर चल रहे हैं कोचिंग संस्थान

सिर्फ हजारीबाग जिले की बात करे को बिना निबंधन के नियमों को ताक पर रखकर 500 से भी ज्यादा कोचिंग सेंटर चल रहे है। यहां बच्चों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। शहर के कई इलाकों में तो कोचिंग हब बन गए हैं, जहां बच्चों को जान जोखिम में डालकर सड़क पार करनी पड़ती है। ज़िले में शिक्षा के नाम पर बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ हो रहा है। पूरे ज़िले में, खास तौर पर शहर में, बिना नियम-कानूनों के 200 से भी ज्यादा कोचिंग सेंटर चल रहे हैं। शिक्षा विभाग के पास कितने कोचिंग सेंटर रजिस्टर्ड हैं, इसका भी डिटेल नहीं दिया जाता है। इन कोचिंग सेंटरों में बच्चों की सुरक्षा के लिए न फायर सेफ़्टी के इंतजाम हैं और न ही प्राथमिक उपचार की। यहाँ तक कि कई जगहों पर तो बच्चों के बैठने तक की सही व्यवस्था नहीं है।

# अपराधिक गिरोहों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई : एसपी

## अपराधियों की जानकारी जन शिकायत पेटी में डालें

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं डीजीपी अनुराग गुप्ता ने झारखंड को भयमुक्त बनाने तथा अपराधिक गिरोह के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इसी आलोक में पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार ने गिरोह / गैंग के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी पुलिस निरीक्षक, सभी थाना/ओपी प्रभारी को दिया। 6 मार्च को रामगढ़ जिला अन्तर्गत पतरातू थाना एवं भुरकुंडा ओपी क्षेत्र में सर्वजनिक स्थानों पर कुल 04 गिरोह/गैंग से संबंधित जन शिकायत पेटी गुप्त सूचना प्राप्त करने के उद्देश्य से लगाया गया है। 18 मार्च को पुलिस अधीक्षक द्वारा भुरकुंडा ओपी क्षेत्र में लगे गिरोह/गैंग से संबंधित जन शिकायत पेटी को खोला गया। जिसमें कुल 03 गिरोह से संबंधित शिकायत प्राप्त हुए है। जिसका सत्यापन कर अविलंब अग्रतर कार्रवाई करने हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पतरातू को निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वजनिक स्थानों पर लगाये गये गिरोह / गैंग से संबंधित जन शिकायत पेटी के संबंध में आम जनता को जानकारी देते हुए कहा गया यदि कि किसी भी व्यक्ति को अपराधिक गिरोह / गैंग द्वारा लेवी से संबंधित धमकी दी जाती है या गिरोह / गैंग से संबंधित किसी भी तरह की सूचना प्राप्त होती है तो वह बिना थाना गये किसी भी समय अपना नाम पता गुप्त रखते हुए जन शिकायत पेटी के माध्यम से पुलिस को सूचना दे सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति द्वारा विस्तृत जानकारी हेतु अपना नाम एवं मोबाईल नं० दिया जाता है तो उसे गुप्त रखा जाएगा। गिरोह / गैंग से संबंधित किसी भी तरह की सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा प्राप्त सूचना पर अविलम्ब जांच कर सख्त से सख्त कार्रवाई किया जाएगा। पुलिस रामगढ़ जिला को भयमुक्त बनाने के लिए कटिबद्ध एवं 24 घंटे तैयार है। एसपी ने अपराधकर्मियों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी गिरोह गैंग के सदस्यों द्वारा किसी भी व्यक्ति को फोन या अन्य माध्यम से धमकी दिया गया तो उसे बर्दाशत नहीं किया जायेगा।

### एसपी ने गोला थाना किया निरीक्षण

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने मंगलवार के गोला थाना का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना में प्रतिनियुक्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों का टर्न आउट चेक किया। सभी का टर्न आउट उच्च कोटि का पाया गया। एसपी ने गोला थाना का किया निरीक्षण। निरीक्षण के क्रम में किट परेड, भवन, शौचालय, चहारदिवारी, संतरी पोस्ट, सरकारी सम्पति, स्वीकृत बल, विस्फोटक अधिनियम/आयुद्ध एवं गोली-बारूद भंडार/विष अधिनियम/उत्पाद शुल्क और अफीम अधिनियम के अधीन अनुज्ञप्ति प्राप्त कारखानों / दुकानों की सूची, लंबित कांडों की सूची, मुख्य हाट, बाजार, मेला की सूची, मुखिया, सरपंच तथा प्रखंड समिति की सूची, निगरानी में रखे गये दागियों की सूची, सीमावर्ती अपराध आंकड़ा एवं अपराधियों की सूची, अपराध मानचित्र, सरकारी अधिसूचना, जिसके अंतर्गत थाना का सृजन हुआ है। थाना में पदस्थापित पदाधिकारियों व कर्मियों का कार्य विवरणी तालिका, अपराधि निर्देशिका भाग 1 अपराध निर्देशिका भाग-02, अपराध निर्देशिका भाग 03, मालखाना पंजी, डकैती पंजी, लूट पंजी, गुण्डा पंजी, गिरोह पंजी, फिरारी पंजी, अप्राथमिकी पंजी, अप्राकृतिक मृत्यु, अपराध आंकड़े का समीक्षा किया गया।

## चुट्टूपालू घाटी में साइन बोर्ड लगायें : डीटीओ



**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत चुट्टूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर मंगलवार को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने चुट्टूपालू घाटी एवं पुनदाग टोल प्लाजा का निरीक्षण किया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित गंडके मोड तथा ब्रेक फेल होने की स्थिति में सुरक्षा दृष्टिकोण से कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। डीटीओ ने टोल एवं एनएचएआई के पदाधिकारियों को घाटी के अन्य दुर्घटना संभावित स्थलों को चिन्हित कर सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों से संबंधित साइन बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने उपायुक्त द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में साइन बोर्ड, स्पीड गति बोर्ड, लाइट आदि का निरीक्षण किया गया इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी ने एनएचआई के संबंधित पदाधिकारी को जल्द से जल्द बचे हुए कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। डीटीओ ने पुनदाग टोल प्लाजा पर भारी वाहन चालकों को घाटी में प्रवेश करने के पूर्व एवं घाटी में वाहन संचालन करने के दौरान ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी । उन्होंने सभी चालकों को वाहन चलाने के दौरान अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट, हेलमेट का प्रयोग एवं साइन बोर्ड के मानक के अनुरूप ही वाहन को चलाने की अपील की ।

## कटकमसांडी : कपड़ा दुकान में आग से पांच लाख का नुकसान



**कटकमसांडी।** कटकमसांडी चौक स्थित तनीषा वस्त्रालय नामक कपड़ा दुकान में मंगलवार शाम करीब 4 बजे अचानक आग लग गई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, जिससे दुकान में रखा लगभग पांच लाख रुपये मूल्य का कपड़ा और अन्य सामग्री जलकर राख हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगते ही दुकान से धुआं उठने लगा, जिसे देखकर आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने शोर मचाया। लोगों ने मिलकर पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, जिससे आग पूरी दुकान में फैलने से पहले ही काबू पा लिया गया। हालांकि, तब तक दुकान में रखा अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो चुका था। दुकान मालिक जितेंद्र राम ने बताया कि वह दोपहर में दुकान खोलकर बैठे थे, लेकिन शाम 3 बजे निजी काम से बाहर चले गए। करीब 4 बजे पड़ोसियों ने फोन कर आग लगने की जानकारी दी। मौके पर पहुंचने पर देखा कि उनकी दुकान में भीषण आग लगी हुई थी। स्थानीय लोगों की तत्परता से आग ज्यादा नहीं फैल पाई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। पीड़ित दुकानदार ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की और ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए बिजली विभाग से सुरक्षा उपाय करने की अपील की है।

# वाहे गुरु की जयकारों से गूंजा भुरकुंडा

**▶▶ गुरुद्वारा से नगर कीर्तन के साथ निकली भव्य शोभायात्रा**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा मेनरोड स्थित श्री गुरु सिंह सभा भुरकुंडा गुरुद्वारा के चारदिवसीय समागम कार्यक्रम मंगलवार को भव्य शोभायात्रा और नगर कीर्तन के साथ शुरू हुआ। शोभायात्रा रीवर साइड श्री गुरु सिंह गुरुद्वारा से गुरु ग्रंथ साहिब की आकर्षक फुलो से सजी पालकी निशान साहब के साथ आरंभ हुआ। शोभायात्रा नगर कीर्तन का शुभारंभ रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। शोभायात्रा रीवर साईड, पीओ ऑफिस, सयाल मोड, पटेलनगर, बिरसा चौक, भुरकुंडा बाजार होते हुये भुरकुंडा गुरुद्वारा पहुंचा। जहां प्रकाश कर ग्रंथ साहिब को रखा गया। शोभा यात्रा के दौरान स्थानीय लोगों द्वारा जगह-जगह स्टॉल लगाकर शरबत, पकौड़ी और चना का वितरण किया गया। वहीं जमशेदपुर से आये गतका टीम ने जगह-जगह हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगो को अचंभित कर दिया। शोभायात्रा के दौरान सिख धमार्लंबियों के वाहे गुरू की खालसा, वाहे गुरु की फतेह आदि जयकारों से पुरा क्षेत्र गुंजता रहा। शोभायात्रा के दौरान महिलाएं कार सेवा करती हुई आगे बढ़ रही थीं। इसके पूर्व रोटेरियन परमजीत सिंह धामी ने अतिथियों को सरोपा देकर सम्मानित किया। मौके पर श्री गुरु सिंह सभा भुरकुंडा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने बताया कि कार्यक्रम के आकर्षण में जमशेदपुर के अखाड़े का बाबा बंदा सिंह बहादुर गतका, अकालदाढ़ी जत्था, और महिपाल सिंह का रागी जत्था प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। इन सभी के साथ-साथ रांची से आकर विभिन्न साधु-संतों का योगदान इस कार्यक्रम को अविस्मरणीय बनाएगा। यह धार्मिक आयोजन स्थानीय समुदाय के लिए एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक अनुभव होगा, जो शांति और श्रद्धा का प्रतीक बनेगा। इस धार्मिक समागम में नानकसर वाले संत बाबा लक्खा सिंह, कार सेवा अमृतसर भूरी वाले संत बाबा काश्मीर सिंह और श्रीहरि मंदिर पटना साहेब के अध्यक्ष भाई जगजोत सिंह जैसे प्रमुख संत एवं धार्मिक गुरु शामिल होंगे। शोभायात्रा में एसपी अजय कुमार, पतरातु एसडीपीओ पवन कुमार, पतरातू इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता, परमजीत सिंह धामी, जीबू सिंह सैनी, प्रवीण शर्मा, जगतार सिंह, ग्रंथी हीरा सिंह, अमर सिंह, प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिंकु, इंद्रजीत छाबडा, निशांत सिंह, नरेंद्र सिंह रेखी, गुरजीत सिंह रेखी व अन्य हुए शामिल।

## एक नजर में

### झुरझुरी में शतचंडी महायज्ञ को ले ध्वजारोहण



**बरकट्ठा।** प्रखंड के झुरझुरी गांव में सात अप्रैल से शुरू होने वाले श्री श्री 108 शतचंडी सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर मंगलवार को ध्वजारोहण आचार्य गौतम शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ध्वजारोहण संपन्न कराया। श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकाला और गांव के सीमावर्ती क्षेत्रों में भगवा ध्वज लगाया। यज्ञ समिति के अनुसार, यह महायज्ञ नौ दिनों तक चलेगा और 15 अप्रैल को पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगा। इस दौरान पूरे गांव में स्वच्छता और मांस-मदिरा के सेवन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। कार्यक्रम में मुखिया सुमन कुमार, पूर्व मुखिया सावित्री देवी, समाजसेवी लालमोहन प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य मंजू देवी, शिक्षक, युवा संगठन और पूजा समितियों के सदस्य उपस्थित रहे। यज्ञ समिति ने सभी श्रद्धालुओं से महायज्ञ में शामिल होने की अपील की और आयोजन को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपेक्षा जताई।

### सांसद प्रतिनिधियों को कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



**बड़कागांव।** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल द्वारा जारी विज्ञप्ति में बड़कागांव विधानसभा के लिए नए सांसद प्रतिनिधियों की नियुक्ति की घोषणा की गई। इसमें पूनम साहू को बड़कागांव विधानसभा सांसद प्रतिनिधि, कृष्णा राम को सह प्रतिनिधि, उमेश कुमार दांगी को मीडिया प्रभारी, महेंद्र महतो को बड़कागांव पूर्वी मंडल सांसद प्रतिनिधि और रंजीत मेहता को बड़कागांव पश्चिम मंडल सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है। नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन प्रतिनिधियों की नियुक्ति से पार्टी को मजबूती मिलेगी और जनता के बीच समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को गति देने में सहायता मिलेगी। साथ ही, ये प्रतिनिधि ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी की योजनाओं और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। कार्यकताओं ने उम्मीद जताई कि नए प्रतिनिधि जनता की समस्याओं को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाएंगे, जिससे समाधान में तेजी आएगी। बधाई देने वालों में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिला महामंत्री डॉ. बालेश्वर महतो, बड़कागांव पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, पश्चिम मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू, रामपति राम, ज्ञानेश्वर शर्मा, बेचन साहू, त्रिवेणी महतो, अशोक महतो, राजीव रंजन, अवध किशोर यादव, शिव शंकर उर्फ शिबू मेहता, सत्यजीत विद्या अलंकार, उदय मेहता और श्याम नंदन किशोर समेत कई नेता और कार्यकर्ता शामिल थे।

### चरही-घाटो मोड़ पर जाम से दुर्घटना की आशंका

**चरही।** चरही के घाटो मोड़ पर प्रतिदिन जाम की समस्या बनी रहती है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मुख्य रूप से दोपहिया वाहन और ऑटो चालक सड़क किनारे अपने वाहन खड़े कर होटल में चले जाते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है। यह मार्ग भारी वाहनों, विशेषकर कोयला लदे ट्रकों और हाईवा के आवागमन का प्रमुख मार्ग है। जाम के कारण इन भारी वाहनों को निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जिससे सड़क पर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। तेज गति से चलने वाले ट्रक और हाईवा वाहन जाम के कारण अनियंत्रित हो सकते हैं, जिससे जान-माल का नुकसान हो सकता है। स्थानीय लोगों की मांग है कि प्रशासन इस समस्या का समाधान करे और सड़क को जाम मुक्त बनाए ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। प्रशासन को चाहिए कि ट्रैफिक नियंत्रण के लिए सख्त नियम लागू करे और सड़क किनारे वाहन खड़े करने वालों पर कार्रवाई करे। उचित यातायात व्यवस्था से जनता को राहत मिलेगी और सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी।

### एसडीएम ने प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**बरही।** विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मंगलवार को बरही अनुमंडल सभागार में एसडीएम सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी जोहन टुड्डू की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में कई राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और चुनाव से जुड़ी अहम बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान मतदाता सूची को अद्यतन करने, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने और मृत, अनुपस्थित या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया पर जोर दिया गया। एसडीएम ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे मतदाताओं को जागरूक करने में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराया जा सके। इस अवसर पर निर्वाचन पदाधिकारियों ने सभी दलों से चुनावी प्रक्रिया में सहयोग की अपेक्षा जताई और निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में राज सिंह चौहान, संतोष रविदास, सुरेंद्र रजक, महेश ठाकुर सहित कई अन्य राजनीतिक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### बेंगलुरु में इचाक की युवती की संदिग्ध मौत, परिजनों और ग्रामीणों ने दिया धरना



**इचाक।** अल्लोंजा खुर्द निवासी गीता कुमारी (25 वर्ष), पिता तेजो राणा, की संदिग्ध परिस्थितियों में कर्नाटक के कोलार जिले के मालुर थाना क्षेत्र में मौत हो गई। गीता पिछले दो वर्षों से एक संस्था के माध्यम से बेंगलुरु में काम कर रही थी। परिजनों का आरोप है कि उनकी बेटी की हत्या की गई है और इसे आत्महत्या का रूप दिया जा रहा है।

**होली में घर आना चाहती थी :** परिजनों के अनुसार, गीता होली पर घर आना चाहती थी, लेकिन उसे छुट्टी नहीं मिली। होली के दिन वह अपने कमरे में दो अन्य लड़कियों और दो लड़कों के साथ थी। रविवार रात अचानक परिवार को उसकी मौत की सूचना मिली, जो उसके साथ रहने वाली एक अन्य लड़की ने दी। गीता के भाई अजीत कुमार राणा का आरोप है कि यह एक सुनियोजित हत्या है। उन्होंने बताया कि गीता के साथ रहने वाली दो लड़कियां दक्षिण भारत की थीं, जबकि एक युवक सारुगढ़ा और दूसरा दक्षिण भारत का निवासी था। परिवार ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है। परिजनों और ग्रामीणों ने इचाक प्रखंड कार्यालय के गेट पर धरना देकर मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों की गिरफ्तारी और उचित मुआवजे की मांग की। धरने में युवा नेता गौतम कुमार, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सकेंद्र मेहता, 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, युवा नेता रुपेश कुमार, कमल कुमार, महेंद्र पांडे सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

### हेंदेगढ़ा में फसल सुरक्षा की दी गयी ट्रेनिंग

चरही चुरचू प्रखंड अंतर्गत हेंदेगढ़ा पंचायत के बन्दा कोवाड़ प्रांगण में हेंदेगढ़ा पंचायत मुखिया गिरिजा कुमारी के अध्यक्षता में दिया गया। कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा तीन दिवसीय फसल सुरक्षा की प्रशिक्षण दिया गया। फसलों की सुरक्षा के लिए यांत्रिक विधियों और जैविक कृषि के फायदों के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को यांत्रिक विधि से फसलों में कीट नियंत्रण,पीला या नीला चिपचिपा फंदा, फ्रूट फ्लाई ट्रैप और खेतों में तैयार नीमास्त्र का छिड़काव जैसी तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई। किसानों को बताया गया कि कीटनाशकों का प्रयोग कम करके जैविक कृषि को बढ़ावा दिया जाए। बीटीएम नकुल कुमार ने किसानों को तकनीकों की जानकारी दी। मौके पर उपस्थित पौधा संरक्षण केन्द्र प्रभारी चितरंजन कुमार सिंह, इळट नकुल कुमार प्रशिक्षक योगेन्द्र महतो किसान मित्र नरेश कुमार महतो एवं तीस महिला दिदी भाग लिए।

## जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता में हॉली चाइल्ड स्कूल के पांच बच्चों का चयन



● चयनित सभी बच्चों को प्रिंसिपल ने उन्हें मोमेंटो देकर किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। जिला कबड्डी एसोसिएशन के बैनर तले होने वाले जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता के लिए ओपन ट्रायल में झुमरीतिलैया के बिशुनपुर रोड स्थित हॉली चाइल्ड स्कूल के पांच बच्चों का चयन किया गया। जिसमें बालिका ग्रुप में कक्षा 8 की राजनंदनी व पूजा कुमारी, कक्षा 7 की मोंटी कुमारी व अंशु कुमारी का चयन किया गया। वहीं बालक वर्ग के लिए कक्षा 8 से छोटू पांडे का चयन किया गया। वहीं मंगलवार को चयनित सभी बच्चों को हॉली चाइल्ड स्कूल की प्रिंसिपल प्रियंका ओझा ने उन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित किया और उन्हें स्कूल परिवार की ओर से बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं निदेशक नवनीत ओझा (बंटी) ने भी उन्हें बधाई देते हुए कहा कि आने वाले दिनों में खेल के अलग-अलग वर्गों में स्कूल के बच्चे भाग लेंगे। मौके पर प्रदीप कुमार, शौर्य चौधरी, गोपाल पांडे, संदीप कुमार, अफजल हुसैन, सीमा सिंह, साध्वी पांडे, प्रीति सिंह, हुजैफा, काजल सिन्हा, प्रीति कुमारी, पायल सिंह, रिमझिम, नीतू, असगरी खातून समेत सभी शिक्षकेतर कर्मी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# आंगनबाडी एवं फार्म से चोरी गये समान के साथ तीन गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। जयनगर थानान्तर्गत गोसुदेवल फार्म एवं ग्राम गोपालडीह हरिजन टोला से 16 मार्च 2025 को अज्ञात चोरों के द्वारा रात्रि में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके बाद सुनिता देवी पति अशोक कुमार रजक गोपालडीह हरिजन टोला एवं राजू मोदी पिता स्व. गिरधारी मोदी गोदक्क्खर थाना जयनगर द्वारा जयनगर थाना में आवेदन दिया गया था। आवेदन के आधार पर क्रमशः जयनगर थाना कांड संख्या 56/25 एवं 57/25 के तहत मामला दर्ज कर कांड का अनुसंधान प्रारंभ किया गया। वहीं चोरी किये गए समानों की बरामदगी, अज्ञात अपराधकर्मी की गिरफ्तारी एवं कांड उद्भेदन के लिए एसपी अनुदीप सिंह के निर्देशानुसार थाना प्रभारी बबलू कुमार के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी कर तीन अभियुक्तों को उनके घर से गिरफ्तार किया गया तथा चोरी किया गया पानी का मोटर एवं आंगनबाड़ी की रसोई का सामान बरामद किया गया। इस संबंध में जयनगर थाना के द्वारा विधिवत अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों में 22 वर्षीय सुरेन्द्र नोनिया पिता महेंद्र नोनिया, 20 वर्षीय चन्दन पंडित पिता मुंशी पंडित, 20 वर्षीय मिथुन पंडित पिता राजू पंडित तीनों ग्राम गोपलडीह थाना जयनगर निवासी के नाम शामिल है। छापामारी दल में जयनगर थाना प्रभारी बबलू कुमार, इसलाम अंसारी व सशस्त्र बल तथा जयनगर थाना के जवान शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### जल एवं मिट्टी संरक्षण को लेकर वाटरशेड यात्रा अभियान पर बैठक आयोजित




चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (जलछाजन विकास अवयव) के तहत वाटरशेड यात्रा अभियान पर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में झारखंड समेत पूरे देश में जल एवं मिट्टी संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किए गए इस राष्ट्रव्यापी अभियान पर चर्चा की गई। वाटरशेड यात्रा अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जल एवं मिट्टी संरक्षण को लेकर जनजागरूकता बढ़ाना, जनभागीदारी सुनिश्चित करना और कृषि को प्रोत्साहित करना है। इस यात्रा में 'स्वयंसेवी संस्थाओं' की महत्वपूर्ण भूमिका होगी, जिसमें वे ग्रामीणों को जागरूक करने, श्रमदान को बढ़ावा देने, वृक्षारोपण कराने और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने का कार्य करेंगी। उपायुक्त रमेश घोलप ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वर्षा जल और मिट्टी संरक्षण के साथ-साथ नई तकनीकों से खेती को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया जाए। इसके अलावा, जलछाजन परियोजनाओं में अधिक से अधिक श्रमदान को बढ़ावा देने और वृक्षारोपण कार्य को प्राथमिकता देने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मनिंदर भगत, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, डीपीएम (जेएसएलपीएस), जिला तकनीकी विशेषज्ञ (डब्लूसीडीसी) ऋतुराज कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### सांसद कालीचरण सिंह ने लोकसभा में चतरा को रेल नेटवर्क से जोड़ने की मांग उठाई



चतरा। चतरा लोकसभा सांसद कालीचरण सिंह ने संसद में रेल बजट पर चर्चा के दौरान अपने क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित रेल परियोजनाओं को जल्द पूरा करने की मांग की। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्षों बाद भी चतरा जिला मुख्यालय रेल नेटवर्क से नहीं जुड़ा है, जो अत्यंत दु:खद है। उन्होंने गया (बिहार) से चतरा होते हुए चंदवा तक रेलमार्ग निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया, जिससे क्षेत्र में आर्थिक और औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। सांसद ने लातेहार, छिपादोहर, केचकी, रिचुघुटा और बरवाडीह स्टेशनों पर कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव की बहाली की मांग की, जिससे स्थानीय यात्रियों को सुविधा मिले। इनमें शक्तिपुंज एक्सप्रेस, पलामू एक्सप्रेस, सासाराम-रांची इंटरसिटी, संतरागाछी-अजमेर एक्सप्रेस, हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें शामिल हैं। उन्होंने चंदवा में एनएच-22 पर रेल ओवर ब्रिज और मंगरा में अंडरपास बनाने की मांग उठाई, जिससे आम जनता को सुगम और सुरक्षित आवागमन मिल सके। सांसद ने नेतरहाट जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल को रेल नेटवर्क से जोड़ने पर जोर दिया, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था सशक्त होगी। उन्होंने लातेहार रेलवे स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने और रेल बुनियादी ढांचे के विकास, रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण और विद्युतीकरण की अपील की। सांसद ने कहा कि इन योजनाओं के लागू होने से चतरा लोकसभा क्षेत्र में रेल सुविधाओं का विस्तार होगा, जिससे क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी।

### चतरा के 100 किसान उद्यानिकी प्रशिक्षण और परिभ्रमण के लिए वाराणसी रवाना



चतरा। राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के तहत जिला उद्यान विभाग चतरा द्वारा 100 किसानों को भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, वाराणसी एवं बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में उद्यानिकी प्रशिक्षण और परिभ्रमण के लिए रवाना किया गया। उपायुक्त रमेश घोलप, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी अनुपम हेंब्रम, ग्रीनरी संस्था के संस्थापक ओम प्रकाश गुप्ता और प्रॉजेक्ट मैनेजर नरेंद्र पांडे ने हरी झंडी दिखाकर दो बसों को रवाना किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों और आधुनिक उद्यानिकी के बारे में जानकारी दी जाएगी, जिससे वे अपनी आय में वृद्धि कर सकें। उपायुक्त रमेश घोलप ने किसानों से बातचीत के दौरान उन्नत फसल उत्पादन और तकनीकों पर चर्चा की। उन्होंने किसानों को ड्रिप इरिगेशन (टपक सिंचाई) अपनाने की सलाह दी, जिससे कम पानी में अधिक उपज प्राप्त की जा सके और जल संरक्षण भी संभव हो। प्रशिक्षण के लिए किसानों को ग्रीनरी संस्था द्वारा ले जाया गया है, जो कृषि के आधुनिक तरीकों से किसानों को प्रशिक्षित करने में सहयोग कर रही है। इस पहल से जिले के किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी मिलेगी, जिससे वे अपनी खेती को अधिक लाभदायक बना सकेंगे।

### चोरी के बाद कुएं में फेंके गए सामान बरामद



गिद्धौर। थाना क्षेत्र के नीचे टोला स्थित कोसमां गढ़ा के पास एक कुएं से लोहे के दो कड़ाही और मोटर पंप बरामद किए गए। यह बरामदगी भंडार घर के समीप से हुई, जिसकी सूचना भुक्तभोगी सुभाष दांगी ने दी। सुभाष दांगी ने बताया कि 14 मार्च को अज्ञात चोरों ने उनके भंडार घर से लोहे की दो कड़ाही और पानी पंप चोरी कर कुएं में फेंक दिया था, साथ ही डीजल पंप को भी क्षतिग्रस्त कर दिया था। इस घटना को लेकर उन्होंने स्थानीय थाना में आवेदन दिया था। काफी खोजबीन के बाद जब कुएं में सामान डाले जाने की जानकारी मिली, तो उन्होंने पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कुएं से चोरी गए सामान को बाहर निकाला। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### पूर्व मुखिया सह भाजपा नेता शंकर प्रसाद चौरसिया का निधन, अंतिम संस्कार में उमड़ा जनसैलाब

टंडवा (चतरा)। गाड़ीलौंग पंचायत के पूर्व मुखिया और भाजपा नेता शंकर प्रसाद चौरसिया (74) का मंगलवार रात 1 बजे रांची के राज हॉस्पिटल में आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों से सांस की समस्या से पीड़ित थे और होली से पहले उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने उनकी स्थिति में सुधार के बाद जनरल वार्ड में शिफ्ट कर दिया था, लेकिन इसी दौरान अचानक हार्ट अटैक से उनकी मृत्यु हो गई। उनका पार्थिव शरीर बुधवार सुबह 7 बजे उनके पैतृक गांव गाड़ीलौंग लाया गया, जहां दोपहर 12 बजे पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। हजारों की संख्या में शुभचिंतक और स्थानीय लोग उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे। समाजसेवी सुभान अंसारी ने शव यात्रा में कंधा देकर शोक व्यक्त किया। अंतिम संस्कार के दौरान सांसद प्रतिनिधि सुनील चौरसिया, पूर्व विधायक किशुन कुमार दास, गाड़ीलौंग पंचायत की मुखिया शाबिदा खातून, भाजपा नेता गणेश गुप्ता, प्रधानाध्यापक जगदीश राम, महेंद्र यादव, पंकज राज, सुभान अंसारी, तस्दीक आलम, सुरेंद्र सोनी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की और उनके योगदान को याद किया।

## मंईयां सम्मान योजना का लाभ को लेकर प्रतिदिन महिलाएं लगा रहीं प्रखंड कार्यालय का चक्कर



मरकच्चो (कोडरमा)। झारखंड सरकार द्वारा महिलाओं को लाभांवित करने को लेकर चलाए गए मंईयां सम्मान योजना के लाभ से कई महिलाएं वंचित हो गई हैं। योजना की राशि के लिए प्रतिदिन दर्जनों महिलाएं प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रही हैं एवं पदाधिकारी से भी मिल रही हैं। वहीं मंगलवार को भी योजना की जांच पड़ताल के लिए दर्जनों महिलाएं अपने नन्हे मुन्हे बच्चों के साथ बिना खाए पिए प्रखंड मुख्यालय में डेरा डाल कर बैठी हैं। वहीं लाभुको ने बताया कि जानकारी प्राप्त करने के लिए उन्हें मंईयां सम्मान योजना का लाभ क्यों नहीं मिल रही है 4 से 5 बार प्रखंड कार्यालय आ चुकी हूं, मगर योजना का लाभ क्यों नहीं मिल रहा, कार्यालय में कोई बताने वाला नहीं है। वहीं महिलाओं का कहना है कि हमलोग प्रज्ञा केंद्र में घंटो लाइन में खड़े होकर आवेदन कर रजिस्ट्रेशन करवाए थे। उसके बावजूद इसका लाभ हमलोगों को नहीं मिल रहा है। जिससे ग्रामीण महिलाओं में काफी नाराजगी है।

## नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला दर्ज

● पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। थाना क्षेत्र अंतगर्त लोकाई बलरोटांड़ में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता के बयान पर कोडरमा थाना में कांड संख्या 45/25 में मामला दर्ज किया गया। वहीं दर्ज मामले में पीड़िता ने कहा है कि बीते दीपावली के मौके पर जब वह शौच के लिए घर से बाहर निकली तो बलरोटांड़ निवासी छोटेलाल यादव पिता स्व. प्रयाग यादव जबरन डरा-धमका कर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। उसके बाद एक दिन पुनः मौका पाकर मेरे घर में घुस गया, जब मैं हल्ला करने लगी तो उसने मुझे दीपावली के दिन की घटना का आपत्तिजनक वीडियो और तस्वीर दिखाकर धमकी दी कि मेरे अनुसार सं बंध बनाते रहो, नहीं तो वीडियो वायरल कर देंगे, भविष्य में शादी भी कर लेंगे। जिससे मैं डर गई और वह लगातार मुझे ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करता रहा। बीते 15 मार्च 2025 को भी जबरन मेरे घर के गोहाल में दुष्कर्म किया। जब बर्दाश्त से बाहर हो गया तो मैंने हल्ला कर दिया, हल्ला सुनकर मेरे घरवाले आये, तब उन्हें पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। जिसके बाद मेरे घर वाले आरोपी युवक के घर गए तो आरोपी के भाई संतोष यादव, अनिल यादव, चचेरा भाई नीतीश कुमार ने मेरे माता-पिता और भाई के साथ मारपीट की। वहीं पुलिस ने आरोपी छोटेलाल यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## बंद पड़े खपरैल मकान में लगी अचानक आग

कोडरमा। थाना क्षेत्र अंतर्गत बरसोतियाबर निवासी दिनेश सिंह के बंद पड़े पुराने खपरैल मकान में अचानक आग लग गई। मिली जानकारी के अनुसार दिनेश सिंह के पुराने मकान के पीछे झाड़ियों में अचानक आग लग गई थी। आग धीरे-धीरे बढ़ता गया और उक्त मकान में आग पकड़ लिया। अगलगी की सूचना ग्रामीणों ने दमकल विभाग को दिया, सूचना पाकर मौके पर दमकल विभाग के कर्मियों के द्वारा आग पर काबू पा लिया गया। इस आगजनी में किसी भी प्रकार का जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है।

## जंगल से खनन में लगे कंप्रेशर को वन विभाग ने किया जब्त



कोडरमा। जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत अंबादहा जंगल से वन विभाग की टीम ने मंगलवार की सुबह अवैध ढिबरा खनन में लगे एक कंप्रेशर मशीन को जप्त किया है। हालांकि मौके से खनन माफिया वन विभाग की टीम देख भागने में सफल रहे। मामले को लेकर डोमचांच रेंजर रवींद्र कुमार ने कहा कि गुप्त सूचना मिली थी कि अंबादहा जंगल में कंप्रेशर मशीन के जरीए अवैध खनन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर एक छापेमारी टीम का गठन कर सुबह 11 बजे उक्त स्थल पर छापेमारी किया गया। छापेमारी के क्रम में ढिबरा खदान में लगे एक कंप्रेशर मशीन को जप्त किया गया। वहीं उन्होंने कहा की टीम के छापेमारी की भनक लगते ही खनन माफिया भाग गए। जिसकी पहचान कर कार्यवाई की जायेगी।

## इंटर डिस्ट्रिक्ट सीनियर क्रिकेट टूर्नामेंट मैच में दुमका ने पलामू को हराया

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे इंटर डिस्ट्रिक्ट सीनियर क्रिकेट टूर्नामेंट (प्लेट ग्रुप) का मैच सोमवार को चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में दुमका और पलामू के बीच खेला गया। वहीं पहले बल्लेबाजी करते हुए दुमका की टीम ने 48 ओवर में 7 विकेट खोकर 275 रन बनाये। जिसमें लक्ष्मण कुमार यादव ने 118, अंकुश ने 48 और चौतन्य वीर ने 65 रन का योगदान दिया। वहीं गेंदबाजी करते हुए पलामू की ओर से संदीप ने तीन, दीप प्रकाश ने दो और आर्यन ने दो विकेट लिया। वहीं बल्लेबाजी करने उतरी पलामू की टीम 40.3 ओवर में 251 रन ही बना सकी। पलामू की ओर से रोहित ने 70, स्पर्श राज ने 40 और अभिनव ने 31 रन का योगदान दिया। वहीं गेंदबाजी करते हुए दुमका की ओर से सुभाष, समीर और विभु ने दो-दो विकेट लिया। वहीं मैन ऑफ द मैच दुमका के लक्ष्मण कुमार यादव को जेएससीए से प्रतिनियुक्ति लाइजन अफसर अवधेश कश्यप के द्वारा दिया गया। वहीं मैच का शुभारंभ करते हुए मेजर विधान चंद्र शर्मा और झुमरीतिलैया नगर पर्षद के सिटी मैनेजर लेमांशु कुमार ने खिलाड़ियों को कहा कि खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के बल पर ऐसे मंच से आगे बढ़े। उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन और तन मन से खेलने की अपील की।

मौके पर विकास कुमार रानू, मनोरंजन कांजीलाल, इफ्तेखार आलम, गजेंद्र कुमार, विधान चंद्र शर्मा, अमरजीत सिंह छाबड़ा, दिनेश सिंह, कृष्ण बरहपुरिया, अनिल सिंह, सुमन कुमार, आलोक पांडेय, अभिराज गौतम, महेश भारती, श्रवण कुमार आदि मौजूद थे।

## रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से कराया अवगत



कोडरमा। रेल मुख्यालय हाजीपुर में 4 रेलकर्मी, उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। वहीं महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन करने का निर्देश दिया। वहीं रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात के लिए प्रत्येक मंगलवार के दिन निर्धारित किया गया। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

## 400 श्रद्धालुओं को गायत्री महामंत्र का कराया गया जाप

कोडरमा। गायत्री मंदिर में गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार से आये रामनरेश प्रसाद व जयशंकर प्रसाद ने 400 श्रद्धालुओं को गायत्री महामंत्र जाप का संकल्प कराया। वहीं हजारीबाग के उप जोन समन्वयक लखनलाल प्रजापति ने कहा कि आज धरती पर अनाचार और अत्याचार रूपी रावण का बोलबाला है, जिसे भगवान राम के कर्मों की तरह धर्म और सेवा से ही मिटाया जा सकता है। सभी श्रद्धालुओं को गायत्री जयंती (पांच जून) के अवसर पर संकल्प लेकर 40 दिन तक गायत्री महामंत्र का जाप पूरा करना होगा, इस दौरान 400 श्रद्धालुओं ने हाथ उठाकर संकल्प लिया कि वे नियमित रूप से गायत्री महामंत्र का जाप करेंगे। वहीं बताया गया कि गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा शुरू की गयी यह परंपरा संपूर्ण विश्व में आध्यात्मिक जागरूकता फैलाने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में 1926 की नक्षत्र पंचमी को पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा प्रज्वलित दीप की परंपरा को याद किया गया। मौके पर राजेंद्र साव, रामप्रवेश पांडेय, विजय राणा, विशुन साव, नीलम शहवादी, कामिनी देवी, सारिका भदानी, सुनीता भगत, अर्जुन राणा, राजेंद्र मिस्टकार, भीष्म गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## प्रखंड मुख्यालय में भाकपा माले ने दिया धरना

● कहा- मंईयां सम्मान के लाभुक महिलाओं के बैंक अकाउंट में राशि नहीं आने के मामले का अविलंब समाधान हो



खबर मन्त्र संवाददाता

जयनगर (कोडरमा)। भाकपा माले कटिया पंचायत द्वारा प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड कमेटी सदस्य शंभू नाथ वर्मा व संचालन मुंना यादव ने किया। वहीं शंभू नाथ वर्मा ने कहा कि मंईयां सम्मान के लाभुक महिलाओं के बैंक अकाउंट में राशि नहीं आने के कारण महिलाएं परेशान हैं, प्रतिदिन प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाकर परेशान हो रही है, जिसका समाधान अविलंब किया जाए। वहीं माले नेता मुन्ना यादव ने कहा कि जब से बीडीओ गौतम कुमार आए हैं, प्रखंड के सभी विकास योजनाओं में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। जब यह सीओ के प्रभार में थे तब इनके द्वारा जमीन ऑनलाइन और दाखिल खारिज के नाम पर बड़े पैमाने पर वसूली किया गया एवं इनके कार्यकाल की जांच होनी चाहिए। वहीं जिला सचिव राजेंद्र मेहता ने कहा अगर भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगाया गया एवं आम जनता का काम सरलता पूर्वक नहीं होगा तो भाकपा माले ऐसे अधिकारियों के खिलाफ आंदोलन करेगी। वहीं प्रखंड सचिव अशोक यादव ने कहा कोडरमा लोकसभा में भाजपा के जब से सांसद बने हैं और बरकट्ठा में भाजपा के विधायक के इसारे पर प्रखंड कार्यालय पर भ्रष्टाचार बढा है। धरना को राज्य कमेटी सदस्य विजय पासवान, शारदा देवी, राजेंद्र यादव, मशरूल अंसारी, असगर अंसारी, चांद अख्तर, देवानंद सिंह, बहादुर यादव, अशोक यादव, कौशर खान सहित कई लोगों ने धरणा को संबोधित किया। वहीं धरना के माध्यम से सीओ सारांश जैन को 13 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। मौके पर बाबूलाल दास, प्रसादी दास, जागेश्वर साहब, मोती पासवान, हकीम खान, इस्लाम अंसारी, रामचंद्र साहब, चिंता देवी, अहिल्या देवी, बंसी यादव समेत सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## जयनगर प्रखंड के दुर्गा मंदिर प्रांगण में विश्व हिन्दू परिषद् की बैठक आयोजित

# विभिन्न पंचायतों में रामोत्सव मनाने का निर्णय

● हिंदू नववर्ष 30 मार्च से शुरू होकर 12 अप्रैल हनुमान जन्मोत्सव तक प्रखंड के विभिन्न मंदिरो, अखाड़ों और धार्मिक स्थलों में हिंदू समाज के बीच कार्यक्रम होगा




खबर मन्त्र संवाददाता

जयनगर (कोडरमा)। प्रखंड के दुर्गा मंदिर प्रांगण में विश्व हिन्दू परिषद् की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष महादेव शर्मा एवं संचालन प्रखंड मंत्री सतीश पांडेय ने किया। बैठक की शुरुआत प्रणोवच्चार, एकात्मता मंत्र और विजय महामंत्र से की गई। तत्पश्चात विहिप जिला मंत्री पंकज दुबे ने बताया कि जयनगर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में रामोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया, जो हिंदू नववर्ष 30 मार्च से शुरू होकर 12 अप्रैल हनुमान जन्मोत्सव तक प्रखंड के विभिन्न मंदिरो, अखाड़ों और धार्मिक स्थलों में हिंदू समाज के बीच मनाया जायेगा, जहां चौत्र शुक्ल प्रतिपदा से शुरू होने वाली पवित्र माह में प्रभू श्रीराम के गौरवमय आदर्श जीवनी को सनातन समाज के बीच पुनः जीवंत किया जायेगा। जिससे सनातन समाज की प्रभू श्रीराम के प्रति भक्ति और आस्था और मजबूत बन सकें, ताकि हिंदू समाज में समरसता और एकता का भाव आये। जिससे भारत राष्ट्र का सनातन समाज एकजुट और मजबूत हो सके। जिस तरह अयोध्या में बने भव्य श्रीराम मंदिर ने भारत के हिंदूओं को एकजुट कर दिया यह शक्ति का संचय सदा बनी रहे। इसके लिए विहिप बजरंगदल पूरे भारतवर्ष में श्री रामोत्सव और हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम संपन्न करेगी। प्रांत के दिशानिर्देश अनुसार जयनगर प्रखंड के सभी 23 पंचायत में अनिवार्य रूप से मार्च माह में ही करनी है। इसके लिए प्रखंड के पदाधिकारी, बजरंग दल संयोजक बैठक तय कर जिला में सूचना दें, ताकि ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्तागण कार्यक्रम में उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। मौके पर विनोद कुमार बर्णवाल, अजय यादव, सदानंद सिंह, द्विंबर पांडेय, सकलदेव सिंह, महेश पांडेय, शंकर दयाल पांडेय, सुभाष राणा, अनीता देवी, विजय ठाकुर, बिरेंद्र साव, दुखी चौधरी, सरयु शर्मा, सतीश चन्द्र मालाकार, दीपक पाण्डेय, पप्पू पांडेय, सुधीर साव, राजेंद्र सिंह सहित देवतुल्य महिला व पुरूष कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चतरा में अवैध विदेशी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, भारी मात्रा में शराब और उपकरण जब्त



खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर जिले में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में मंगलवार को उत्पाद विभाग ने चतरा सदर थाना क्षेत्र के डहुरा गांव में छापामारी कर एक अवैध विदेशी शराब की मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन किया। यह फैक्ट्री शंकर यादव और अरविंद यादव द्वारा उनके मुर्गी फार्म में चलाई जा रही थी, जहां स्पिरिट में कैरेमल और एसेंस मिलाकर नकली शराब तैयार की जाती थी। इसके बाद शराब को ब्रांडेड बोतलों में भरकर नकली लेबल और होलोग्राम के साथ बाजार में बेचा जाता था। कार्रवाई के दौरान बोतलबंद विदेशी शराब 270 लीटर, तैयार नकली शराब 20 लीटर, स्पिरिट 600 लीटर, कैरेमल 3 लीटर, शराब की बोतलों के ढक्कन, लेबल, होलोग्राम, विभिन्न ब्रांड की खाली बोतलें और स्पिरिट के खाली जार, शराब पैकिंग के उपकरण और एक महिंद्रा सवारी वाहन जब्त किए गए। छापामारी के दौरान आरोपी जंगल की ओर भागने में सफल रहे। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अधीक्षक उत्पाद, चतरा ने बताया कि उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर यह छापामारी की गई थी। आगे भी अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

छापामारी दल में अवर निरीक्षक आशीष कुमार पांडेय, अभिषेक आनंद, उत्पाद आरक्षी, गृहरक्षक बल और महिला गृहरक्षक शामिल थे।

## स्पीड न्यूज़

### उपायुक्त की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के सदस्यों की बैठक आयोजित



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिले के सभी राजनीतिक दलों के साथ बैठक हुई। बैठक में सभी राजनीतिक दलों से चुनाव संबंधी सभी आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही उनसे चुनाव को लेकर सुझाव भी आमंत्रित किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने निर्देश दिया कि गुमला जिले के छूटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य किया जाए। साथ ही साथ उनका मतदाता पहचान पत्र बनाया जाए। इस दौरान उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रमुख एवं प्रतिनिधि से चुनाव प्रक्रिया में आने वाली परेशानी एवं चुनाव संबंधी सुझाव भी मांगे। जिससे कि चुनाव की प्रक्रिया को और बेहतर बनाया जा सके। इसके पश्चात उपायुक्त ने ईवीएम वेयरहाउस का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम के रखरखाव हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उक्त बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, गुमला 68 निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, बिशुनपुर 69, उप निर्वाचन पदाधिकारी,गुमला एवं सभी राजनीतिक दलों के पार्टी प्रमुख एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### राज्य स्तरीय विधानसभा मार्च के लिए सैकड़ों कार्यकर्ता गुमला से होंगे रवाना

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल व नवबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच के बैनर तले 19 मार्च 2025 को होनेवाली रांची में राज्य स्तरीय विधानसभा मार्च की सफलता को लेकर गुमला जिला से दल व मंच के सैकड़ों कार्यकर्ता रांची के लिए रवाना होंगे। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत रांची बिरसा चौक के पास पुराना विधानसभा मैदान में जुट कर दिन के 11 बजे सहारा इंडिया, एपीलाइन, साईं प्रकाश, विश्वामित्र, वेलफेयर, विकास म्युचुअल, बेसिल सहित सभी ननबैंकिंग कंपनियों में राज्य के लोगों का अरबो रुपए जमा पैसे की जल्द भुगतान की मांग को लेकर बजट सत्र के दौरान विधानसभा मार्च आयोजित की जा रही है। जिसमें राज्य भर के प्रखंड एरिया के मुख्य कार्यकर्ताओं को मार्च में सम्मिलित होने की अपील की गई है। मार्च के जरिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा मौजूदा बजट सत्र के दौरान भुगतान की तिथि तय करने की मांग की जाएगी। मार्च कार्यक्रम में झारखंड नवनिर्माण दल व मंच के वरिष्ठ नेताओं के अलावे झारखंड तीसरा मोर्चा के कई नेताओं को आमंत्रित की गई है। यह जानकारी झारखंड नवनिर्माण दल मजदूर यूनियन के जिला प्रभारी शंकर उरांव ने दी है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में स्वास्थ्य सहिया की हुई बैठक



**घाघरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में मंगलवार को स्वास्थ्य सहिया की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एवआरपी एनसी जांच 20 से 29 मार्च तक सभी स्कूलों में चलने की बात बताई गई। गर्भवती एवं बच्चा का रजिस्टर सर्वे अपडेट करने, स्किल टेस्ट की जानकारी दी गई। सहिया रजिस्टर अपडेट करने, प्रसव संबंधित, फाइलेरिया कार्यक्रम पीएलए की जानकारी दी गई। वहीं बीपीएम जोन रंजन ने बताया कि आगामी 19 मार्च को घाघरा में किडनी रोग के स्पेशलिस्ट डॉक्टर आएंगे। ताकि सहिया वैसे मरीजों को चिन्हित कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाएं ताकि उनका उपचार हो सके। इसके साथ ही टीबी विभाग समन्वयक अमित कुमार ने टीबी बीमारी संबंधित उपचार और दवा से संबंधित जानकारी दिया। वहीं बीटीटी बबीता देवी ने आगामी 19 मार्च को गुमला में होने वाले सहिया सम्मेलन में सभी को भाग लेने की बात कही। मौके पर बीटीटी पारस साहू, बबीता देवी, हेमंती देवी, संजोती देवी, जानकी देवी, संगीता देवी, पूनम देवी,सुशीला देवी, विलियम किंडो सहित कई स्वास्थ्य सहिया उपस्थित थी।

### डॉ. संदीप 23 को गुमला में

**गुमला।** चर्म एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप 23 मार्च को पालकोट रोड स्थित नीलेश मेडिकल हॉल में रोगियों की जांच करेंगे। यह जानकारी दिलीप नीलेश ने दी है।

### लोहरदगा उपायुक्त ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण



**लोहरदगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा मंगलवार को ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त द्वारा सभी उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई और मतदाता सूची से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। साथ ही निर्वाचन संबंधित सुझाव भी मांगे गए। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, कोषागार पदाधिकारी, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव व प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### धीरज साहू ने दिल्ली पार्टी कार्यालय में की प्रभारी के. राजू से मुलाकात



लोहरदगा। झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बालमुचू ने दिल्ली कोटला रोड स्थित नये पार्टी कार्यालय इंदिरा भवन में झारखण्ड प्रभारी के राजू से संयुक्त रूप से मुलाकात की , एवं आने वाले समय में झारखंड में कांग्रेस पार्टी की नींव को और अधिक मजबूत करने के लिए एवं पार्टी कार्यक्रमों की नई और प्रभावी रूपरेखा तैयारी को लेकर विशेष बातचीत की गई। मौके पर राज्य में कांग्रेस पार्टी और अधिक मजबूत हो सके। पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने बताया कि झारखंड में पार्टी संगठन को और अधिक धारदार बनाया जाएगा। कांग्रेस पार्टी हमेशा से दबे-कुचले लोगों एवं आमजनों की आवाज को हमेशा से बुलंद करती रही है, आगे भी पार्टी कार्यक्रम प्रभावी एवं युद्धस्तर पर किया जाएगा जिसमे गांवों, वार्ड, पंचायत, एवं प्रखंड स्तर तक कार्यक्रम चलाये जाएंगे।

# जारी प्रखंड में बीडीओ व सीओ के प्रभार में रहने से आमजनों का काम बाधित

- क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने उपायुक्त से मिलकर स्थायी समाधान की मांग की
- जन शिकायत निवारण दिवस पर उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं, त्वरित समाधान के दिये निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिले में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निवारण हेतु आयोजित जन शिकायत निवारण दिवस में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्या सुनी और समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिये। जिसमें जारी प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी प्रभार पर हैं। जिसकी वजह से उक्त प्रखंड में ग्रामीणों का काम नहीं हो पाता। इस हेतु जन प्रतिनिधियों द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी की नियुक्ति हेतु आवेदन दिया गया। इस विषय पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। घाघरा प्रखंड अंतर्गत बिमरला पंचायत के खुखराडीह गांव में राशन डीलर द्वारा मनमाने तरीके से राशन वितरण करने के संबंध शिकायत की गई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि राशन डीलर कम राशन देता है। इस संबंध में पूर्व में जिला आपूर्ति पदाधिकारी को शिकायत की गई है। किंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस विषय पर उपयुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को कार्रवाई हेतु निर्देश दिया। सिसई प्रखंड अंतर्गत भदौली पंचायत के सकरौली गांव में आंगनबाड़ी सहायिका का चयन किया गया था। किंतु दो माह उपरांत भी आंगनबाड़ी सहायिका के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गई है। उपायुक्त ने इनके आवेदन पर संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। डुमरी प्रखंड अंतर्गत कांसीर पंचायत के जमगाई गांव में सड़क नहीं है। जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण हेतु आवेदन दिया गया है। उपायुक्त ने इनके आवेदन पर संबंधित अधिकारी को जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान कई नागरिकों ने जमीन संबंधी,वेतन भुगतान संबंधी, नाली निर्माण, आंगनवाड़ी सहायिका नियुक्ति, भूमि बंदोबस्ती, जमीन मापी संबंध एवं वन पट्टा से संबंधित अपनी समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन दिए। उपायुक्त ने लगभग पचास से अधिक आवेदकों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## रामनवमी पर्व को लेकर महावीर चौक व टावर चौक में लगाया गया महावीरी झंडा

- केंद्रीय महावीर मंडल के सदस्यों ने विधिवत पूजा के बाद झंडा स्थापित किया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** रामनवमी पर्व को लेकर मंगलवार को केंद्रीय महावीर मंडल गुमला के द्वारा शहर के महावीर चौक व पटेल चौक पर विशाल महावीरी झंडा लगाया गया। इस दौरान पूरे धार्मिक विधि विधान से झंडा की पूजा की गई और आचार्यों के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दोनों स्थानों पर झंडा गाड़ा गया। विशालकाय महावीरी झंडे से शहर के वातावरण में परिवर्तन होना आरंभ हो जाता है। चहुंओर लोग रामनवमी को लेकर तैयारी आरंभ कर देते हैं और अखाडों में रात्रि को रामनवमी बाजा की गगन भेदी आवाज निकलनी आरंभ हो जाती है। दो स्थानों पर बड़ा महवीरी झंडा लगाने के बाद पूरे शहर को धीरे-धेरे केंद्रीय महवीर मंडल के द्वारा महावीरी झंडे से पाट दिया जाता है। जिससे पर्व की रौनक दोगुनी बढ़ जाती है। झंडा लगाने के दौरान केंद्रीय महावीर मंडल के संरक्षक दामोदर कसेरा, भूपन साहु, विनय कुमार लाल, निर्मल गोयल, बिज्र किशोर फोगला, बबलू वर्मा, पंकज शर्मा, कौशलेंद्र जमुवार, सत्यनारयण पटेल, अध्यक्ष अरूण साहु, सचिव चिनु साबू, पूर्व अध्यक्ष शशि प्रिया बंटी, शिवम जायसवाल, संजय वर्मा, निर्मल अग्रवाल, पंकज सिन्हा, संदीप प्रसाद, विकास सिंह, रूपक कुमार, उज्ज्वल सिन्हा, वीरेंद्र गुप्ता, हरजीत सिंह, लालचंद फोगला, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पिकअप वाहन की चपेट में आने से सात वर्षीय स्कूली बच्चे की मौत

- बच्चा स्कूल परीक्षा देने गया था लेकिन वह स्कूल से दूर वाहन की चपेट में आ गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिसई।** सिसई थाना क्षेत्र के सकरौली उरांव टोली गांव के रहने वाले बुद्धदेव उरांव के 7 वर्षीय पुत्र नवीन उरांव की मंगलवार की दोपहर एक पिकअप वाहन की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इसके बाद परिजनों का रो रो कर हाल बुरा है। पिता बुद्धदेव उरांव ने बताया कि उसका पुत्र नव प्राथमिक उरांव टोली सकरौली स्कूल के कक्षा 2 का छात्र था और परीक्षा चल रही है। वह आज भी परीक्षा देने के लिए गया था। इसके बाद वह कैसे बाहर निकला और स्कूल से करीब 100 मीटर दूरी पर एक-दूसरे स्कूल भदौली के पास प्रचार वाहन पिकअप की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं इस संदर्भ में मृतक छात्र के चाचा जयराम उरांव ने स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है और कहा कि परीक्षा के दौरान स्कूल प्रबंधन ने उसकी देखभाल ठीक से नहीं की। जिस वजह से वह बाहर निकल गया और यह हादसा हुआ। घटना के समय पिता मजदूरी करने के लिए गया था। इधर घटना की सूचना मिलने पर सिसई थाना पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया और इस मामले पर छानबीन में जुट गयी है। एसआई आशीष कुमार ने बताया कि प्रचार वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत होना परिजनों ने बताया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया।

## जंगल में आग लगने की घटना सामने आते ही वन विभाग ने दिखाई सजगता



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड में हाल ही में जंगल में आग लगने की कई घटनाएं सामने आई हैं। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय वन विभाग ने समय रहते ही इस पर काबू पाने के लिए तत्परता दिखाई और मशीन के सहयोग से आग पर नियंत्रण पाया। वन विभाग ने आग लगने की घटनाओं को लेकर लोगों को चेतावनी दी है कि ऐसी लापरवाहियों से न केवल नये जन्मे पेड़-पौधे प्रभावित होते हैं। बल्कि जंगली जानवरों के लिए भी यह भारी परेशानी का कारण बनता है। आग लगने के कारण कई वन्य जीवों की जीवनदायिनी आवास भी क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। जिससे उनके जीवन पर संकट बढ़ जाता है। वनपाल चंद्रेश उरांव ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जंगलों में आग लगाने से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत वन विभाग को दें। जिसपर कठोर करवाई की जाएगी। वन विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि जागरूकता और सावधानी से ही हम अपने जंगलों और वन्य जीवों को सुरक्षित रख सकते हैं। इस घटना ने सभी को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि हमें पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना चाहिए और जंगलों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

## महिला की हत्या मामले में कोर्ट ने लिया संज्ञान पीएलवी सदस्य पहुंचे मृतका के घर

- डालसा सचिव ने 'सरकार से मिलने वाली सुविधाओं की ली जानकारी, कहा परिवार को मिलेगा उनका हक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** डायन बिसाही के शक पर गुमला थाना क्षेत्र के फट्टी में मैनो देवी की हत्या के बाद मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्र ने मामले को संज्ञान में लेते हुए डालसा सचिव को घटना की जानकारी लेकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में सचिव के निर्देश पर पीएलवी सदस्यों ने घटनास्थल का दौरा किया और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनकी स्थिति की जानकारी ली। मृतका के घर पहुंचे पीएलबी राजेश सिंह एवं प्रेम कुमार शाह को मृतका के पति घुड़ा उरांव ने बताया कि उसके तीन पुत्र एवं दो पुत्री हैं। बड़ा पुत्र खेतीबारी करता है। बड़ी पुत्री का विवाह हो गया है। बाकी सभी बच्चे पढ़ाई लिखाई करते हैं। सभी बच्चे बालिग हैं। परिवार का राशन कार्ड बना हुआ है। जिसमें राशन मिलता है। सचिव ने बताया कि मृतक महिला के परिजनों को कानूनी सहायता के लिए अधिवक्ता उपलब्ध करा दिया गया है तथा मुआवजा के लिए भी कार्यवाही शुरू कर दी गई है। पीड़ित परिवार को सभी तरह की सरकारी सहायता भी जिला प्रशासन की ओर से दी जाएगी, जिनके वे हकदार हैं।

## रायडीह प्रखंड के पांच गांवों में अब तक नहीं पहुंची बिजली

- ग्रामीणों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर बिजली लगाने की अपील की



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** रायडीह प्रखण्ड के पांच गांवों के ग्रामीणों ने मंगलवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष चैतु उरांव को ज्ञापन सौंपकर अपने गांव में बिजली नहीं होने की शिकायत की। जिसमें रायडीह प्रखंड के कोबीटोली, चिरगांव, दीपाटोली, ऊपर खटंगा और नीचे खटंगा में आज तक बिजली नहीं पहुंच पायी है। ग्रामीणों ने कहा कि आजादी के बाद हमारे गांव में बिजली नहीं है। चर वर्ष पहले हमारे गांव में बिजली पावर हाउस बना कर सभी जगह पावर सप्लाई की जा रही है। लेकिन उक्त गांवों में बिजली नहीं दी गयी है। सभी गांवों के लोग अंधकार में जीवन बिताने को विवश हैं। हम सभी ने प्रशासन एवं नेताओं को आवेदन पहले भी दिया था। जिसपर कोई कार्रवाई अभी तक नहीं की गयी। ग्रामीणों की बात सुनते ही फोन के माध्यम से जिला अध्यक्ष ने संबंधित पदाधिकारी से बात की और कहा कि आप लोगों की समस्या का समाधान हो जाएगा। बिजली विभाग के एक्स्कूटिव इंजीनियर से बात हो गई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को नया कनेक्शन लेने को कहा और बहुत जल्द ही कनेक्शन दिया जाएगा। सभी ग्रामीणों ने जिला अध्यक्ष एवं प्रशासन को धन्यवाद दिया।

मौके पर रामनिवास प्रसाद, फिरोज आलम, तरुण गोप, पवन केवट, संजय गोप, ज्योति कुजूर, लालू कुल्लू, राम भगत, संजय लकड़ा, महेश कुजुर, निरासन टोप्पो, तैरस कुजूर, गजीत लकड़ा, इन्दु मगत, जगमंगल उरांव, मुमरा सिंह, लिफेराम भगत, कृष्णा लोहरा, शिबू उरांव, सुक्का टोप्पो और काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## वादों से मुकरने वाली है झारखंड सरकार, मंईयां सम्मान योजना की राशि नहीं मिली : शैल मिश्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** गुमला नगर परिषद के वार्ड संख्या 21 की निवर्तमान पार्षद सह भाजपा नेत्री शैल मिश्रा ने राज्य सरकार की मंईयां सम्मान योजना की विफलता पर सवाल उठाते हुए कहा है कि सूबे में अठारह लाख से भी अधिक महिलाओं को इस योजना की तय राशि न देकर सरकार ने यह सिद्ध कर दिया है कि यह एक अक्षम और किये गये वादों से मुकरने वाली अवसरवादी सरकार है। महिला सम्मान की बात करने वाली ये सरकार बहन, बेटियों के हक को कुचल रही है। इस योजना से संबंधित वेबसाइट को बंद कर सरकार अपनी जिम्मेवारी से नहीं बच सकती है। आज कमोबेश सभी जिलों में झारखंड की बहू, बेटियां राशि की आस में बैंकों और प्रखंड कार्यालयों का चक्कर लगा रही हैं और राज्य के मुख्यमंत्री और मंत्री बेफिक्र हैं। आखिर सरकार कब तक लोगों को ठगने का काम करती रहेगी। राज्य के वित्त मंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि का बजटीय प्रावधान होने की बात करते हैं, तो उन्हें रोकी गई राशि का भुगतान महिलाओं को कब किया जायेगा, यह भी बताना चाहिए। दूसरी ओर राज्य में वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन तथा दिव्यांगों को दी जाने वाली पेंशन योजना की भी लचर स्थिति है। समय पर इस श्रेणी के असहायों को पेंशन की राशि नहीं मिलने की नियति बन गई है।

### अवैध बालू के साथ पांच ट्रैक्टर जब्त



**लोहरदगा।** जिले के कुड़ू थाना क्षेत्र में अवैध बालू उठाव को लेकर खनन विभाग और पुलिस द्वारा बड़ी करवाई करते हुए पांच ट्रैक्टरों को अवैध बालू के परिवहन के साथ पकड़ा गया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। हालांकि कुड़ू थाना क्षेत्र के घाटों से रोजाना दर्जनों ट्रैक्टर बालू का अवैध खनन तथा परिवहन सरेआम किया जा रहा था। खनन विभाग के कुड़ू पहुंचने से पहले ही बालू माफिया बालू लदा ट्रैक्टर को भगाने में सफल हो जाते थे नतीजा बालू का अवैध खनन तथा परिवहन थमने के बजाय तेजी से चल रहा था। पुलिस अधीक्षक हारिष बिन जमां के निर्देश पर मंगलवार सुबह थाना प्रभारी मनोज कुमार को सुचना मिली कि थाना क्षेत्र के उमरी व सिंजो के बीच बहने वाली दक्षिण कोयल नदी में बालू का अवैध खनन जोरों से किया जा रहा है। थाना प्रभारी मनोज कुमार अवर निरीक्षक रविन्द्र कुमार तथा पुलिस के जवान बालू लदा ट्रैक्टर को पकड़ने के लिए सुबह सात बजे दक्षिण कोयल नदी में पीएचईडी के इंटेक वेल होते हुए सिंजो गांव के नीचे पहुंचे। पुलिस को देखते हुए बालू लदा ट्रैक्टर के चालक टैक्टर को भगाने लगे। पुलिस ने सभी पांच बालू लदा ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लिया। ट्रैक्टरों को पुलिस के शिकंजे से छुड़ाने के लिए थाना प्रभारी पर राजनीतिक दबाव बनाया जाने लगा। सत्ताधारी दल का एक नेता लगातार थाना प्रभारी को पकड़े गए बालू लदा ट्रैक्टर को छोड़ने का दबाव बना रहा था लेकिन थाना प्रभारी मनोज कुमार ने भारी राजनीतिक दबाव के बावजूद पुलिस अधीक्षक हारिष बिन जमां से मिले निर्देश का पालन करते हुए सभी पांच बालू लदा ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर थाना पहुंचे। खनन विभाग से आदेश मिलने के बाद बालू लदे ट्रैक्टरों के मालिक पर प्राथमिकी दर्ज करने व जुर्माना तय किया जायेगा।

### बैंक ऑफ इंडिया शाखा में केवाईसी को लेकर हुई नोक झोंक, खाताधारकों ने बीडीओ व थाना में दिया आवेदन



**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा में मंगलवार को ग्राहक और बैंक कर्मी के बीच केवाईसी को लेकर नोंक झोंक का मामला प्रकाश में आया है। जिसके बाद दर्जनों खाताधारकों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी व थाना में लिखित आवेदन देकर बैंक में पदस्थापित कर्मियों के व्यवहार को लेकर शिकायत की। मिली जानकारी के अनुसार खरता निवासी खाताधारक आशीष उरांव अपना केवाईसी करवाने के लिए बैंक में आवेदन जमा किया था उसके बाद एफिडेविट जमा करने की बात कही गई। जिसके बाद मंगलवार को आशीष उरांव फिर से बैंक में आया और कागजात जमा करने लगा और केवाईसी नहीं करने को लेकर बात की। जिसके बाद बैंक कर्मी के साथ किसी बात को लेकर नोंक झोंक हुई। दर्जनों खाताधारकों ने एक साथ बीडीओ व थाना में दिए आवेदन में बताया कि बैंक कर्मी द्वारा अभद्र व्यवहार करते हुए गेट बंद कर दिया और कपड़ा भी फाड़ दिया। इधर बैंक के शाखा प्रबंधक रविकांत झा ने बताया कि उक्त लड़का द्वारा बैंक के अंदर अभद्र व्यवहार किया गया, जिसके बाद मामला बढ़ा।

### किस्को थाना पुलिस ने 25 केजी अफीम के साथ पति-पत्नी को किया गिरफ्तार

**किस्को (लोहरदगा)।** जिले की किस्को प्रखंड क्षेत्र के पाखर पंचायत के सलैया गंझु टोली गांव में गुप्त सूचना के आधार पर किस्को थाना प्रभारी सुमन कुमार मिंज के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है, गंझु टोली गांव निवासी रुपेश गंझु पिता चैतू गंझु के घर में पुलिस के द्वारा विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। इसी छापेमारी अभियान के दौरान पुलिस ने रुपेश गंझु के घर से 25 केजी अफीम बरामद किया। जिसके बाद रुपेश गंझु और सीमा कुमारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इधर छापेमारी अभियान से गांव में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं दोनों अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया गया। मौके पर छापेमारी अभियान में किस्को थाना प्रभारी सुमन मिंज, अंचल पदाधिकारी अजय कुमार के अलावे बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## सुखदेव भगत ने संसद में गुमला में रेलवे लाइन बनाने की मांग प्रमुखता से उठायी

- सांसद ने इटकी में फुट ओवर ब्रिज बनाने, नगजुआ, आकाशी स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव फिर से चालू करने की मांग की



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** नई दिल्ली में चल रहे संसद के बजट सत्र में केंद्रीय बजट वर्ष 2025-26 के लिए रेल मंत्रालय के लिए लाये गए अनुदानों की मांगों पर चर्चा में भाग लेकर अपनी बातों को प्रमुखता से रखते हुए लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत ने क्षेत्र के साथ रेलवे के बुनियादी समस्याओं पर सरकार पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत लांसनायक परमवीर अल्बर्ट एक्का के जन्मस्थली जिला गुमला है जहां आजादी के इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक यहां रेलवे लाइन नहीं बना है ।गुमला जिला में भगवान हनुमान का जन्म स्थान है, आदिवासियों को सबसे बड़ा धार्मिक स्थल सिरा सीता नाला है, महादेव का प्राचीन मंदिर टांगीनाथ है ।यह क्षेत्र पांचवी अनुसूचित में भी आता है इसलिए लोहरदगा से गुमला होते हुए कोरबा तक नई रेलवे लाइन इसी वित्तीय वर्ष में बनाने की मांग को सांसद ने संसद में प्रमुखता से रखें। साथ ही रांची के इटकी में सबसे बड़ा यक्ष्मा आरोग्यशाला (ट्यूबरक्लोसिस) का अस्पताल है यहां के स्टेशन का फाटक को बंद कर दिया गया है जिससे जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसलिए इटकी में फूट ओवरब्रिज बनाया जाए। लोहरदगा जिला के नागजुआ, आकाशी स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेन पहले रूकता था। कोरोना काल में इसे बंद कर दिया गया था उसे फिर से चालू किया जाए। इसके अलावा सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि मोदी सरकार रेल में फेल है। 10 साल में 638 रेल दुर्घटनाएं हुई है ।रेलवे में वर्कफोर्स की भारी कमी है। रेलवे में लाखों पद अभी भी खाली है बेहद अफसोस की बात है कि मोदी सरकार में रेलवे में रोजगार के अवसर को सीमित कर दी जा रही है। कैग(उअऋ) की रिपोर्ट में बताया गया कि मोदी सरकार राष्ट्रीय रेल संरक्षा कोष का पैसा फुट मसाज, क्रॉकरी और फर्नीचर जैसे चीजों में खर्च किया जा रहा है ।सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि छात्रों, सीनियर सिटीजन, खिलाड़ियों को पहले की तरह रेलवे में मिलने वाली सुविधा दिया जाए।

# प्रशिक्षण प्राप्त युवा स्वरोजगार से जुड़कर क्षेत्र से बेरोजगारी दूर करें : राहुल त्यागी

- 32वीं वाहिनी सीमा सशस्त्र बल बनारी का नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत आयोजित प्रशिक्षण संपन्न, प्रशिक्षणार्थियों को प्रदान किया गया प्रमाण पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** विकास भारती बिशनपुर के डॉक्टर अंबेडकर सभागार में 32वीं वाहिनी सीमा सशस्त्र बल बनारी के द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक कार्य का प्रशिक्षण समापन के उपरांत प्रमाण पत्र का वितरण प्रशिक्षणार्थियों के बीच किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि एसएसबी डिप्टी कमांडेंट राहुल त्यागी, सरस्वती देवी पंचायत समिति सदस्य बिशनपुर, विकास भारती बिशुनपुर के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत शामिल हुए। प्रशिक्षण 25 दिवसीय चला। जिसमें प्रशिक्षणार्थियों को मोटर वाइंडिंग, वायरिंग, इलेक्ट्रॉनिक, दीवाल पंखा बाइंडिंग, एलईडी बल्ब रिपेयरिंग एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्रियों की रिपेयरिंग की जानकारी प्रशिक्षण के दौरान दी गई। मनीष साहू एवं सोनम कुमारी ने अपना प्रशिक्षण अनुभव शेयर किया और उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण से हमें और हमारे गांव के आसपास के युवाओं को काफी प्रेरणा मिलेगी और हम स्वरोजगार से भी जुड़ सकते हैं। इतनी कम अवधि में भी अधिक से अधिक इलेक्ट्रॉनिक सामग्री की रिपेयरिंग के बारे में हमें कुशलता पूर्वक बताया गया। इस 25 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र में गुमला जिला के बिशुनपुर प्रखंड से 30 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। जिसमें 27 पुरुष एवं तीन महिलाएं शामिल थी।

मौके पर 32वीं वाहिनी सीमा सशस्त्र बल के उपनिदेशक राहुल त्यागी ने प्रशिक्षणार्थियों को भविष्य में कैसे सफल होना है उसके बारे में संपूर्ण जानकारी दी। साथ ही प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि आज के समय में स्वरोजगार का क्या महत्व है। हम कैसे स्वरोजगार से जुड़कर बेरोजगारी को दूर कर सकते हैं।

विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने कहा कि ग्रामीण बच्चों को कम से कम इलेक्ट्रॉनिक्स के रिपेयरिंग का कार्य सीखना चाहिए ताकि अपने गांव के आसपास की इलेक्ट्रॉनिक समस्याओं को दूर कर सके एवं अपनी आमदनी भी कर सकें। साथ ही बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इलेक्ट्रिकल कार्य करके हम कैसे सफल बन सकते हैं। साथ ही प्रशिक्षणार्थियों उज्जवल भविष्य के लिए उनको शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से संजय कुमार केंद्र प्रबंधक पीएमकेके गुमला एवं एनडीटीसी प्रशिक्षण केंद्र के सभी कार्यकर्ता एवं विकास भारती बिशुनपुर के अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

चंदवा में मंईयां सम्मान को लेकर ब्लॉक, बैंक व प्रज्ञा केंद्रों में उमड़ रही महिलाओं की भींड़

# चंदवा में 13753 लाभुकों के खाते में आया है पैसा डीबीटी नहीं होने के कारण 1430 का पैसा पेंडिंग

## बिचौलिए कर रहे है लाभुकों के पैसे की निकासी का प्रयास

खबर मन्त्र संवाददाता



**चंदवा।** राज्य की हेमंत सोरेन सरकार द्वारा गत 8 मार्च को मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के खातों में 3 माह का एकमुश्त 7500 राशि हस्तांतरित किए जाने के बाद से बाजार में रौनक देखी जा रही है।

महिलाओं के खातों में पैसे आने के बाद होली के दौरान बाजार में महिलाओं की भारी भींड देखी गई व बाजार में जमकर खरीददारी भी हुई। होली के बीत जाने के बाद जिन लाभुकों के खाते में पैसे नहीं आए हैं वे ब्लॉक, बैंक व प्रज्ञा केंद्रों का चक्कर काटती देखी जा रहीं हैं। मंगलवार को भी काफी संख्या में महिलाएं प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर उनके खाते में पैसा आया है या नहीं, नहीं आया है तो क्यों नहीं आया इसकी जानकारी को लेकर परेशान दिखीं। मंईयां सम्मान की राशि महिलाओं के खातों में आने के बाद हो रही चौतरफा निकासी के कारण बैंकों एवं प्रज्ञा केंद्रों में नकद पैसे की भारी किल्लत देखने को मिल रही है। प्रज्ञा केंद्रों में पैसे की निकासी को लेकर महिलाएं घंटों इंतजार करती देखी जा रही है। एक प्रज्ञा केंद्र संचालक में बताया कि बैंकों से भी उन्हें जरूरत के हिसाब से पैसे नहीं मिल पा रहे हैं।

एक लाख रुपए कैश डिमांड करने पर बमुश्किल 25 से 30 हजार रुपए ही मिल पा रहा है। कम राशि मिलने की बात पूछे जाने पर बैंक द्वारा मार्च क्लोजिंग माह होने की बात कही जा रही है।

वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ बिचौलिए महिलाओं के पैसे को डकारने के फिराक में भी देखे जा रहे हैं। कई लाभुकों का पैसे डीबीटी के माध्यम से आधार लिंक खाते में चला गया है। ऐसे में कई लाभुकों का पैसे मनरेगा खाते में गया है, इसकी जानकारी लाभुकों को भी नहीं है। कुछ मनरेगा के बिचौलिए जॉब कार्ड धारकों के पासबुक अपने पास रखे हुए हैं, जिस कारण बिचौलिए ऐसे लाभुकों को झांसे में लेकर उनका पैसा निकाल ले रहे है। एक ऐसा ही मामला चंदवा प्रखंड के सुदूरवर्ती डुमारो पंचायत से आया है, लाभुक को इसकी जानकारी मिलने के बाद उन्होंने हो हल्ला की तो बिचौलिए द्वारा पैसा वापस करने का भरोसा दिया गया है। विदित हो कि लाभुकों के सत्यापन के पश्चात चंदवा प्रखंड में 13753 महिलाओं का पैसा डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खाते में हस्तांतरित कर दी गई है। जबकि 1430 लाभुकों का डीबीटी नहीं रहने का कारण पैसा पेंडिंग में चला गया है। इसके अलावा 50 वर्ष अधिक उम्र के 350 महिलाएं, अन्य पेंशन योजना के 26 लाभुकों का पैसा रोका गया है, साथ ही प्रखंड के 5052 अयोग्य लाभुकों की छटनी राज्य से की गई है।

### भाजपा नेता राजन भगत को मातृशोक

चंदवा। भाजपा किसान मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजन कुमार भगत की माता विमला देवी (80) वर्ष का निधन सोमवार को हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी। सोमवार की दोपहर बाद आन गांव के समीप स्थित घघरी नदी स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। कनिष्ठ पुत्र निखिल कुमार ने मुखाग्नि दी। इधर विमला देवी के निधन की सूचना के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने शोक संवेदना प्रकट की है। शोक व्यक्त करने वालों में विधायक प्रकाश राम, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, महेंद्र प्रसाद साहू, राजकुमार पाठक, जिप सदस्य सरोज देवी, दीपक निषाद, आशीष सिंह, रामप्रसाद साहू, आदर्श रवि राज, रिकी वर्मा, रोहित शाहदेव, शिकेश्वर यादव, श्रवण प्रसाद, अवधेश यादव, संजय प्रसाद, राजेश यादव, सुनील मुंडा, मनोज पाठक समेत दर्जनों भाजपाई व अन्य शामिल हैं।

## तुबेद कोल माइंस ने चार मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य पूरा किया

▸▸ श्री ठाकुर ने कहा कि डीवीसी न सिर्फ कोयला उत्पादन में वरन अपने सामाजिक दायित्वों का भी निवर्हन कर रहा है।

▸▸ श्री ठाकुर ने कहा कि डीवीसी की यह उपलब्धि ऊर्जा सुरक्षा और स्थिरता की दिशा में डीवीसी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** दामोदर वैली कॉर्पोरेशन डीवीसी के तुबेद कोल माइन ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में चार मिलियन टन कोयला उत्पादन का अपना लक्ष्य पूरा कर लिया है. मंगलवार को द होटल कार्निवाल्स परिसर मे अवस्थित डीवीसी के कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में इस आशय की जानकारी डीवीसी के सीनियर जीएम (खनन) अरविंद कुमार ठाकुर ने दी। उन्होने कहा कि यह उपलब्धि सामुहिक प्रयास का परिणाम है। इसके लिए उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार के अलावा जिला प्रशासन व स्थानीय जन प्रतिनिधियों के प्रति आभार प्रकट किया। आगे कहा कि इस उपलब्धि में डीवीसी एवं उनके कार्यकारी एजेंसियों की भी भूमिका भी अहम रही है। श्री ठाकुर ने कहा कि डीवीसी की यह उपलब्धि ऊर्जा सुरक्षा और स्थिरता की दिशा में डीवीसी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस उत्पादन से न केवल ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि यह राष्ट्रीय विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। श्री ठाकुर ने आगे कहा कि डीवीसी न सिर्फ कोयला उत्पादन में वरन अपने सामाजिक दायित्वों का भी निवर्हन कर रहा है। इसके तहत परियोजना क्षेत्र में आये दिन मेडिकल कैंप लगा कर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। उन्हें दैनिक जरूरतों की सामाग्रियां भी उपलब्ध करायी जाती है। श्री ठाकुर ने बताया कि पिछले दिनों डीवीसी ने परियोजना क्षेत्र के जानी गांव में एक विद्यालय में भवन मरम्मति के अलावा डेस्क बेंच उपलब्ध कराये गये हैं। माइनिंग क्षेत्र से नवादा ग्राम तक सड़क मरम्मति का प्रस्ताव कंपनी को भेजा गया है। डीवीसी की चिकित्सा पदाधिकारी डा अलका लकड़ा ने बताया कि डीवीसी ने अपने सीएसआर के तहत मोतियाबिंद शिविर का आयोजन कर अब तक 200 से अधिक लोगों के आंखों का आपरेशन किया जा चुका है। मानव संसाधन प्रबंधक आरपी तिवारी ने कहा कि डीवीसी आम लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतर रही है। काफी चुनौतियों के बाद यहां तुबेद कोल माइन शुरू हो पाया है।

इसमें आम ग्रामीणों का भी भरपूर सहयोग मिला है। मौके पर डीजीएम ( माइनिंग) एस दास, वरीय प्रबंधक (वित्त) अभीजित गराई, मेसर्स डेवलेक्टो माइनिंग लिमिटेड के एमडीओ अनिरूद्ध भट्टाचार्य व साहिद इकबाल आदि मौजूद थे।

## जन शिकायत निवारण में डीसी ने सुनी ग्रामीणों की समस्या

निदान को लेकर दिए कई आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। जन शिकायत निवारण में कुल 13 आवेदन प्राप्त हुए जो मुख्य रूप से नियुक्ति, भूमि अधिग्रहण, मुआवजा से संबंधी जुड़े आवेदन आये। इस दौरान कुछ आवेदकों की समस्याओं का निष्पादन आन द स्पॉट किया गया और शेष आवेदकों के समस्याओं का यथाशीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए, समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें। उपायुक्त के निदेर्शानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

### बेलोरो ने बाइक सवार को मारी टक्कर, तीन घायल

**बालूमाथ।** एकत्रित बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बारीखाप ग्राम के समीप मंगलवार को एक अनियंत्रित बोलेरो ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे दुर्घटना में बाइक में सवार सकेन्द्र गंझू 35 वर्ष पिता साहेब गंझू एवं उसकी पत्नी देवती देवी 30 वर्ष पुत्री सपना कुमारी 17 तीनों ग्राम बनवार थाना बरियातू निवासी गगंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद सभी घायलों को स्थानीय लोगो की मदद से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अलीशा टोप्पो के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बालूमाथ अस्पताल इलाज कराने आ रहे थे तभी बारीखाब के पास यह घटना हुई।

### बस स्टैंड पर यात्री सुविधा बहाल करें जिला परिषद : रविराज



**चंदवा।** प्रतिवर्ष चंदवा बस स्टैंड के नाम पर लाखों रुपया का राजस्व वसूलने वाला जिला परिषद विभाग यात्रियों के सुविधाओं के लिए कोई काम नहीं करता, उक्त आरोप भाजपा नेता रविराज ने लगाया है। रविराज ने कहा कि पिछले 12 वर्षों से प्रतिवर्ष लाखों रुपए की वसूली होती है। चंदवा बस स्टैंड नाम मात्र का है ना ही यहां यात्रियों के लिए बैठने की व्यवस्था है और ना बस चालक-उपचालको के लिए कोई व्यवस्था। बस स्टैंड में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिसकी सफाई की भी चिंता नहीं है। बस स्टैंड का एंट्री गेट भी संकीर्ण है, जिसपर बस स्टैंड होने का कोई साइन बोर्ड भी नहीं लगा है। यात्रियों के सुविधाओं के लिए दो-दो शौचालय तो बने हुए हैं लेकिन इसका उपयोग हो मुश्किल ही प्रतीत होता है। रविराज ने कहा कि जिला परिषद विभाग को चाहिए कि यात्रियों के बैठने के लिए सुन्दर और बड़ा यात्री शेड का निर्माण करें, बस स्टैंड के अंदर कैंटीन की व्यवस्था हो, शौचालय ऐसा बनवाये कि सुविधाजनक युक्त हो। नियमित रूप से साफ सफाई के लिए सफाईकर्मी की बहाली की जाए।

## उड़ते धूलकण से परेशान है बालूमाथ के ग्रामीण

▸▸ लोगों ने लातेहार डीसी से बालूमाथ शहर में लाइट और उड़ते धूलकण के लिए पानी पटवन की मांग किया है



खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीण धूलकण से परेशान है। यह एक जटिल समस्या बनी हुई हैं। सरकार को लाखों रुपए राजस्व देने वाले प्रखंड में रहने वाले लोग वर्तमान में स्वच्छ हवा में सांस लेने के लिए तरस रहे हैं। बता दें कि प्रखंड अंतर्गत कई कोलियरी संचालित है। इन कोलियरी से राज्य सरकार और केंद्र सरकार को प्रतिदिन लाखों रुपए राजस्व मिल रहा है। परंतु सरकार को भारी राजस्व देने वाले प्रखंड को बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित है। डीएमएफटी मद से प्रखंड मुख्यालय में लाइट की व्यवस्था नही की गई है। जिस कारण उड़ते धूल कण में सामने से आ रहे गाड़ी का पता नहीं चल पता। जिस वजह से दुर्घटनाएं घटती रहती है। प्रखंड के लोग कई बीमारियों के चपेट में असमय आ जा रहे हैं। बताते चलें कि प्रखंड में सीसीएल द्वारा संचालित मगध और तेतरियाखांड कोल माइंस से निकलने वाली हाईवा और ट्रक में कोयला लोड होता है। गाड़ियों में कोयला लोड इतना रहता है कि सड़कों के टर्निंग प्वाइंट या ब्रेकर पर कोयला गिरकर सड़कों पर आ जाता है। जबकी कोयला परिवहन के लिए सरकारी कई रूल नियम बनाए गए हैं, जैसे सड़कों के किनारे वृक्ष लगाना, सड़कों के किनारे लाईट की व्यवस्था होना, घनी आबादी क्षेत्र में पानी का पटवन करना, कोयला परिवहन गाड़ियों में माल परिवहन के वक्त कोयला को त्रिपाल से ठक्कर ले जाना जैसे कई नियम बनाए गए हैं। पर प्रखंड से लेकर जिला प्रशासन, सीसीएल, समाजसेवी, राजनीतिक दल के नेता, जनप्रतिनिधि इस समस्या को समाधान कराने में अबतक विफल रहे हैं। जिसका सीधा असर आम लोगों के स्वास्थ्य के साथ-साथ फसल, पालतू जानवरों पर पड़ रहा है. जिसका खामियाजा क्षेत्रीय ग्रामीण और राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है । लोगों ने लातेहार डीसी से डीएमएफटी मद का सदुपयोग करते हुए बालूमाथ शहर में लाइट और उड़ते धूलकण के लिए पानी पटवन की मांग किया है।

## साप्ताहिक जनता दरबार का हुआ आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** मंगलवार को बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने अपने कार्यालय में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार के दौरान प्रखंड के विभिन्न पंचायत से आए ग्रामीणों के द्वारा बारी-बारी से अपनी समस्या को लेकर मुलाकात करते हुए आवेदन दिया गया। इस दौरान विभिन्न पंचायत से आये लगभग 50 से अधिक महिलाओं नें मईया सम्मान योजना की 7500 राशि नही आने की शिकायत की। जनता दरबार के गढ़वाटाड़ के खरवार मोहल्ला में खराब जलमीनार, और चापाकल की शिकायत ग्रामीणों ने की। जिस पर तत्काल सज्ञान लेते हुए बीड़ीओ ने पीएचडी विभाग और पंचायत के मुखिया को समस्या को दूर करने निर्देश जारी किया। बीडीओ रेशमा रेखा मिंज नें बताया कि जनता दरबार में मईया योजना की राशि नही आने के साथ लगभग दो दर्जन से अधिक अन्य पेशन की आवेदन प्राप्त हुए है। वही इसके अलावे जॉब कार्ड, राशन कार्ड, जलमीनार की खराब होने समेत एक दर्जन से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। वहीं व्यावसायिक समिति की महत्वपूर्ण मांग मुख्य बाजार में वर्षों से अधूरे और बंद पड़े शौचालय को पूर्ण कराने और उसे चालू कराने की दिशा में अब तक कोई ठोस कदम प्रखण्ड प्रशासन द्वारा नहीं उठाया गया है। जिसे लेकर व्यवसायियों में प्रखण्ड प्रशासन के खिलाफ आक्रोश देखा जा रहा है। जबकि मामले को लेकर कई बार प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को मांगपत्र और अन्य माध्यमों से अवगत कराया जा चुका है।

लघु सिंचाई विभाग रैयतों के जमीन पर बना रही है सड़क

## रैयतो ने की सड़क निर्माण कार्य को रोकने की मांग, विभाग मौन



खबर मंत्र संवाददाता

**लातेहार।** तापाखास निवासी महेंद्र प्रसाद, दिलीप प्रसाद, चंद्रिका प्रसाद ने रैयती जमीन में सड़क नहीं बनाने को लेकर 6 नवंबर 2024 को कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई विभाग को आवेदन सौंपा था। लेकिन अभी तक कोई करवाई नहीं हुआ है। उन्होंने आवेदन के माध्यम से बताया था कि हमलोगो का रैयती जमीन मौजा अम्वाटीकर (मुहल्लाह चंदनडीह) स्कूल के पीछे में है। जिसका खाता संख्या 6 प्लॉट 605, 606, 407 है। उक्त जमीन हमलोगों का जमीन है। सूत्रों से पता चला की कुछ लोगो द्वारा हमलोगो के रैयती जमीन पर हमलोगो के सहमति बिना सड़क का निर्माण का प्रयास किया जा रहा है। जो उचित नहीं है। रियतो ने लघु सिंचाई विभाग से रैयती जमीन में सड़क निर्माण कार्य नहीं करने की मांग की थी लेकिन विभाग के द्वारा सड़क निर्माण कार्य जारी है। इस संबंध में माइनर एग्जीक्यूटिव इंजीनियर से बात करने पर उन्होंने बताया कि मैं सीओ को इस संबंध में अवगत कराया था उन्होंने नक्सा बनाते हुए बताया कि यह नहर का जमीन है। इसमें सड़क निर्माण किया जा सकता है।

### बिजली विभाग द्वारा 24×7 हेल्पलाइन नंबर जारी की गई

**लातेहार।** उपायुक्त लातेहार उत्कर्ष गुप्ता के निदेर्शानुसार जिले में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था लगातार सुनिश्चित करने के लिये बिजली विभाग के द्वारा (247) हेल्पलाइन नंबर जारी की गई है। गौरतलब है कि गर्मी के मौसम में अत्यधिक तापमान के कारण ट्रांसफर्मर जलने एवं अधिक दबाव के कारण तार टूटने की समस्या बहुत अधिक होता है अतः इसके मद्देनजर उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया है कि जिलेवासियों को बिजली से संबंधित किसी भी समस्याओं का अविलंब निष्पादन किया जाये। बिजली विभाग से संबंधित उपभोक्ता, शिकायत निवारण एवं जले हुये ट्रांसफर्मर को बदलनें की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिये (24×7) हेल्पलाइन नंबर 8757710488 पर संपर्क किया जा सकता है।

झामुमो के कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रखंड अध्यक्ष समेत अन्य पदों के लिए हुई रायशुमारी

# पार्टी को मजबूत करना सम्मेलन का उद्देश्य : अरुण

## सभी पदों के लिए दो दो नामों का मिला प्रस्ताव

खबर मन्त्र संवददाता

बरवाडीह। मंगलवार को बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के पुराने ब्लॉक परिसर में आहूत झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रखंड कमेटी के चयन को लेकर रायशुमारी की गई।

इस सम्मेलन में कार्यकर्ताओं और नेताओं ने अपने अपने विचार रखे और संभावित उम्मीदवारों को लेकर चर्चा की। कमेटी गठन को लेकर कार्यक्रम में पार्टी के जिला कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित हुए। जिनमें केंद्रीय समिति सदस्य सह जिला संयोजक मंडली के सदस्य अरुण कुमार दुबे, शमशुल होदा, अरुण सिंह खरवार, वरिष्ठ नेता बुद्धेश्वर उरांव, सुदामा प्रसाद मौजूद थे। कार्यक्रम में मंच का संचालन शशि भूषण तिवारी ने किया। इसके पूर्व अतिथियों ने महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। वहीं कार्यकताओं द्वारा अतिथियों का स्वागत पारंपरिक रीति रिवाज लोकनृत्य प्रस्तुत कर तथा अंगवस्त्र और फूलमाला भेंटकर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अरुण दुबे ने कहा कि बरवाडीह प्रखंड में पार्टी की संगठनात्मक संरचना मजबूत करना इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य है। इसमें कार्यकर्ताओं की सहमति भी जरूरी है ताकि चयनित अध्यक्ष को सभी का समर्थन मिले और संगठन में एकता बनी रही।



भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते

इसके बाद अध्यक्ष पद के लिए शशि भूषण तिवारी और अफजल अंसारी का नाम उनके प्रस्तावकों द्वारा दिया गया। वहीं सचिव के लिए युवा नेता रितेश कुमार और वरिष्ठ नेता बाबूराम सिंह, उपाध्यक्ष के लिए महेंद्र प्रजापति व गुलाम असगर, कोषाध्यक्ष के लिए सुप्रियन मिंज तथा संगठन सचिव के लिए संजय उरांव के नाम का प्रस्ताव अतिथियों के समक्ष रखा गया। जहां सभी पदों के लिए दो दो नाम का प्रस्ताव आने पर सभी लोगों को पांच पांच मिनट का वक्त दिया गया ताकि वह आपस में सहमति बनाकर निर्णय कर सकें जिससे कमेटी गठित करने में कोई परेशानी नहीं हो। लेकिन सहमति नहीं बनने पर पदाधिकारियों ने कहा कि इस सूची को केंद्रीय कमेटी को भेज दिया जाएगा अंतिम निर्णय केंद्रीय कमेटी द्वारा लिया जाएगा जो सर्वमान्य होगा।

### हेमंत सरकार ने राज्य के विकास की दिशा को दी गति : बुद्धेश्वर उरांव

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बुद्धेश्वर उरांव ने सरकार की उपलब्धियां कार्यकताओं के समक्ष गिनाई। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने झारखंड में ऐसी कई योजनाएं शुरू की हैं, जिनका लाभ हर वर्ग को मिल रहा है, चाहे वे गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा या आदिवासी हों। इन योजनाओं का मकसद समाज के सभी तबकों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना है। इन योजनाओं से झारखंड के लोगों को सीधा लाभ मिला है, और राज्य के विकास की दिशा तय हुई है। कार्यक्रम में हरेश्वर उरांव, देवनाथ सिंह खरवार, दीनानाथ राम, विक्टर केरकेट्टा, जितेंद्र सिंह, आरती देवी, नूरजहां, महबूब आलम, अशोक कोरवा, जोहन टोपनो, जितेन्द्र सिंह, संजय उरांव, सोमेश्वर राम, मो.सुभानी, हरिनंदन भगत, जग्गू भुइयां, अभय कुमार सिंह और बिपिन बिहारी सिंह समेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नगर परिषद क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स जमा करने को लेकर चलाया अभियान

▸▸ 31 मार्च तक होल्डिंग टैक्स जमा नहीं करने पर होगी कार्रवाई



अभियान में शामिल लोग।

**कुजू।** रामगढ़ नगर परिषद के वार्ड संख्या 2, 3, 7, 8, एवं 9 में होल्डिंग टैक्स जमा करने को लेकर प्रशासन के निदेर्शानुसार मंगलवार को अभियान चलाया गया। जिसमें क्षेत्र के सांडी, बोंगबार, सेवटा, रांची रोड़, मरार आदि शामिल हैं। इस दौरान यश होटल, राज नर्सिंग होम, राहत नर्सिंग होम, लाइफ लाइन हॉस्पिटल के संचालक के अलावे अन्य बकायादारों के यहां निरीक्षण कर होल्डिंग टैक्स जमा करने के लिए कहा गया। जिसमें कुछ होल्डिंग धारकों के द्वारा यथाशीघ्र जमा करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही वैसे होल्डिंग टैक्स बकायादारों को जो कई वर्षो से होल्डिंग टैक्स जमा नहीं कर रहे उनके अकाउंट 31 मार्च के बाद से फ्रीज करने एवं विभागीय कर्रवाई करने के लिए निर्देश दिया गया। अभियान में नगर परिषद के राजीव रंजन, सलमान अंसारी, सौरभ मिंज, विनोद यादव, कृष्ण कुमार, प्रकाश तिवारी, सागर कुमार, दीपक पासवान, विक्रम कुमार शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### जैना मोड़ स्थित सिंह टिम्बर में लगी भयंकर आग



**बोकारो।** बोकारो जिलान्तर्गत जैना मोड़ स्थित सिंह टिम्बर के लकड़ी गोदाम में बीती रात लगभग 12 बजे के आसपास आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दमकल की चार गाड़ियां आग पर काफी मशक्कत के बाद काबू पा सकीं। हालांकि तबतक गोदाम में रखी लकड़ियां राख हो चुकी थीं। जांच के बाद आग लगने का वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेगा। अभी शार्ट सर्किट होने की आशंका जताई जा रही है।

### रितुडीह में सड़क पर खड़े ट्रक से टकराई एम्बुलेंस



**बोकारो।** बोकारो जिला के माराफारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ऋतुडीह दुर्गा मंदिर के समीप सड़क पर खड़े ट्रक से देर रात एक एंबुलेंस की जोरदार टक्कर हुई। एम्बुलेंस के ड्राइवर की हालत चिंताजनक बताई जा रही है जो इलाजरत है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एम्बुलेंस वाहन रांची से लौट रहा था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आधी से अधिक गाड़ी ट्रक के अंदर घुस गई है। सड़क पर गलत पार्किंग की वजह से आए दिन दुर्घटना हो रही है। जब तक जिला प्रशासन द्वारा सड़क पर गाड़ी पार्किंग के विरुद्ध कठोर कदम नहीं उठाया जाएगा ऐसी दुर्घटनाएं होती रहेंगी।

### युवक की गुमशुदगी को ले थाने में दिया आवेदन



**फुसरो।** बेरमो थाना क्षेत्र के बालूबैंकर, सिंगारबेड़ा निवासी दिलीप कुमार राम ने अपने भतीजे विशाल कुमार भारती उर्फ विक्की (30) जो लगभग आठ दिनों से लापता है। दिली राम ने अपने भतीजे की गुमशुदगी को लेकर बेरमो थाना में आवेदन देकर खोजबीन की गुहार लगायी है। आवेदन में कहा है कि 11 मार्च को दोपहर लगभग 3.45 बजे घर से निकला था जो अभी तक घर वापस नहीं आया है। विशाल कुमार भारती उर्फ विक्की का मानसिक संतुलन सही नहीं है।

### पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय डिविजन रेलवे प्रबंधक से मिले

**बेरमो।** धनबाद से नाशिक एक्सप्रेस के ठहराव फुसरो एवं हावड़ा जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस के ठहराव भंडारीदह मे कराने हेतु एवं अन्य समस्याओ एवं रेल गाड़ी ठहराव के अलावे कई मुद्दे को लेकर सोलहवीं लोकसभा सांसद रवींद्र कुमार पांडेय ने मंडल डिविजन रेलवे प्रबंधक पूर्व मध्य रेलवे धनबाद कमल किशोर सिन्हा से मिलकर धनबाद स्टेशन से नाशिक के बीच चल रहे रेल गाड़ी हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस को पूर्व कि भांति चलाने हेतु ज्ञापन सौंपा।

## खादान मालिकों संग व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सर्वेक्षण का किया गया आयोजन

# सभी मानकों को ध्यान में रखते हुए ही खनन कार्य करें : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** खान अधिनियम, 1952 एवं खान नियम, 1955 के तहत सिलिकोसिस बीमारी से प्रभावित खान श्रमिकों का व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सर्वेक्षण (सिलिकोसिस) का आयोजन किया गया। आयोजन उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे, खान सुरक्षा निदेशक, क्षेत्र संख्या-3, मध्य अंचल, धनबाद साजेश कुमार एवं खान सुरक्षा उपनिदेशक मिथलेश कुमार की उपस्थित में हुई।

इस अवसर पर उपायुक्त ने जिला अन्तर्गत विभिन्न अंचलों में चल रहे पत्थर खदानों में कार्यरत श्रमिकों एवं खान मालिकों को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में खनन गतिविधियां बहुत अधिक मात्रा में चल रही हैं। आने वाले समय में इस जिले में बहुत ही वृहद पैमाने पर खनन का कार्य होने वाला है। स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध करायें। जिससे पलायन कम हो सके। प्रायः यह देखा जाता है कि खनन क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर पूरी ऐहतियात नहीं बरती जाती है। जिस वजह से श्रमिक बीमार हो सकते हैं। आपकी छोटी छोटी व्यवस्था से श्रमिकों को बीमार होने से बचाया जा सकता है। सबसे बड़ी समस्या खनन क्षेत्र में धूल से होती है। धूल के कारण श्रमिकों को सिलिकोसिस, बहरापन, लंग की समस्या होती है। सभी खनन कार्यों में श्रमिकों को प्रति 5 घंटे में नए मास्क का उपयोग करना अनिवार्य है। सिर के बाल को बचाने के लिए कैप का उपयोग करें। ब्लास्टिंग में नई तकनीक का इस्तेमाल करें। जिससे अधिक ध्वनि को कम किया जा सके और श्रमिकों को बहरापन से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी श्रमिक को खान कार्यों में लगाने से पूर्व उसका मेडिकल जांच करवा लें कि वह पहले से कोई बीमारी से ग्रसित तो नहीं। अगर ऐसा है तो उन्हें डस्ट फ्री क्षेत्र में ही कार्य करवायें। आपके एहतियात नहीं बरतने के वजह से अगर किसी श्रमिक की जान जाएगी तो इसमें आपको काफी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। इसलिए आपसे यह उम्मीद है कि सभी मानकों को ध्यान में रखते हुए ही खनन कार्य करेंगे। इसी क्रम में खान सुरक्षा निदेशक, क्षेत्र संख्या-3, मध्य अंचल, धनबाद साजेश कुमार ने व्यवसायिक जांच शिविर से संबंधित सभी बातों से अवगत कराया। उन्होंने प्रत्येक तीन माह में खनन क्षेत्र में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने की बात कही। कहा कि 2017 से लगातार पूरे खनन क्षेत्र में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जा रहा है। लेकिन चिंता का विषय यह है कि अब तक राज्य में लगभग 50 सिलिकोसिस के मरीज मिल चुके है। हमें इस बीमारी को फैलने से रोकने का कार्य करना है। इसके लिए खनन क्षेत्र में पानी के छिड़काव की व्यवसाय रखे। पूरे खनन क्षेत्र में पानी के छिड़काव मात्र से ही 80 फीसदी डस्ट को रोका जा सकता है। एक्सकावेटर ऑपरेटर्स को क्लोसड एरिया में बैठा कर कार्य करने की व्यवस्था दे। कैप, मास्क का उपयोग अवश्य करें।

सिविल सर्जन बच्चा प्रसाद सिंह ने कहा कि गोपीकांदर एवं शिकारीपाड़ा के खनन क्षेत्र में लोगों की स्वास्थ्य की स्थिति काफी खराब है। यह डस्ट की वजह से होता है। डस्ट में कार्य कर रहे लोगों का खासी होना, छाती भारी होना, कान से सुनाई कम देना इत्यादि कई बीमारी होती है। खनन कार्य में श्रमिकों को फुल बॉडी कवर करवा कर ही काम कराए। प्रति तीन माह में स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे और सभी श्रमिकों एवं ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कराया जाएगा। मौके पर पत्थर खदानों में कार्यरत श्रमिक एवं खान मालिक सहित अन्य उपस्थित थे।

### अवैध खनन व परिवहन पर रोक को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

**दुमका।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में अवैध खनन एवं अवैध खनिज परिवहन के रोकथाम को लेकर जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आहूत की गई। उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम को लेकर टास्क फोर्स की टीम को अभियान चलाकर छापेमारी करते हुए संलिप्त लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर रोकथाम करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने अवैध खनन की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए खनन माफियाओं पर नकेल कसने और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। समीक्षा के क्रम में जिला अंतर्गत बालू, पत्थर के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण, जांच, रॉयल्टी संग्रहण की समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार जांच अभियान चलाने, नियमानुसार धारित खनन पट्टों का उपयोग, क्रशर संचालन के नियमों का पालन, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई, सुरक्षा मानकों का ध्यान रखते हुए क्रशर संचालन आदि की समीक्षा की गई। बैठक में प्रशिक्षु आईएफएस, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## सीनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट रणधीर वर्मा टूर्नामेंट के दूसरे मैच में दुमका सीनियर टीम बनी विजेता



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** कोडरमा में आयोजित झारखंड राज्य क्रिकेट संघ इंटर डिस्ट्रिक्ट सीनियर टूर्नामेंट के दूसरे मैच में मंगलवार को फिर दुमका सीनियर की टीम विजेता घोषित हुई।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला गढ़वा की टीम को रास नहीं आया। मात्र 29.5 ओवरों में गढ़वा की पूरी टीम 153 रन के स्कोर पर ढेर हो गई। दुमका की ओर से विभु कुमार ने सर्वाधिक चार, सौरभ कुमार ने तीन एवं समीर पंडित ने दो विकेट हासिल किए। जवाबी पारी में उतरी दुमका सीनियर की टीम ने मात्र दो विकेट खोकर कप्तान शुभांशु वर्मा के 12 चौकों की सहायता से 88 गेंद में 76 रन एवं लक्ष्मण कुमार के 46 गेंद में चार चौके एवं एक छक्के की मदद से बनाए गए 39 रन की बदौलत मात्र 24 ओवरों में ही जीत का लक्ष्य हासिल करते हुए विजेता टीम घोषित हुई। ऑफ स्पिनर विभु कुमार के सर्वाधिक चार विकेट लेने के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

कोडरमा में झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के टीआरडीओ एवं अन्य पदाधिकारियों ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार एवं 5000 नकद राशि देकर सम्मानित किया।

जिला क्रिकेट संघ ने खिलाड़ियों को अगले मैच में भी बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी।

## दो टोटो चोर गिरफ्तार, गए जेल



- **चोरी कर टोटो पश्चिम बंगाल में 52 हजार में बेचा था**

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** टोटो चोरी के आरोप में मुफस्सिल थाना पुलिस दो चोर को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दी है। गिरफ्तार आरोपी मोनू कुमार साह एवं मुकेश कुमार मांझी है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के बिजली क्लोनी, महुआडंगाल स्थित उसके घर से करने में सफल हुई।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के नोनीहथवारी गांव निवासी प्रदुमन मंडल के लिखित शिकायत पर 10 मार्च को पुलिस चोरी का प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन में जुट गई थी। चोरों ने टोटो की चोरी थाना क्षेत्र के विजयपुर के समीप की थी। मामले में पुलिस जांच करते हुए चोरों की गिरफ्तारी में जुट गई थी। इसके बाद पुलिस को भनक लगी की चोरों ने पश्चिम बंगाल में टोटो को बेच दिया है। जिसके बाद पुलिस चोरों को गिरफ्तार करने में सफल हुई। पुलिसिया पूछताछ में चोरों ने स्वीकारा कि चोरी किया टोटो पश्चिम बंगाल में 52 हजार रुपए में बेचा था। पुलिस मामले में दोनों चोर को न्यायालय में बयान दर्ज करा न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## खबर एक नजर में

### समाजसेवा के साथ बच्चों का भविष्य बना रही हैं जिप सदस्य सह आजसू नेत्री खुशबू महतो

**बेरमो/उपरघाट।** नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट जिला परिषद क्षेत्र संख्या -8 के जिला परिषद सदस्य सह आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव कुमारी खुशबू महतो ने अपने क्षेत्र में अलग ही पहचान बनाकर क्षेत्र की जनता की सेवा कर रही हैं। एक तरफ देखा जाए तो जबसे कुमारी खुशबू महतो जिला परिषद सदस्य निर्वाचित हुई हैं तब से हमेशा अपने क्षेत्र के मुद्दों को लेकर बोकारो जिला परिषद सदन में मुखर होकर आवाज उठाती हैं। साथ ही अपने निजी सेवा के माध्यम से अपने जिला परिषद क्षेत्र के ग्रामीणों को सभी सुख दु:ख में शामिल होती हैं साथ ही सामाजिक कार्य में भी भागीदारी निभाती हैं। वहीं बात करें तो मृतक आश्रित को लेकर खुशबू महतो अपने पति पूर्व जिला परिषद सदस्य सह युवा आजसू राज्य संयोजक टिकैत कुमार महतो की वजह से मसीहा साबित होती हैं क्योंकि किसी भी जाति धर्म के मृतक आश्रित को जिप सदस्य राशन सामग्री का सहयोग करते रहती हैं। वहीं बात करें अभी वर्तमान में तो जिप सदस्य कुमारी खुशबू का नयी सोच आगे आयी है। गौर करें तो जिप सदस्य अब अपने जिला परिषद क्षेत्र के सभी कार्य को देखते हुए घर में समय निकाल कर पिछले एक वर्ष से बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने लगी हैं। यह वैसे बच्चे हैं जिनके परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है और बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाकर ट्यूशन फीस देने के सक्षम नहीं हैं वैसे बच्चों को जिला परिषद सदस्य अपने घर में रोज शाम 4 बजे से 6 बजे तक दो घंटा रोजाना बच्चों को ट्यूशन पढ़ाती हैं। वहीं बात करें जिला परिषद कुमारी खुशबू की तो खुद सीबीएसई बोर्ड के स्टूडेंट रही हैं।

### आउटसोर्सिंग कर्मचारी विभिन्न मांगों को लेकर 18 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**बेरमो /तेनुघाट।** आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के द्वारा मानदेय, इपीएफ, इएसआई का भुगतान की मांग को लेकर मंगलवार 18 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल किया गया है। जिसमें अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट में कुल 24 आउटसोर्सिंग कर्मी हड़ताल पर मौजूद थे। इस बारे में उपस्थित हड़ताल पर गए कर्मियों ने बताया कि हमलोगों का वेतन भुगतान पिछले लगभग 7/8 महीने से नहीं मिला है। जिसे लेकर हम सभी ने कई बार वरीय अधिकारियों को भी जानकारी दी, मगर इस पर कोई भी सुनवाई नहीं हो रही है। जिसे लेकर बोकारो जिला अंतर्गत सभी स्वास्थ्य संस्थान में हड़ताल में जाने से पहले इसकी जानकारी भी दी जा चुकी है कि आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन भुगतान नहीं हो रहा है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति खराब है। मगर कोई सुनवाई नहीं हो रही है, तब आवेदन देने के बाद आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट के गेट पर सभी आउटसोर्सिंग कर्मी हड़ताल पर थे।

## जीएम ग्राउंड में पांच दिवसीय ग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन खेले सात मैच

- **बेहतर खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सीसीएल अधिकारियों ने किया पुरस्कृत**



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो /कथारा।** बीते सोमवार से सीसीएल कथारा जीएम ग्राउंड में शुरू हुए पांच दिवसीय ग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन यानी मंगलवार को कुल सात प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें कथारा पंचायत के अलावे बांध पंचायत, गोमिया पंचायत, आईईएल पंचायत, बीटीपीएस गोबिन्दपुर पंचायत आदि की फुटबॉल टीमें शामिल हुईं। मौके पर खेल आयोजन समिति के सीसीएल के अनेकों अधिकारी मौजूद थे। ज्ञात हो कि यह टूर्नामेंट का आयोजन सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के कथारा कोलियरी के द्वारा इनवायरमेंट को बढ़ावा देने और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से सीसीएल द्वारा आयोजित करवाया जा रहा है। आज की तमाम प्रतियोगिता के संपन्न होने के उपरांत मौजूद अधिकारियों ने बेहतर खेल प्रस्तुत करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

बताते चलें कि अभी यह टूर्नामेंट 21 मार्च तक चलना है और उसी दिन सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेला जायेगा।

## केरल पंचायती राज मॉडल व्यवस्था झारखंड में होनी चाहिए : सुनिता

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** बोकारो जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी समेत 16 जिलों के जिला परिषद अध्यक्ष का तीन दिवसीय प्रशिक्षण एवं केरल पंचायतीराज मॉडल का जायजा। ग्राम पंचायत/जिला परिषद क्षेत्र का दौरा कर फंड,फंक्शन,गांवों के विकास और फंक्शनरीज का तकनीकी का लेंगे महत्वपूर्ण जानकारी। झारखण्ड के पंचायती राज व्यवस्था का कमान संभाल रहे जिला परिषद अध्यक्ष गण केरल के पंचायती राज व्यवस्था का शैक्षणिक भ्रमण कर जानकारी ग्रहण के लिए केरल में तीन दिवसीय आवासीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए झारखण्ड के 17 जिलों के जिला परिषद अध्यक्ष केरल पहुंचा चुके हैं। जिसमें बोकारो से जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी भी इस भ्रमण टीम में शामिल हैं। उन्होंने जानकारी दी कि पंचायती राज व्यवस्था का केरल मॉडल होना चाहिए। केरल में पंचायती राज व्यवस्था काफी बेहतर है और वहां के जनप्रतिनिधियों को योजनाओं का क्रियान्वयन से लेकर योजना निर्माण और फंड का इस्तेमाल में तकनीकी और भौतिक रूप कोई कठिनाई नहीं होती है। सुनीता देवी ने यह भी बताया कि केरल इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल एडमिनिस्ट्रेशन के जरिये तीन दिनों तक शैक्षणिक भ्रमण में बहुत कुछ जानकारी मिली है जिसे मैं बोकारो जिला के पंचायती राज के सभी जनप्रतिनिधियों से शेयर करूंगी। उन्होंने बताया कि केरल के एक ग्राम पंचायत और जिला परिषद का दौरा किया मैंने देखा कि केरल के पंचायती राज गांव में नगर निगम की तरह गांव को सजाने एवं विकास करने का मौका यहां की सरकार पंचायत के प्रतिनिधियों को देती है। इसमें जिला परिषद सदस्य के अंतर्गत फंड, सम्मान की कोई कमी नहीं होती है। साथ ही फंक्शन और फंक्शनरीज के बारे में जानकारी दी गयी।

इस शैक्षणिक भ्रमण से झारखण्ड के पंचायती राज व्यवस्था के जिले में कमान संभाल रहे जिला परिषद अध्यक्षों को तकनीकी रूप से केरल मॉडल का लाभ अपने झारखंड के गांव में होना चाहिए।

## पेज एक का शेष

### कल्याण की जगह...

लेकिन ऐसा कतई नहीं होगा। उन्होंने कहा कि चुनावी वर्ष में इस योजना को रोकने के लिए पीआईएल गैंग भी एक्टिव हो गये थे। चुनाव में महिलाओं ने हमारा साथ दिया। इतनी बड़ी राशि जुटाना बेहद मुश्किल काम था। सीएम और वित्त मंत्री ने इस काम को पूरा किया। अब सबके खाते में पैसे जा रहे हैं। उन्होंने केंद्र से वृद्ध, विधवा और दिव्यांग को 1,500 रु. प्रति माह पेंशन देने का आग्रह किया।

### दुनिया ने महाकुंभ के रूप...

पीएम ने कहा कि महाकुंभ का उत्साह डेढ़ महीने तक दिखा। लोग सुविधाओं और चिंताओं से ऊपर उठकर इसमें शामिल हुए।

**युवा पीढ़ी परंपराओं को गर्व से अपना रही :** पीएम ने जोर देकर कहा कि आज की युवा पीढ़ी अपनी परंपराओं को गर्व के साथ अपना रही है, जो देश की बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा, देशभर से लोग प्रयागराज आये। अलग-अलग भाषाएं बोलने वाले, अलग-अलग राज्यों के लोग संगम तट पर जुटे। वहां छोटे-बड़े का कोई भेद नहीं था। मैं नहीं, हम की भावना दिखी। महाकुंभ में यवाओं की भागीदारी काफी अधिक रही।

**महाकुंभ से कई प्रेरणाएं मिली :** पीएम कहा कि महाकुंभ से देश को कई प्रेरणाएं मिली हैं, जिनमें एकता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण भी शामिल है। नदियों के संकट पर चिंता जताते हुए कहा, हमारे देश में कई नदियां हैं, लेकिन कुछ संकट में हैं। हमें नदी उत्सवों को बढ़ावा देना होगा ताकि आज की पीढ़ी पानी के महत्व को समझे।

पीएम मोदी ने कहा, महाकुंभ की सफलता में जनता, प्रशासन और श्रद्धालुओं का योगदान सराहनीय है। मैं विशेष रूप से यूपी की जनता और प्रयागराजवासियों का धन्यवाद करता हूं। जैसे गंगा को धरती पर लाने के लिए कठिन प्रयास किए गए थे, वैसे ही महाकुंभ को भव्य बनाने के लिए भी देशभर से लोगों ने मेहनत की है।

### आधार से लिंक...

इस मामले पर यूआइडीएआइ और इसीआइ एक्स्पट्र्स के बीच तकनीकी परामर्श जल्द ही शुरू होगा। इसलिए, यह निर्णय लिया गया कि इपीआइसी को आधार से जोड़ने का काम केवल संविधान के अनुच्छेद 326, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 23(4), 23(5) और 23(6) के प्रावधानों के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुरूप किया जायेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने लंबे समय से लंबित चुनावी चुनौतियों का समाधान करने के लिए कई सक्रिय और निर्णायक उपाय शुरू किये हैं, जिनमें से कुछ दशकों से अनसुलझे हैं। चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार इन कदमों का उद्देश्य आगामी चुनावों से पहले चुनावी प्रक्रिया में ट्रांसपेरेंसी, इंक्लूसिविटी और एफिशिएंसी बढ़ाना है। चुनाव आयोग 31 मार्च 2025 से पहले निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों, जिला चुनाव अधिकारियों और मुख्य चुनाव अधिकारियों के स्तर पर सर्वदलीय बैठकें आयोजित करने के लिए तैयार है. इस पहल का उद्देश्य चुनाव प्रबंधन के हर स्तर पर राजनीतिक दलों के साथ सीधे जुड़ाव को बढ़ावा देना है, यह सुनिश्चित करना है कि उनकी चिंताओं और सुझावों को जमीनी स्तर पर सुना जाए.

# वार्ता के बाद चक्का जाम आंदोलन 20 अप्रैल तक लिया वापस

- **एनसीओइए का प्रबंधन के साथ हुई 21 सूत्री एजेंडा वार्ता**

खबर मन्त्र संवाददाता



**करगली (बेरमो)।** एनसीओइए (सीटू) का सीसीएल बीएंडके प्रबंधन के साथ 21 सूत्री एजेंडा वार्ता हुई। सकारात्मक वार्ता के बाद एनसीओइए के द्वारा 19 मार्च से होने वाले सड़क जाम आंदोलन को 20 अप्रैल तक स्थगित कर कर दिया गया है। इस बैठक में प्रबंधन के तरफ से मुख्य रूप से सीसीएल बीएंडके जीएम चितरंजन कुमार उपस्थित रहे। वहीं यूनियन की तरफ से क्षेत्रीय केंद्रीय सचिव विजय भोई सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में पूर्व में 20 जनवरी 2025 को दिए गए एजेंडा पर क्रमवार वार्ता हुई। इसमें यूनियन के तरफ से मांग की गयी कि क्षेत्र में चल रहे सभी हायर्ड व्हीकल के चालकों तथा आउट सोर्स में लगे कर्मियों का हाई पावर कमेटी द्वारा निर्धारित वेतनमान दिया जाए। बोकारो कोलियरी विस्तार के क्रम में चार नंबर में शिफ्टिंग किये जा रहे असंगठित मजदूरों को किसी एक जगह दो कमरों का मकान सारी बुनियादी सुविधाओं के साथ दिया जाए। 9:3:0 के तहत मृतक मजदूर के आश्रित को समय पर नियुक्ति नहीं हो रही है। इसके लिए एसओपी गाइडलाइन को हर हाल में लागू किया जाए। मृतक या सेवानिवृत्त मजदूरों का हर तरह का बकाया अतिशीघ्र दिया जाए। क्षेत्रीय अस्पताल करगली में चिकित्सक, पारा मेडिकल स्टाफ, नर्स, एक्सरे सुविधा सहित अन्य चिकित्सा संबंधित व्यवस्था में सुधार किया जाए। कर्मियों को समय अनुसार प्रमोशन दिया जाए। इसके अलावा प्रदूषण, पानी की व्यवस्था, जर्जर आवास, कॉलोनियों में 24 घंटे लाइट की व्यवस्था, क्षेत्र में किन-किन यूनियन के कार्यालय तथा उनके पदाधिकारी के नाम पर कितने आवास आवंटित हैं उसकी समुचित जानकारी सहित कई मांगे रखी गईं।

जीएम श्री कुमार ने सभी मांगों को मजदूरों के हित में बताते हुए अतिशीघ्र निष्पादन करने की बात कही। कहा कि अभी प्रोडक्शन का महीना चल रहा है। देश को कोयले की अति आवश्यकता है। इस कारण आप लोग कोयला उत्पादन में अपना सहयोग दें।

विजय भोई ने कहा कि प्रबंधन के साथ वार्ता सकारात्मक रही। जीएम ने सभी मांगों पर सकारात्मक पहल की है। इस कारण 19 मार्च का चक्का जाम आंदोलन 20 अप्रैल तक वापस लिया जाता है। उस समय तक देखा जाएगा कि प्रबंधन की तरफ से हमारी मांगों पर क्या सकारात्मक पहल की जा रही है। उसके बाद चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा।

मौके पर कारो पीओ सुधीर कुमार सिन्हा, बोकारो पीओ नवनीत कुमार सिंह, एसओ ईएंडएम जयशंकर प्रसाद, एसओ सिविल सतीश कुमार सिन्हा, भू एवं राजस्व अधिकारी बीके ठाकुर, सीएसआर अधिकारी संजीत कुमार, कार्मिक प्रबंधक पीएन सिंह, मिस सुजाता, संतोष दास रत्नाकर, रवि प्रकाश यादव, यूनियन के तरफ से क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोज पासवान, जिला उपाध्यक्ष (सीटू) गोवर्धन रविदास, श्याम नारायण सतनामी, केशोचंद्र मंडल, सुरेश कुमार, शिव शंकर तांती, धर्मेंद्र कुमार, कुणाल कुमार, जानकी साव, तपन गोस्वामी, वरुण कुमार, राजेंद्र रवानी, राहुल पासवान, धनेश्वर घासी, मोहम्मद मुस्ताक, मनोज शर्मा, कुलेश्वर राय, चंद्रिका मल्लाह, रविकांत कुमार, राजेश गिरि, सागर तुरी, मनोज कुमार, छोटेलाल सेनापति, अशोक सिंह, जोगेश राम, शेखर साहनी, राजेश बागरा, राहुल कुमार, भानु पंडित आदि उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## शेख हसीना परिवार के 31 खाते होंगे फ्रीज

**ढाका।** बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के दौरान अपदस्थ हुईं पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना, उनके पुत्र साजिब वाजेद जॉय, बेटी साइमा वाजेद पुतुल और बहन शेख रेहाना के हितों से जुड़े 31 बैंक खातों को अदालत ने फ्रीज करने का आदेश दिया है। इन खातों में जमा रकम 394 करोड़ 60 लाख 72 हजार 805 टका है। ढाका शहर के वरिष्ठ विशेष न्यायाधीश जाकिर हुसैन की अदालत ने मंगलवार को भ्रष्टाचार निरोधक आयोग के अलग आवेदन पर सुनवाई करने के बाद यह आदेश पारित किया।

## सीरिया और लेबनान सीजफायर पर सहमत

**दमिश्क।** सीरिया और लेबनान गोलीबारी में 10 लोगों की मौत और 50 से ज्यादा के घायल होने के बाद अंततः संघर्ष विराम पर सहमत हो गए। दोनों देश आपसी सहयोग बढ़ाने पर भी राजी हुए हैं। सीमा पार से हुए हमलों में 10 लोगों की मौत और 50 से अधिक लोगों के घायल होने के बाद सीरिया और लेबनान के रक्षामंत्रियों ने सोमवार को संघर्ष विराम पर सहमति जताई।

## मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान तीन अलग-अलग घटनाओं में पुलिस ने तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सुरक्षा बलों ने इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल-पीएस के अंतर्गत मैरी कॉम क्षेत्रीय मुक्केबाजी फाउंडेशन के पास लांगोल गेम विलेज जोन 3 से आरपीएफ/पीएलए के एक सक्रिय कैडर को गिरफ्तार किया।

## अहमदाबाद में 80 करोड़ रुपये का सोना बरामद

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने राज्य के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) के साथ संयुक्त कार्रवाई में 80 करोड़ रुपये का सोना, 1.37 करोड़ रुपये नकद और 11 लक्जरी घड़ियां जब्त की हैं। एटीएस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि तस्करी के खिलाफ एक महत्वपूर्ण सफलता हासलि की है। डीआरआई के अधिकारियों ने एटीएस के अधिकारियों के साथ मिलकर सोमवार को पालडी में एक फ्लैट की तलाशी ली।

## नौसेना को जल्द मिलेंगे दो युद्धपोत

**कोलकाता।** भारतीय नौसेना को जल्द ही दो और आधुनिक युद्धपोत मिलने वाले हैं। गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स ने उन्नत स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस हिमगिरि और एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट आईएनएस अंद्रोथ का समुद्री परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा होने की घोषणा की है। दोनों युद्धपोतों ने तीन मार्च को कॉन्ट्रैक्टर सी ट्रायल (सीएसटी) पूरा किया।

# गाजा में इजरायल की एयरस्ट्राइक, 400 से अधिक मरे

## हमास के ठिकानों पर की ताबड़तोड़ बमबारी, 562 से अधिक घायल

एजेंसी

**गाजा पट्टी ।** गाजा में इजरायली हवाई हमलों ने भारी तबाही मचाई है। घातक बमबारी में 400 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। इस बीच इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) और इजरायल सुरक्षा एजेंसी (शिन बेट) ने बताया कि गाजा पट्टी में आतंकवादी ठिकानों' पर उनके हमले जारी है। यहूदी राष्ट्र की इस मिलिट्री कार्रवाई से युद्धविराम समझौते के पूरी तरह टूटने का खतरा पैदा हो गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गाजा के हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक एक दिन में सबसे बड़ी संख्या में 404 लोगों की मौत हुई है। मंत्रालय ने कहा कि मरने वालों में कई बच्चे शामिल हैं। हमलों में 562 लोग घायल हुए हैं। हमलें शुरू होने के बाद आईडीएफ ने नए निकासी आदेश जारी किए। लोगों को बेत हनून, खुजा, और अबासन अल-कबीरा और अल-जदीदा के क्षेत्रों को

- बंधकों के परिवार चिंतित नेतन्याहू से मिलने की मांग
- आइडीएफ ने कई इलाकों से नागरिकों को बाहर निकलने का दिया आदेश

छोड़ने के लिए कहा जा रहा है। एक आईडीएफ प्रवक्ता ने एक्स पर कहा कि उन्हें पश्चिमी गाजा शहर और खान यूनिस में शेल्टर में 'तुरंत' चले जाना चाहिए। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि इजरायल 'हमास के खिलाफ सैन्य ताकत बढ़ाकर कार्रवाई करेगा।' बयान में उस पर बंधकों को रिहा करने से इनकार करने और युद्धविराम को आगे बढ़ाने के प्रस्तावों को अस्वीकार करने का आरोप लगाया। वहीं हमास ने इजरायल पर 'रक्षाहीन नागरिकों' पर हमला करने का आरोप लगाया। फिलिस्तीनी ग्रुप ने कहा कि मध्यस्थों को युद्धविराम का 'उल्लंघन करने और उसे



पलटने के लिए इजरायल को पूरी तरह से जिम्मेदार' ठहराना चाहिए। चश्मदीदों ने बताया कि हवाई हमलों में गाजा पट्टी के उत्तर से दक्षिण तक के नागरिकों के घर और शिविरों को नुकसान पहुंचा और इजरायली टैंकों ने सीमा रेखा पार कर क्षेत्र में गोलाबारी की। गाजा में इजरायल के हवाई हमलों ने जीवित बंधकों के परिवारों की उम्मीदों को तोड़ दिया है। परिजनों का कहना है कि इजरायली मिलिट्री एक्शन से उनका सबसे बड़ा डर सच साबित हुआ है। बंधकों और लापता परिवारों के फोरम की ओर से कहा गया कि परिवारों, अपहृत लोगों और इजरायल के नागरिकों का सबसे बड़ा डर सच हो गया है। इजरायली सरकार ने बंधकों को उनके हाल पर छोड़ने का फैसला किया। हैरानी और गुस्सा जताया गया कि हमारे प्रियजनों को वापस लाने की प्रक्रिया को जानबूझकर खत्म किया जा रहा है।

### अस्पतालों में कम पड़े जगह, नहीं मिल रहा बेड़

गाजा शहर के अल-शिफा अस्पताल के मोहम्मद अबू सल्मिया ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमारे अस्पताल घायलों की बढ़ती संख्या को समायोजित करने में असमर्थ हैं। ऑपरेटिंग रूम पूरी तरह से भरे हुए हैं और घायलों को बिस्तर नहीं मिल पा रहा है। इस हमले ने पहले से ही दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की भारी कमी से जूझ रही स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को झटका दिया है। एक अन्य अस्पताल की डॉक्टर ने कहा कि मृतकों में बच्चे भी शामिल हैं।

## पाक में छह आतंकी ढेर एक पुलिसकर्मी की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सर्वाधिक अशांत प्रांत खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकी हमले नहीं रुक रहे। पिछले 24 घंटों में ऐसे ही एक हमले में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई और छह आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि हथियारबंद मोटरसाइकिल सवारों ने बन्नू में मीरामशाह रोड पर हेड कांस्टेबल अरमान खान को निशाना बनाया। पुलिसकर्मी न्यायिक परिसर में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात था। डान अखबार की खबर में यह भी बताया गया है कि लक्की मरवात पुलिस ने रविवार देर रात सेराई गाम्बिला कस्बे में एक पुलिस स्टेशन पर हुए आतंकवादी हमले को विफल कर दिया। आतंकवादियों से करीब 15 मिनट तक चली मुठभेड़ में सभी पुलिसकर्मी सुरक्षित रहे। पुलिस ने दो दिन के अभियान के बाद कुर्रम पार इलाके में आतंकवादियों के पहाड़ी ठिकानों को नष्ट करने का दावा किया है। आतंकवादियों ने दादिवाला पुलिस स्टेशन और अब्बास खट्टक पुलिस चौकी पर हमला किया था।

# शेयर बाजार में तूफानी तेजी

## सेंसेक्स 1131 और निफ्टी ने लगाई 325 अंक की छलांग

एजेंसी

मुंबई । चीन की अर्थव्यवस्था को लेकर बढ़ते आशावाद से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत मंगलवार शेयर बाजार तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1131.31 अंक अर्थात 1.53 प्रतिशत की छलांग लगाकर तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर 75 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 75,301.26 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले 21 फरवरी को यह 75,311.06 अंक पर रहा था। निफ्टी 325.55 अंक यानी 1.45 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,834.30 अंक हो गया। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे मंगलवार को बाजार को पंख लग गए। इससे मिडकैप 2.10 प्रतिशत मजबूत होकर

- निवेशकों ने एक दिन में 7.22 लाख करोड़ कमाया
- सेंसेक्स 1.53 फीसदी छलांग लगाकर 75,301 पर पहुंचा

40,189.53 अंक और स्मॉलकैप 2.73 प्रतिशत की उड़ान भरकर 45,031.45 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4159 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2815 में लिवाली जबकि 1221 में बिकवाली हुई वहीं 123 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 47 कंपनियां हरे जबकि अन्य तीन लाल निशान पर बंद हुईं।

शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 7 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन बढ़ कर 400.02 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया।



जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 392.80 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को करीब 7.22 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया। विश्लेषकों के अनुसार, चीन की अर्थव्यवस्था को लेकर बढ़ते आशावाद और एशियाई बाजारों में मजबूती के चलते मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार के दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी ने तेजी के साथ कारोबार किया। हालांकि, अमेरिका में टैरिफ बढ़ोतरी, फेडरल रिजर्व के बुधवार को ब्याज दर पर आने वाले फैसले और मौजूदा भू-राजनीतिक जोखिमों के कारण निवेशक सतर्कता बरत रहे हैं। बीएसई के सभी 21 समूहों का रुझान सकारात्मक रहा। इससे कमोडिटीज 1.63, सीडी 2.76, ऊर्जा 0.59, एफएमसीजी 1.44, वित्तीय सेवाएं 2.09, हेल्थकेयर 1.87, इंडस्ट्रियल्स 2.79, आईटी 1.41, दूरसंचार 0.53, यूटिलिटीज 1.99, ऑटो 2.42, बैंकिंग 1.98, कैपिटल गुड्स 2.44, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.57, धातु 1.92, तेल एवं गैस 0.88, पावर 2.27, रियल्टी 2.95, टेक 1.01, सर्विसेज 1.52 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.32 प्रतिशत चढ़ गए।


### ये हैं टॉप गेनर्स

मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में जोमैटो 7.11, आईसीआईसीआई बैंक 3.25, महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.07, टाटा मोटर्स 2.86, एलटी 2.77, सन फार्मा 2.49, एशियन पेंट 2.42, टाइटन 2.23, कोटक बैंक 2.10, एसबीआई 1.99, टाटा स्टील 1.88, अडानी पोर्ट्स 1.88, एनटीपीसी 1.75, और टीसीएस 1.58 प्रतिशत शामिल रही। अल्ट्रासिम्को 1.44, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.41, नेस्ले इंडिया 1.38, एचडीएफसी बैंक 1.36, पावरग्रिड 1.31, मारुति 1.22, बजाज फाइनेंस 1.16, इंफोसिस 1.15, एक्सिस बैंक 1.02, एचसीएल टेक 0.83, इंडसइंड बैंक 0.70 और आईटीसी के शेयर भी 0.39 प्रतिशत के लाभ में रहे।

# हूतियों की एक-एक गोली का हिसाब ईरान से लेंगे : ट्रंप

**हूतियों ने लाल सागर से गुजरने वाले अमेरिका और इजरायल के जहाजों पर लगातार हमले किये**

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि यमन के हूती विद्रोहियों की ओर से होने वाले किसी भी हमले के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराएगा। ट्रंप की ओर से सोमवार को ईरान को यह धमकी दी गई है। अमेरिका की ओर से यमन में हवाई हमले करने और हूती विद्रोहियों के लाल सागर में जवाबी अटैक के बाद ट्रंप की यह धमकी आई है। हूतियों ने हमास के समर्थन के लिए लाल सागर से गुजरने वाले अमेरिका और इजरायल के जहाजों पर लगातार हमले किए हैं। अमेरिका का कहना है कि इस गुट को ईरान से मदद मिल रही है। अमेरिका ने हूतियों को निशाना बनाने की बात कहते हुए बीते हफ्ते यमन में भीषण हवाई हमले किए हैं। इसके बाद हूतियों ने भी लाल सागर में अमेरिकी युद्धपोत पर हमला किया है। हूतियों ने दावा किया है कि उसके लड़ाकों ने 24 घंटे में दो बार अमेरिकी विमानवाहक पोत हैरी ट्रूमैन और उसके साथ के युद्धपोतों को निशाना बनाया। ट्रंप ने कहा कि हूतियों की ओर से चलने वाली हर गोली के लिए ईरान जिम्मेदार होगा। ईरान को इसके परिणाम भुगतने होंगे। ट्रंप ने कहा कि हूतियों के दागे गए हर शॉट को ईरान के हथियारों और नेतृत्व से दागा गया माना जाएगा।



# राबड़ी देवी और तेज प्रताप यादव से इडी ने की पूछताछ

- इडी ने राबड़ी देवी से पूछा, रेलवे में नौकरी देने के लिए पति से कोई पैरवी की थी
- आज लालू प्रसाद से होगी पूछताछ

पटना। जमीन के बदले नौकरी घोटाले मामले में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनके पुत्र व पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव से इडी ने मंगलवार को लंबी पूछताछ की। राबड़ी देवी से करीब चार घंटे जबकि तेज प्रताप यादव से पांच घंटे तक ईडी की पूछताछ चली। इस मामले में 19 मार्च को पूर्व रेल मंत्री और राजद प्रमुख लालू प्रसाद से भी पूछताछ संभव है। राबड़ी देवी से यह भी पूछा गया कि पहली बार उन्होंने जमीन देने वालों से कब मुलाकात की। संबंधित लोगों को नौकरी देने के लिए उन्होंने क्या रेल मंत्री और पति लालू प्रसाद से कोई पैरवी की थी। सूत्रों ने बताया कि ईडी की टीम ने राबड़ी से तेजस्वी के दिल्ली स्थित फ्रेंड्स कॉलोनी के बंगले, पटना के सगुना मोड़ स्थित अपार्टमेंट की जमीन और उसके निर्माण के साथ ही निर्माण में लगी राशि के स्रोत के बारे में भी सवाल किए गए। राबड़ी देवी ने अधिकांश सवालों को उन्हें जानकारी नहीं कहकर टाल दिए। तेज प्रताप से भी ईडी अधिकारियों ने जानने की कोशिश की कि उन्हें जमीन के बदले नौकरी घोटाले के बारे में पहली बार कब जानकारी मिली।

## पटना के कंकड़बाग में दिन दहाड़े एक करोड़ रुपये की लूट

**पटना।** कंकड़बाग के अशोक नगर में दिन दहाड़े मंगलवार को अपराधियों ने एक करोड़ रुपये लूटा। लूट के बाद लुटेरे नवादा की तरफ फरार हो गए हैं। नीतीश और महेश नाम के दो व्यक्तियों को गुप्ता नाम के जमीन दलाल ने जमीन दिखाने के लिए बुलाया था। इस दौरान नीतीश और महेश के पास 50-50 लाख रुपये को दो बैग थे। वह लगातार प्रॉपर्टी डीलर के संपर्क में थे। जब वह जमीन देख रहे थे, इसी दौरान लुटेरे वहां पहुंच गए और हथियार दिखाकर पैसों से भरा बैग लेकर फरार हो गए।

## नागपुर में हिंसा के बाद 10 थाना क्षेत्रों में लगा कर्फ्यू

नागपुर । महाराष्ट्र के नागपुर में दो समूहों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद दस पुलिस थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को इस बारे में जानकारी दी। कोतवाली, गणेशपेठ, लकड़गंज, पचपावली, शांतिनगर, सक्करदरा, नंदनवन, इमामबाड़ा, यशोधरा नगर और कपिल नगर पुलिस थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगाया गया है। नागपुर के पुलिस आयुक्त डॉ. रविंदर कुमार सिंघल ने एक आदेश जारी करते हुए कहा कि यह कर्फ्यू आधी रात से लागू हो गया है और अगले आदेश तक जारी रहेगा। पुलिस को प्रभावित इलाकों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सड़कें बंद करने का अधिकार दिया गया है। कर्फ्यू का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति पर भारतीय दंड संहिता की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आयुक्त ने कहा कि फिलहाल स्थिति शांत है।

|| गंगा लाभ ||



मान्यवर,
अपार दुःख के साथ सुचित कर रहे हैं कि मेरे पुज्यनीय माताजी
बिन्दु देवी का स्वर्गवास दिनांक 10.03.2025 को हो गया था। वह अपने पीछे तीन पुत्र और एक पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गयी हैं।
अतः आप उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर हमें अनुगृहीत करें।

कार्यक्रम
दिनांक 12.03.2025 दिन बुधवार : तीन
दिनांक 16.03.2025 दिन रविवार सातकर्मा
दिनांक 19.03.2025 दिन बुधवार दसकर्मा
दिनांक 20.03.2025 दिन गुरुवार ग्याखाँ
दिनांक 21.03.2025 दिन शुक्रवार बारवाँ, ब्राह्मणभोज एवं कुटुम्भभोज
दोपहर 2:30 बजे से आपके आगमन तक।

कार्यक्रम स्थल : ग्राम-तिगरा टिकरा टोली,
पो०-गुडू, थाना-रातू, जिला-राँची (झारखंड)
मो: 9955283039, 9091132113

विनीत :
लक्ष्मण महतो,
राम महतो एवं जय महतो

# सुनीता विलियम्स को स्पेस से लेकर रवाना हुआ ड्रैगन क्राफ्ट

## नौ महीने बाद अंतरिक्ष से धरती कदम रखेंगी भारतीय मूल की वैज्ञानिक

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स अपने क्रू मेंबर बूच विल्मोर, निक हेग और रूसी कॉस्मोनॉट अलेक्जेंडर गोर्बुनोव के साथ स्पेस से पृथ्वी पर लौट रही हैं। उनका धरती की तरफ सफर शुरू हो गया है। सुनीता नौ महीने का समय अंतरिक्ष में बिताने के बाद भारतीय समय के हिसाब से बुधवार तड़के धरती पर आएंगी। सुनीता विलियम्स और उनके साथियों की वापसी स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन क्राफ्ट से हो रही है। सुनीता विलियम्स और सुनीता विलियम्स को लेकर ड्रैगन क्राफ्ट भारतीय समय के हिसाब से बुधवार तड़के 3:27 बजे लैंड करेगा। इसका दुनियाभर में लाइव प्रसारण भी होगा।

नासा ने बताया है कि स्पेसएक्स ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट आईएसएस से सफलतापूर्वक अनडॉक हो गया है, यानी उसकी धरती की तरफ 17 घंटे की यात्रा शुरू हो गई है। 18 मार्च को सुबह 10:35 बजे क्राफ्ट की अनडॉकिंग हुई। ड्रैगन हामोर्नी मॉड्यूल पर स्टेशन के आगे की ओर वाले पोर्ट से अलग हो गया और नियंत्रित थ्रस्टर फायरिंग के तहत धीरे-धीरे दूर चला गया। कैप्सूलअपने महत्वपूर्ण सिस्टम जांच करेगा और बुधवार की सुबह के लिए निर्धारित डीऑर्बिट बर्न के लिए तैयार होगा।ड्रैगन कैप्सूल पृथ्वी के वायुमंडल में फिर से एंट्री करेगा तो उसे 19 मार्च को भारतीय समयानुसार सुबह 3:27 बजे अटलांटिक महासागर में सुरक्षित उतरने के लिए पैराशूट तैनात करने से पहले तीव्र गर्मी का सामना करना पड़ेगा।

### मुख्य बातें

- स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन से होगी यात्रियों की लैंडिंग
- भारतीय समय के अनुसार आज सुबह 3:27 बजे लैंड करेगा ड्रैगन क्राफ्ट
- कैप्सूल की फ्लोरिडा में लैंडिंग के बाद सुनीता और क्रू मेंबर को नासा के जॉनसन स्पेस सेंटर, टेक्सास में मेडिकल चेकअप होगा



**रविवार को पहुंचा था ड्रैगन कैप्सूल :** सुनीता विलियम्स को लेने स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन कैप्सूल रविवार को क्रर पर पहुंचा था। नासा ने फाल्कन 9 रॉकेट से क्रू-10 मिशन लॉन्च किया था। यह मिशन क्रर पर नए क्रू को पहुंचाने के लिए था। इससे विलियम्स और उनकी टीम को वापस आने के लिए क्रू ड्रैगन मिल गया। इसके बाद वापसी की प्रक्रिया सोमवार शाम शुरू हुई, जब क्रू ड्रैगन का दरवाजा बंद किया गया। इसके बाद स्पेसक्राफ्ट क्रर से अलग हो गया और पृथ्वी की ओर अपनी यात्रा शुरू कर दी। सुनीता को लेकर आ रहे कैप्सूल की फ्लोरिडा में लैंडिंग के बाद सुनीता विलियम्स और क्रू को नासा के जॉनसन स्पेस सेंटर, टेक्सास ले जाया जाएगा। यहां उनका मेडिकल चेकअप होगा। इसके बाद उन्हें पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के अनुकूल होने में मदद करने के लिए रिकवरी प्रोटोकॉल का पालन कराया जाएगा। साथ ही उनसे मिशन की जरूरी जानकारी भी ली जाएगी।

### लैंडिंग का होगा लाइव प्रसारण

नासा ने घोषणा की है कि सुनीता और उनके साथियों की वापसी का सीधा प्रसारण किया जाएगा। स्पेस से ड्रैगन कैप्सूल की अनडॉकिंग और फिर समुद्र में लैंडिंग को नासा के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर लाइव देखा जा सकता है। नासा ने कहा है कि वह नौ महीने बाद लौट रहे अपने एस्ट्रोनॉट की वापसी को लेकर बहुत उत्साहित हैं।

एक्सपर्ट का कहना है कि धरती पर लौटने के बाद अंतरिक्ष यात्रियों को यहां के माहौल से तालमेल बैठाने में कुछ समय लग सकता है। स्पेस में नौ महीने तक जीरो ग्रेविटी में रहने से पैरों की मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं। ऐसे में उन्हें पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण में चलने में कठिनाई होती है। सामान्य होने में उनको कुछ हफ्ते या महीनों तक रिहैबिलिटेशन की जरूरत होती है।

प्रकाशित

झारखंड अधिविद्य परिषद, राँची द्वारा आयोजित वर्ग-XI की बोर्ड परीक्षा - 2025 के लिए JCERT, राँची द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम (बहुविकल्पीय प्रश्न) पर पूर्णतः आधारित एक अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी प्रश्नों का उत्तर सहित संकलन




कृपया पुस्तक की Cover पर VERMA PRESS PVT. LTD. का Logo और Address देखकर ही पुस्तक खरीदें।
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA
RANCHI (JHARKHAND) - 834 001